निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



नीदरलैंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते स्थानीय कलाकार

• बोकारो, रविवार 17 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 357 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### भुरकुंडा में युवक ने लगाई फांसी

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 29 वर्षीय मोनू सोनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात मोनू अपने किराए के घर में मौजूद था। उसने अपनी पत्नी से जल्दी भोजन बनाने को कहा था लेकिन पत्नी किसी अन्य काम में व्यस्त थी। इसी दौरान मोनू ने अपने बच्चों को घर से बाहर भेज दिया और कमरे में अकेला रह गया। कुछ ही देर बाद उसने घर में लगे लोहे के एंगल में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

### एमबीबीएस के छात्र ने की आत्महत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में एमबीबीएस सेकंड ईयर के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र के शव को उसके ही हॉस्टल के कमरे से बरामद किया गया। घटना रिम्स के हॉस्टल नंबर 8 में हुई जहां एमबीबीएस सेकंड ईयर के छात्र सिमडेगा निवासी अक्षित कुजूर ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खाना खाने के बाद अक्षित अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था। शनिवार की सुबह जब उसके कुछ दोस्त उसके पास पहुंचे तो देखा कि अक्षित मृत पड़ा हुआ है। आनन-फानन में अक्षित को उसके दोस्त इलाज के लिए रिम्स के ही ट्रामा सेंटर ले गए। काफी देर तक डॉक्टरों ने प्रयास भी किया लेकिन अक्षित की मौत हो गई।

### संदिग्ध स्थिति में युवक का शव बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के ढुलसुलमा पहाड़ से पवन कुमार सिंह नामक युवक का शव संदेहास्पद परिस्थितियों में बरामद किया गया है। परिजनों ने पवन की प्रेमिका, उसके पति एवं अन्य परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने पवन की प्रेमिका को हिरासत में लिया है। इस संबंध में डीएसपी राजेश यादव ने बताया कि युवक का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। मृत युवक की प्रेमिका को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा।

### तीन दुकानें जलकर राख

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बगोदर चौक स्थित संकट मोचन मंदिर के पास देर रात अचानक आग लगने से तीन दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देर रात तक गहमागहमी बनी रही। स्थानीय लोगों ने दुकानों से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं, जिसके बाद देखते ही देखते आग ने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय दुकानदार और ग्रामीण बाल्टी, पाइप और अन्य साधनों के जरिए आग बुझाने में जुट गए। काफी देर तक चले प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक तीनों दुकानों का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

## दुनिया के लिए आपदाओं का दशक : पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट

# हालात नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। द हेग में अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज की दुनिया नई चुनौतियों से जूझ रही है। पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब एनर्जी क्राइसिस है। ये दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बन गया है। अगर ये नहीं बदला तो बीते अनेक दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीब हो जाएगी। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है। दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। मोदी



ने नीदरलैंड के हेग शहर में भारतीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत बड़े सपने देख रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अब एआई और सेमीकंडक्टर यानी कंप्यूटर चिप बनाने जैसे क्षेत्रों में भारत को आगे ले जाना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और तकनीक व डिजिटल क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। देश के नए स्टार्टअप एआई, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अच्छा काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में बड़ा एआई सम्मेलन आयोजित किया था। इससे पहले जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भी सफलतापूर्वक की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नीदरलैंड के रिश्तों की तुलना कमल और ट्यूलिप फूल से की। उन्होंने कहा कि जैसे नीदरलैंड पूरी दुनिया में ट्यूलिप फूलों के लिए मशहूर है, वैसे ही भारत कमल के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कमल और ट्यूलिप दोनों हमें एक खास सीख देते हैं। चाहे जड़ें पानी में हों या मिट्टी में, असली ताकत और खूबसूरती अपनी जड़ों से ही मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और नीदरलैंड के संबंध भी इसी तरह मजबूत हैं और दोनों देश मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। मोदी कहा कि डच नेतृत्व हमेशा भारतीय समुदाय की तारीफ करता है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड की समाज और अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान पर हर भारतीय को गर्व है। द हेग में आयोजित भारतीय समुदाय कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि जब भी मेरी नीदरलैंड के नेतृत्व से बातचीत हुई, उन्होंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय ने मेहनत और प्रतिभा के दम पर नीदरलैंड में अपनी अलग पहचान बनाई है।

# बस ने बाइक सवार तीन दोस्तों को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर-सोनुवा मेन रोड पर सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना कॉन्सेप्ट पब्लिक स्कूल के पास हुई जहां तेज रफ्तार साईं रथ बस ने बाइक सवार तीन दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार चेलाबेड़ा गांव निवासी कृष्णा नायक अपने दो दोस्तों गणेश नायक और श्यामलाल के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर सोनुवा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को तुरंत चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। एक साथ तीन युवकों की मौत की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक कृष्णा नायक के पिता मोनो नायक ने बताया कि उनका बेटा गम्हरिया की एक कंपनी में काम करता था और शुक्रवार को ही छुट्टी लेकर घर आया था। वह अपने दोस्तों को तोयरा गांव में लगे मेले में छोड़ने जा रहा था तभी यह हादसा हो गया। चक्रधरपुर थाना पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बीते 24 घंटों के दौरान हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना शनिवार सुबह हंटरगंज थाना क्षेत्र के समीप हुई जहां कांग्रेस नेता श्रवण साव की माता मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला का शव कई टुकड़ों में बंट गया। दूसरी घटना शुक्रवार देर शाम की है। हादस कुल्लू मोड़ पर हुई जहां आजाद नगर निवासी 21 वर्षीय मो. रेहान को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।

# गांजा के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के जसीडीह और कुण्डा थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी कर छह मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में लगभग 20.760 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से नकदी, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जसीडीह रेलवे स्टेशन के पीछे चटर्जी बगान और कुण्डा थाना क्षेत्र के नैयाडीह मैदान के आसपास मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री हो रही है। इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने जंगल और सुनसान इलाकों में कार्रवाई करते हुए कई पैकेट में रखा गांजा बरामद किया और मौके से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विकास कुमार मंडल, राजेश यादव, रामदेव महथा, दिनेश शाह, परशुराम मंडल और योगेंद्र मंडल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 28,500 रुपए नकद, कई मोबाइल फोन, पहचान पत्र और एक यामाहा एफजेडएस बाइक भी मिली। पुलिस जांच में कुछ आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

# व्यवसायी हत्याकांड का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के बारियातु थाना क्षेत्र में 10 मई को मिले अज्ञात शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। शव की पहचान ओडिशा के पुरी जिले के 50 वर्षीय फल व्यवसायी शेख शदाकत अली के रूप में हुई है। इस मामले में लूट के इरादे से हत्या करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार नावावीह गांव स्थित एनएच-22 से करीब 200 मीटर दूर पुलिया के नीचे से शव बरामद किया गया था। मृतक की पहचान सोशल मीडिया और तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से की गई। गिरफ्तार आरोपियों में लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र निवासी इकबाल अंसारी (30) और अवध कुमार साहु



उर्फ माधु शामिल हैं। बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि शेख शदाकत अली अपनी महिंद्रा पिकअप वाहन से फल का व्यापार करते थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने लूट के इरादे से पहले मृतक को शराब और गांजा पिलाया। इसके बाद गमछे से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। पहचान छिपाने के उद्देश्य से आरोपियों ने मृतक के दोनों हाथ पीछे बांध दिए और उनकी कलाई भी काट दी थी। हत्या के बाद शव को पुलिया के नीचे फेंक दिया गया था। पुलिस ने मृतक की पिकअप वाहन और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। छापेमारी दल में बारियातु और बालूमाथ थाना के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

### प्रेम प्रसंग में युवती की गोली मारकर हत्या

**सिमडेगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के नवाटोली गांव में शनिवार अहले सुबह एक युवती को गोली मार दी गई। गोली लगने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में युवती को लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने युवती की हालत को देखते हुए रांची के रिम्स रेफर कर दिया। परिजन युवती को रांची लेकर जा रहे थे लेकिन युवती ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत युवती की पहचान नवाटोली गांव निवासी मो. हुसैन की 22 वर्षीय पुत्री जेबा परवीन के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गोली युवती के सिर में लगी थी। युवती की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कोलेबिरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।


# जमीन पर सो रहे सगे भाई-बहन की सर्पदंश से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** धनबाद जिला स्थित पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत उकमा पंचायत के कोरैया गांव में शुक्रवार की मध्यरात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां मिट्टी के घर में मां के साथ जमीन पर सो रहे दो सगे मासूम भाई-बहन की जहरीले सांप के डंसने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। हैरान करने वाली बात यह रही कि इस जहरीले सांप को किसी ने आते-जाते या घर के आसपास भी नहीं देखा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोरैया गांव निवासी आदिवासी महिला सितोली सोरेन अपने तीन बच्चों के साथ खपरैल के घर में सोई हुई थी। बड़ा बेटा महावीर सोरेन (12) खटिया पर था जबकि मां अपने दोनों छोटे बच्चों महिमा सोरेन उर्फ माही (7) और रितेश सोरेन (3) के साथ जमीन पर चटाई बिछाकर सोई हुई थी। आधी रात को लगभग 12 बजे अचानक दोनों बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पेट में तेज दर्द और भारी बुखार आ गया। मां ने घबराकर बगल के कमरे में सो रहे वृद्ध सास-ससुर को जगाया। देखते ही देखते दोनों मासूमों के मुंह से झाग निकलने लगा। शोर सुनकर आसपास के पड़ोसी भी जुट गए। परिजनों ने अपने स्तर से करीब 3-4 घंटे तक बच्चों को बचाने का हरसंभव प्रयास किया लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। सुबह करीब 5 बजे परिजन दोनों मूर्छित बच्चों को लेकर एस एन एम एमसीएच, धनबाद भागे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चों के पिता सोमलाल सोरेन तमिलनाडु में मजदूरी करते हैं, जिन्हें इस हादसे की सूचना दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही उकमा पंचायत की मुखिया सुनीता हेंब्रम, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष भीमलाल भंडारी, झामुमो कार्यकर्ता अभिराम मुर्मू और स्थानीय शिक्षक पीड़ित परिवार ढाढस बंधाने पहुंचे। पूर्वी टुंडी पुलिस और अंचल सीआई चंदन कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया जिसके बाद शवों को कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### घर में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत इंदरवा बस्ती के आजाद मोहल्ला में 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रौशन चंद्रवंशी की पुत्री रिया कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना के समय रिया की मां और भाई बाजार गए हुए थे और वह घर पर अकेली थी। जब दोनों बाजार से लौटे तो रिया घर में नहीं दिखी। खोजबीन के दौरान वे दूसरी मंजिल स्थित कमरे में पहुंचे जहां रिया फांसी के फंदे से झूलती मिली। यह देख परिवार में चीख-पुकार मच गई।





# हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 मामला : जेएसएससी ने फाइंडिंग कमीशन के समक्ष सौंपी रिपोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 मामले की जांच में जुटी फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के समक्ष शनिवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियुक्ति से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी गयी है। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी के नेतृत्व में बनी वनमैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन में शनिवार को इस मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान जेएसएससी के द्वारा अब तक हुए नियुक्ति से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सौंपा गया। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से लाए गए रिपोर्ट में विभागीय पत्रांक नहीं होने के कारण इसे कमीशन ने स्वीकार नहीं किया। रिपोर्ट को आगामी सुनवाई के दौरान उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया है। डोरंडा स्थित पुराना हाईकोर्ट परिसर में शनिवार को हुई सुनवाई की जानकारी अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 23 मई यानी शनिवार को निर्धारित किया गया है। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी के नेतृत्व में बनी फैक्ट फाइंडिंग कमीशन इस मामले में तेजी से सुनवाई कर रही है। बीते 2 मई को फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने इस मामले





की सुनवाई प्रारंभ करते हुए सरकार और जेएसएससी को ये आदेश दिया था जिसमें सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के आधार पर स्टेट मेरिट लिस्ट और नियुक्त किए गए। सभी शिक्षकों के नाम, प्राप्तांक नियुक्ति तिथि और संबंधित अन्य जानकारी शामिल है जिसे कमीशन को सुनवाई की अगली तारीख पर शपथ पत्र के माध्यम से फाइल किया जाए। कमीशन द्वारा मांगे गए दस्तावेज मिलने के बाद अब आयोग के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश अनुरूप अब तक नियुक्त हुए हाईस्कूल शिक्षकों की नियुक्ति की जांच प्रारंभ करेगी। हाईकोर्ट के निर्देश पर फैक्ट फाइंडिंग कमीशन को तीन महीने के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया की जांच कर सरकार को अनुशंसा भेजनी है। शनिवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद, जेएसएससी से उपसचिव बशीर अहमद और पिटिशनर की तरफ से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा साल 2016 में हाईस्कूल शिक्षकों के 17 हजार 786 पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। यह नियुक्ति प्रक्रिया शुरू से ही विवादों में रहा है। लंबी कानूनी लड़ाई के दौरान हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी ने 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट और कट ऑफ भी जारी किया था। इस नियुक्ति में जिला स्तरीय मेरिट व राज्य स्तरीय मेरिट के आधार पर नियुक्ति की गई है। जिला स्तरीय नियुक्ति से सैकड़ों वैसे अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं हो पायी जो कट ऑफ से अधिक अंक लाए हुए हैं। उनकी ओर से अपनी नियुक्ति की मांग की गई है। प्रार्थी मीना कुमारी और अन्य की ओर से 258 याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए वनमैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन का गठन किया है जिसकी सुनवाई शनिवार से प्रारंभ हुआ है।

CMYK

# अनुमंडल कार्यालय एवं अस्पताल का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय एवं अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय संचालन, जनसुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सबसे पहले उपायुक्त अनुमंडल कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न शाखाओं एवं कक्षों का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने राजस्व शाखा, निर्वाचन शाखा, नजारत, रिकॉर्ड रूम, जन शिकायत कक्ष, दाखिल-खारिज एवं म्यूटेशन से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेख संधारण, फाइलों के रख-रखाव एवं आमजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की भी समीक्षा की।उपायुक्त ने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए समय पर कार्यालय आने एवं कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आम लोगों को पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन का अनुभव होना चाहिए। इसके पश्चात उपायुक्त अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल के एक-एक वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, शिशु वार्ड, प्रसूति वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, कुपोषण उपचार केंद्र (टळळउ), टीकाकरण कक्ष, ओपीडी, दवाखाना, पैथोलॉजी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, एनआरसी, कोल्ड चेन रूम एवं अस्पताल परिसर की व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान उपायुक्त ने इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता, दवा वितरण एवं इलाज व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल जानकारी देने को कहा।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की स्थिति, दवा वितरण प्रणाली एवं स्टॉक रजिस्टर की जांच की। दवाखाना में स्टॉक रजिस्टर अद्यतन नहीं मिलने पर उन्होंने संबंधित स्टोर कीपर को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी अभिलेखों को नियमित रूप से संधारित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कोल्ड स्टोरेज में रखे वैक्सीन की स्थिति एवं तापमान मेंटेनेंस की जानकारी लेते हुए कहा कि टीकाकरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेबर रूम में प्रतिदिन होने वाली डिलीवरी, प्रसूता महिलाओं को उपलब्ध सुविधाएं एवं नवजात शिशुओं की देखभाल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।उपायुक्त ने अस्पताल परिसर एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अस्पताल उपाधीक्षक, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनाथ बच्चों से मिलने सुदूरवर्ती गांव एकौनी पहुंचे उपायुक्त

- बच्चों का हाल जाना, योजनाओं से जोड़ने का दिया निर्देश
- कहा – जब भी जरूरत हो, मुझे फोन करना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली एक बार फिर सामने आयी, जब शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत स्वयं जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर हुसैनाबाद प्रखंड के लोटनिया पंचायत अंतर्गत एकौनी गांव पहुंचे और वहां रहने वाले तीन अनाथ बच्चों से मुलाकात की।



दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक व्यक्ति द्वारा जानकारी दी गयी थी कि एकौनी गांव में तीन छोटे बच्चे अपने माता-पिता को खो चुके हैं तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही पलामू उपायुक्त को बच्चों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के तुरंत बाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और आज स्वयं गांव पहुंचकर बच्चों एवं उनके परिजनों से संवाद किया। इस दौरान उनके साथ हुसैनाबाद एसडीओ, बीडीओ एवं सीओ भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बच्चों से आत्मीयता के साथ बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं, पारिवारिक स्थिति एवं भविष्य को लेकर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने तथा पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। साथ ही राशन कार्ड में दो बच्चों का नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने को कहा।बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में पहल करते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि भविष्य में रजिस्ट्री डीड के माध्यम से बच्चों को उनकी पैतृक संपत्ति में विधिवत हिस्सेदारी सुनिश्चित करायी जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### पीवीयूएनएल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम

**हजारीबाग (नबिटाब)।** पीवीयूएनएल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज परियोजना कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर ए.के. सहगल, मनीष क्षेत्रपाल, बिष्णु दत्ता दास एवं जियाउर रहमान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली। सभी उपस्थित कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। चर्चा के क्रम में सीईओ महोदय ने टीम को विभिन्न स्थानों की पहचान कर स्वच्छता संबंधी पहल शुरू करने तथा नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं सफाई अभियान आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



### डीवीसी कोनार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम

**हजारीबाग (नबिटाब)।** डीवीसी कोनार में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज परियोजना कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर ए.के. सहगल, मनीष क्षेत्रपाल, बिष्णु दत्ता दास एवं जियाउर रहमान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली। सभी उपस्थित कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। चर्चा के क्रम में सीईओ महोदय ने टीम को विभिन्न स्थानों की पहचान कर स्वच्छता संबंधी पहल शुरू करने तथा नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं सफाई अभियान आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



### सिवान में भाजपा के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का शुभारंभ

**पटना (नबिटाब)।** सिवान के जीरादेई प्रखंड अंतर्गत ग्राम जामापुर स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 कार्यक्रम का आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं राष्ट्रवादी चिंतक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक वैचारिक संगठन है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित ह्यएकात्म मानववादह्व आज भी भाजपा की विचारधारा और कार्यशैली का मूल आधार है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं तक पहुंचा है। भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्र को एकसूत्र में बांध सकती है। देश के हर प्रांत के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन कामयाब रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की वैचारिक चेतना को सशक्त बनाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारतह्व के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती का आधार प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ता होते हैं। ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली, सामाजिक दायित्व और जनता के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्रवादी विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक मूल्यों और गरीब कल्याण की राजनीति करती रही है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, दरौंदा के विधायक करनजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, क्षेत्रीय प्रभारी संतोष पाठक, जिला प्रभारी लालबाबू कुशवाहा, जिले एवं प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में कार्यकताओं के बीच उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।



## पीएम आवास योजना : ग्रामीण के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पंचायत स्तरीय जनसुनवाई पूरी होने के बाद अब प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, ताकि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और लाभुकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जमुआ प्रखंड में 18 मई 2026, पीरटांड़ प्रखंड में 20 मई 2026 तथा गिरिडीह प्रखंड में 22 मई 2026 को जनसुनवाई आयोजित होगी। कार्यक्रम के दौरान संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण उपस्थित रहेंगे उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया है कि जनसुनवाई कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए तथा सभी आवश्यक अभिलेख और योजनाओं से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध रखे जाएं, ताकि लाभुकों की शिकायतों एवं सुझावों का त्वरित निष्पादन हो सके उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जनभागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सामाजिक अंकेक्षण एवं जनसुनवाई के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी संचालन को और मजबूत बनाया जाएगा।



## देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत रौनिया पंचायत में एक युवक को एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ बरारी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।युवक की पहचान रौनिया निवासी सुमित कुमार यादव के रूप में हुई हैं।इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ अपने घर में छिपा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस बल के साथ रौनिया पहुँच कर विधिवत छापेमारी की गई।छापेमारी के क्रम में सुमित कुमार यादव पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे दबोच कर पकड़ा गया। तलासी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

## गिरिडीह में दवा दुकानदारों का पांच दिवसीय विरोध अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया आगेर्नाईजेशन ऑफ केमिस्ट्रीस एंड ड्रगजिस्ट्रीस एवं झारखण्ड केमिस्ट्रीस एंड ड्रगजिस्ट्रीस एसोसिएशन के आह्वान पर गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों के दवा दुकानदारों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ पांच दिवसीय विरोध अभियान की शुरूआत शनिवार 16 मई से कर दी है।

अभियान के तहत दवा विक्रेता काला बिल्ला लगाकर विरोध जता रहे हैं।जानकारी देते हुए गिरिडीह जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव सुजीत कपीसवे ने बताया कि 16 मई से 19 मई तक जिले के सभी दवा विक्रेता काला बिल्ला लगाकर अपना व्यवसाय करेंगे। वहीं अभियान के अंतिम दिन 20 मई 2026, बुधवार को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में जिले की सभी दवा दुकानें बंद रहेंगी उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा व्यापार और बाजार में नकली दवाओं की बिक्री के खिलाफ संगठन लगातार आवाज उठा रहा है। दवा विक्रेताओं की प्रमुख मांगों में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा सस्ते दाम के प्रलोभन में बिक रही नकली दवाओं पर कठोर प्रतिबंध लगाने की मांग शामिल है सुजीत कपीसवे ने कहा कि वर्तमान समय में बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों के कारण दवा व्यापार में प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है, जिससे छोटे दवा व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।

## संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में वर्षा मापक यंत्रों की कार्यशीलता एवं वषार्पात आंकड़ों के नियमित प्रेषण, नावों की मरम्मत, पॉलिथीन शीट की उपलब्धता, महाजाल एवं लाइफ जैकेट की स्थिति, गोताखोरों का प्रशिक्षण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, नाविकों के लंबित मजदूरी एवं भाड़ा भुगतान, खोज-बचाव एवं राहत दलों का गठन, शरण स्थलों की पहचान, तटबंधों की सुरक्षा, संचार योजना, इंडस्ट्रियल सायरन, जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन, बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची के अद्यतनीकरण, संभावित सुखाड़ की तैयारी तथा चापाकलों की मरम्मत की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले के सभी अंचलों में वर्षा मापक यंत्र सुचारू रूप से कार्यरत हैं। जिले में कुल 211 नाव उपलब्ध हैं, जिनमें 163 नाव परिचालन योग्य हैं तथा 48 नावों की मरम्मत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सभी मरम्मत योग्य नावों को अविलंब दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।



बैठक में बताया गया कि जिले में 05 महाजाल एवं 150 लाइफ जैकेट उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त 500 लाइफ जैकेट का भंडारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को सरकारी एवं निजी नावों का स्पष्ट एवं अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने बताया कि चापाकल मरम्मत के लक्ष्य 1,144 के विरुद्ध 731 चापाकलों की मरम्मत पूर्ण कर ली गई है। जिलाधिकारी ने शेष चापाकलों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने तथा शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जोकिहाट एवं भरगामा अंचल में खोज, बचाव एवं राहत दलों का गठन कर लिया गया है। शेष अंचलों को भी यथाशीघ्र ऐसे दल गठित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को गोताखोरों की सूची, प्रशिक्षित मोटरबोट चालकों की सूची तथा आपदा मित्रों की सूची अविलंब उपलब्ध कराने को कहा गया।

## एसआइआर को लेकर अंचल कार्यालय में बीएलए की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आगामी 20 जून से शुरू होने वाले एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अंचल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के बीएलए बूथ लेवल एजेंट की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में बीएलए-2 को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से संबंधित आवश्यक अधिकारों एवं जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई।



साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए। उन्होंने सभी बीएलए से क्षेत्र में जागरूकता फैलाने तथा मतदाताओं की समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की अपील की।बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बीएलए-2 एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जागरूकता कार्यक्रम को लेकर हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन, जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज, महिला एवं बाल विकास परियोजना तथा जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, मानव तस्करी एवं नशा मुक्त अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिकटी सीएचसी स्थित सभाभवन में जागरण कल्याण भारती, फारबिसगंज द्वारा बाल विवाह और दहेज प्रथा की रोकथाम को लेकर महिला पर्यवेक्षकों (एलएस) और आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समाज को बाल विवाह मुक्त बनाना और सेविकाओं को अपने क्षेत्रों में इन कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी सीडीपीओ कंचन कुमारी ने की। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष सिकटी रौशन कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अजमत राणा, बीसी दीपक कुमार, राजस्व पदाधिकारी सतीश कुमार एवं प्रखंड कार्यपालक सहायक आदित्य कुमार झा की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज के अध्यक्ष संजय कुमार ने द्वारा किया गया।



प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार, 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह कराने, करवाने या इसमें शामिल होने वाले (माता-पिता, पंडित, टेंट और बाजा वाले) सभी लोग दोषी माने जाते हैं।

## पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, बैलगाड़ी पर निकाला विरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में की गई वृद्धि के खिलाफ शनिवार को टावर चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन का तरीका काफी अनोखा रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता बैलगाड़ी पर सवार होकर विरोध जताते नजर आए, जबकि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पैदल चलते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार होश में आओ, रोकों महंगाई बांधो दाम, नहीं तो होगा चक्का जाम, बहुत हुई महंगाई की मार, जल्दी हटाओ मोदी सरकार जैसे नारे लगाए गए पुतला दहन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी जाएगी और केंद्र सरकार ने ठीक वैसा ही किया।





उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जनता से तेल, पेट्रोल-डीजल और अन्य खर्चों में कटौती की अपील करते हैं, लेकिन खुद विदेश यात्राएं करते हैं उन्होंने कहा कि देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है और सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं पर भी उन्होंने केंद्र सरकार को घेरा और कहा कि कई मामलों में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं सतीश केडिया ने कहा कि बैलगाड़ी पर प्रदर्शन कर कांग्रेस ने सांकेतिक रूप से यह संदेश देने की कोशिश की है कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से आम जनता एक दिन फिर बैलगाड़ी पर चलने को मजबूर हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय सरकार को कोई वैश्विक संकट नजर नहीं आता, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही महंगाई का बोझ जनता पर डाल दिया जाता है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी और देश के लोकतंत्र एवं सामाजिक सौहार्द को बचाने की लड़ाई जारी रखेगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समीर चौधरी, मोहम्मद अली खान, अशोक विश्वकर्मा, राजेश पुरी, इतवारी वर्मा, प्रोफेसर मंजूर अंसारी, परेशनाथ मित्र, मोहम्मद निजाम अंसारी, धनंजय गोस्वामी, मोहम्मद मिराज अख्तर, लक्ष्मी कुमारी, मोहम्मद इशाक अंसारी, मोहम्मद सोहेल, दिनेश्वर कुमार, सुजीत मंडल, अमन मंडल, ऋषिकेश मिश्रा, शाहनवाज अंसारी, सरफराज अंसारी, छोटू रविदास, अतुल कुमार, मंसूर राजा, हसनैन अंसारी, साबिर खान, करण दास, इमामुद्दीन, मनीर आलम, बबलू मुर्मू, सुलेमान अख्तर, बिलाल अहमद, असलम, गुलाम नदीम अख्तर, मोहम्मद चांद, मनीष वर्मा, जुनेद आलम, अहमद रजा, नूरी अख्तर, इमाम, सद्दाम हुसैन, जीशान अहमद, अमानत अली, करण यादव, गोल्डी नजरी, प्रवीण हेंब्रम, संतोष वर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, ओवैस अहमद, मोहम्मद शमशाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पीवीयूएनएल में स्वच्छता शपथ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) में स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत परियोजना कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ए.के. सहगल, सीआरओ पीवीयूएनएल, मनीष क्षेत्रपाल, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), बिष्णु दत्ता दास, महाप्रबंधक



(प्रोजेक्ट) एवं जियाउर रहमान, एचओएचआर सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने भाग लिया और स्वच्छता शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा देता है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए भी आवश्यक है। इस मौके पर सीईओ महोदय ने टीम को विभिन्न स्थानों की पहचान कर वहां स्वच्छता संबंधी पहल शुरू करने तथा नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियों को संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन आंदोलन के रूप में अपनाना होगा। सभी कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## कूलर और फ्रिज की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में चिलचिलाती गर्मी अब सिर्फ मौसमी परेशानी नहीं रह गई है, बल्कि यह तेजी से लोगों के जीने, खर्च करने और जिंदा रहने के तरीके को बदल रही है। शहरों, कस्बों और गांवों में, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर और कूलर रिकॉर्ड तेजी से दुकानों से बिक रहे हैं क्योंकि बढ़ता तापमान और बार-बार आने वाली हीटवेव लाखों भारतीयों को आर्टिफिशियल कूलिंग (कृत्रिम शीतलन) की ओर धकेल रही है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं घरेलू उपकरण निर्माता संघ द्वारा जारी इंडस्ट्री डेटा से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में कूलिंग साधनों की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। सिर्फ पांच साल पहले, भारत में सालाना एसी की बिक्री लगभग 70 से 80 लाख यूनिट थी। आज, यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। इंडस्ट्री के अनुमान बताते हैं कि अब देश भर में सालाना लगभग 1.4 करोड़ से 1.5 करोड़ एसी यूनिट बिकते हैं।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत से उद्योग जगत प्रभावित, सप्लाई चेन बाधित होने से खाद्य सामग्री के बढ़े दाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** पेट्रोल-डीजल की किल्लत आज तीसरे दिन भी जारी रही। राजधानी रांची के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइनें लगी रही। कुछ पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद रहे। ऐसे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आम लोगों के साथ-साथ पेट्रोल डीजल की किल्लत का असर व्यवसाय जगत पर भी पड़ा है।




इंडस्ट्री में कर्मचारी की उपस्थिति प्रभावित हो रही है। वहीं डीजल की कमी के कारण वैकल्पिक पावर नहीं मिल रहा है। इधर, पेट्रोल-डीजल की कमी की वजह से घरेलू सामान के सप्लाई चेन पर भी व्यापक असर पड़ा है। रांची के प्रमुख गल्ला व्यवसायी जुबीन ठक्कर कहते हैं कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत और दाम में हुई वृद्धि की वजह से बाहर से आने वाले सामानों के दाम जहां वृद्धि हुई है, वहीं आपूर्ति भी बाधित हुई है। इसमें उसना चावल, सरसो तेल, रिफाइन जैसे सामान शामिल हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में खाद्य सामानों के दामों में स्वाभाविक रूप से वृद्धि होगी। हालांकि केंद्र सरकार ने यह कहा है कि 60 दिनों का बफर स्टॉक है। ऐसे में व्यवसायी और आम जनता को धैर्य से इस स्थिति का सामना करना चाहिए।

# धनबाद में ई रिक्शा से निकले विधायक राज सिन्हा, युवाओं से की ईंधन बचाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की बचत, प्रदूषण नियंत्रण और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील का असर अब जनप्रतिनिधियों के व्यवहार में भी दिखने लगा है। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने शनिवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए टोटो का इस्तेमाल कर लोगों को खास संदेश दिया है।

विधायक राज सिन्हा अपने आवासीय कार्यालय से इलेक्ट्रिक रिक्शा (टोटो) पर सवार होकर रणधीर वर्मा चौक पहुंचे। वहां से वे बरमसिया स्थित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। आमतौर पर चारपहिया वाहनों के काफिले के साथ नजर आने वाले विधायक को टोटो में सफर करते देख राहगीरों और समर्थकों में उत्सुकता देखी गई।



लोगों ने इस पहल को अलग और सकारात्मक कदम बताया।

**लोगों से इलेक्ट्रिक वाहन इस्तेमाल की अपील**

मीडिया से बातचीत में राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि उसे व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी, प्रदूषण घटेगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे खुद उदाहरण प्रस्तुत करें।

**अनावश्यक वाहन उपयोग से बचें: विधायक**

उन्होंने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक वाहन उपयोग से बचें और जहां संभव हो, ई-वाहनों को अपनाएं। विधायक ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। उनके यह अनोखा अंदाज अब धनबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की है।

## फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत पावापुरी गोवरैया गांव में एक 22 वर्षीया युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान विक्कू कुमारी, पिता अनिल सिंह के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। बताया जाता है कि घर में किसी बात को लेकर डांट-फटकार एवं घरेलू विवाद के बाद युवती ने यह कदम उठा लिया। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार को पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# लोहरदगा में बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था, संसाधनों की हो रही उपेक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बीमार है। सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दूसरे अस्पतालों की हालत खस्ताहाल है। मरीज को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। हालत ऐसी है कि अस्पताल भवन तो बने हुए हैं, लेकिन खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सहारे स्वास्थ्य व्यवस्था की गाड़ी चल रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर डॉक्टर नहीं मिलते। इसको लेकर ईटीवी भारत ने लोहरदगा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पड़ताल की है।

**स्वास्थ्य केंद्रों पर समय पर नहीं मिलता इलाज**

सदर अस्पताल, 78 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। कहने को लोहरदगा



में अस्पतालों की कमी नहीं है, लेकिन जब बात इलाज की आती है, तब मरीजों को सदर अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था रखी है। जब मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं, तो ना समय पर डॉक्टर मिलते हैं और ना ही आपात स्थिति में एंबुलेंस ही मिल पाता है।

**14 साल से बंद है उगरा पीएचसी भवन**

अभी भी कई अस्पतालों का निर्माण चल रहा है। समय पर इलाज उपलब्ध नहीं हो पाने की वजह से कई बार मरीजों को विकट स्थिति का सामना करना पड़ता है। जिले के उगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन 14 साल पहले निर्माण कराया गया था। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से आज तक यह अस्पताल शुरू नहीं हो सका है। महत्वपूर्ण बात है कि अस्पताल के रखरखाव और मरम्मत के नाम पर हर साल पैसे खर्च होते हैं। अस्पताल के आसपास रहने वाले ग्रामीण तो अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। उनके घर के सामने अस्पताल का भवन जरूर है, लेकिन इलाज कई मील दूर जाकर कराना पड़ता है।

ऐसा ही हाल सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भी है। केंद्र में अत्याधुनिक मशीन और जांच की सुविधा मौजूद है। लेकिन समय पर डॉक्टर नहीं मिलते। मेडिकल स्टाफ की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 एमबीबीएस डॉक्टर हैं। इसके अलावा ना तो कोई सर्जन है और ना ही कोई विशेषज्ञ डॉक्टर। लोहरदगा जिले के 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कुछ ऐसा ही हालत है। नाम मात्र के यह अस्पताल आज खुद बीमार दिखाई देते हैं।

# मातृ मृत्यु दर कम करने पर मंथन, धनबाद में देशभर की प्रख्यात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों का जुटान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** हर साल प्रसव के दौरान और डिलीवरी के बाद होने वाली जटिलताओं के कारण हजारों महिलाओं की जान चली जाती है। इनमें सबसे बड़ा कारण है पोस्टपार्टम हेमरेज यानी प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव है। यदि समय पर सही इलाज और प्रशिक्षित डॉक्टरों की मदद मिल जाए तो माताओं की जान बचाई जा सकती है। इसी उद्देश्य से धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी के स्वर्ण जयंती पर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टर एक मंच पर जुटे हैं और सुरक्षित मातृत्व को लेकर नई तकनीकों और उपचार पद्धतियों पर चर्चा की। धनबाद में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन महिला स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बनकर सामने आया है। सम्मेलन में दिल्ली, नोएडा, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, झारखंड और बिहार की कई प्रख्यात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया है। करीब 300 डॉक्टरों की मौजूदगी में सुरक्षित मातृत्व, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी, मातृ मृत्यु दर में कमी, बांझपन और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण पीपीएच वर्कशॉप है। पोस्टपार्टम हेमरेज यानी डिलीवरी के बाद अत्यधिक रक्तस्राव मातृ मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल है। इस गंभीर स्थिति में कुछ ही मिनटों में महिला की हालत बिगड़ सकती है। इसलिए विशेषज्ञ डॉक्टर चिकित्सकों को यह प्रशिक्षण दे रहे हैं कि ऐसी स्थिति में किस तरह त्वरित निर्णय लेकर मरीज की जान बचाई जा सकती है।

इस वर्कशॉप में रेवाड़ी से डॉ। मित्रा सक्सेना, दिल्ली से डॉ। मंजू पुरी, बेंगलुरु से डॉ। शिला और नोएडा से डॉ। पूनम गोयल आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दे रही हैं। डॉक्टरों को दवाओं के सही उपयोग, इमरजेंसी प्रबंधन, रक्त की उपलब्धता और आवश्यक सर्जिकल तकनीकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सम्मेलन में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने की चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि कई बार दूर-दराज के इलाकों से मरीज को अस्पताल तक लाने में देरी हो जाती है, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। यदि हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान पहले से हो जाए और समय रहते मरीज को रेफर कर दिया जाए तो मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

# बकाया भुगतान को लेकर सफाई कर्मचारियों का अनोखा प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** शहर में पिछले कई दिनों से साफ-सफाई व्यवस्था पूरी से तरह प्रभावित है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह फैली गंदगी के कारण लोगों में नाराजगी और हताशा देखी जा रही है। स्थानीय लोग लगातार नगर निगम से शहर की सफाई व्यवस्था जल्द बहाल करने की मांग कर रहे हैं। सफाई व्यवस्था बाधित होने के पीछे नगर निगम कर्मियों का विरोध प्रदर्शन मुख्य कारण बताया जा रहा है। देवघर नगर निगम के स्थायी सफाई कर्मचारी अपने बकाया वेतन, पीएफ और एरियर भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि नगर निगम की ओर से निजी सफाई कर्मियों के माध्यम से शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन स्थायी कर्मचारियों के काम बंद करने से स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से उनका पीएफ और एरियर का भुगतान लंबित है। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसी के विरोध में सफाई कर्मियों ने अपने संगठन के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों से जुलूस निकाला और नगर निगम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर निगम कार्यालय पहुंचने के बाद कर्मचारियों ने नगर आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए जल्द बकाया भुगतान की मांग की। वहीं सफाई कर्मचारियों के प्रदर्शन का तरीका भी चर्चा का विषय बना रहा। इसबार शहर की सफाई करने वाले कर्मियों ने विरोध के दौरान कई चौक-चौराहों पर कचरा फैलाकर अपना आक्रोश जताया।

# आरटीइ के तहत मान्यता नहीं लेने वाले निजी स्कूल होंगे बंद, झारखंड सरकार का फैसला

**निर्धारित अवधि तक मान्यता नहीं लेने पर स्कूलों को बंद करने का आदेश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य में निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) के तहत मान्यता नहीं लेने वाले निजी स्कूल बंद होंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी निजी स्कूलों को मान्यता लेने के लिए एक अवसर प्रदान किया है। साथ ही निर्धारित अवधि तक मान्यता नहीं लेने पर स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया जाएगा।

विभाग ने 25 अप्रैल 2019 के बाद स्थापित निजी स्कूलों को




आरटीई के तहत अनिवार्य रूप से मान्यता लेने को कहा है। इसके लिए एक जून से 30 अगस्त तक राज्य सरकार के आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लेने को कहा गया है।

प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार रंजन द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि निर्धारित अवधि तक आवेदन नहीं करने वाले निजी स्कूलों के विरुद्ध संबंधित अधिनियम तथा झारखंड निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2011 की धारा 12(6) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस धारा में आरटीई के तहत मान्यता नहीं लेनेवाले स्कूलों को बंद करने की कार्रवाई का प्रविधान किया गया है।

# पूर्व विधायक कौशल यादव ने न्याय दिलाने का दिलाया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** पूर्व विधायक कौशल यादव शनिवार को केशौरिया गांव पहुंचे। गांव पहुंचते ही पूर्व विधायक कौशल यादव को जहां ग्रामीणों ने स्वागत किया गया, वही हल्की सी आक्रोश भी उठानी पड़ी। उसके बाद पूर्व विधायक ने गांव के प्रत्येक गली से होकर गुजरते हुए हर घर पहुंचे, और हालत का जायजा लिया, ग्रामीणों की फरियाद भी गम्भीरता से सुनी, उसके बाद न्याय दिलाने आश्वाशन दिलाया। उन्होंने घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा इस घटना में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई हो, निर्दोष महिलाओं और पुरुषों को दोषमुक्त किया जाय। इसके लिए आईजी और एसपी से मिलकर निष्पक्ष जांच करने का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा यहां राजनीति हो रहा है, साजिश के तहत लोगों को फंसाया गया है। बालू खनन के अवैध खनन में पूरे जिले में कई लोग लगे हुए हैं। वैसे लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। इधर,थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को कार्य में लापरवाही के बरतने को लाइन हाजिर भी कर दिया गया है। मौके पर राजद जिला उपाध्यक्ष विनय यादव, सूरज यादव, जिला पार्षद देवानंद चौहान, अजय यादव, अर्जुन यादव, कैलाश प्रसाद यादव, पूर्व उप मुखिया संजय यादव, संदीप कुमार, सकल देव यादव, शंभु यादव, धर्मेन्द्र यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार समेत अन्य रहे।

# झारखंड में पारा शिक्षकों के लिए सहायक आचार्य बनने का रास्ता साफ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के लगभग 55 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के लिए बड़ी खबर है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत पारा शिक्षकों को चरणबद्ध ढंग से सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर नियुक्त करे। हालांकि, कोर्ट ने पारा शिक्षकों को सीधे नियमित करने से साफ इनकार कर दिया है। इसके बजाय, राज्य सरकार को वैधानिक भर्ती तंत्र के तहत ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।

कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एक व्यावहारिक पेच फंसा हुआ है। राज्य सरकार ने सहायक आचार्य के कुल पदों में से 50 प्रतिशत पद पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित रखे हैं, लेकिन इस पद पर नियुक्त होने के



लिए झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

वर्तमान में राज्य के 55 हजार पारा शिक्षकों में से महज 8,000 शिक्षक ही जेटेट पास हैं। ऐसे में बाकी शिक्षकों के लिए फिलहाल इस भर्ती का लाभ उठाना मुश्किल था।

**झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा बनी उम्मीद की किरण**

राहत की बात यह है कि राज्य में लंबे समय बाद जेटेट के आयोजन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा इस परीक्षा के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बड़ी संख्या में पारा शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन कर रहे हैं। यदि पारा शिक्षक इस पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेते हैं, तो उनके सहायक आचार्य बनने का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा।

## 300 लीटर शराब व तीन बाइक जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 लीटर महुआ देशी शराब बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मननियांतरी गांव से पूरब स्थित जंगली क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन बाइक पर अलग-अलग छह गैलन में लदी करीब 300 लीटर महुआ देशी शराब बरामद की। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही शराब धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एएसआई रिंकू कुमार एवं रामाकांत चौधरी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने शराब एवं तीनों बाइक को जब्त कर कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली है तथा फरार धंधेबाज की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# अपहृत बच्चे के शव का अवशेष व कपड़ा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड के सहायक रूपौ थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह एवं भीखमपुर गांव की सीमा से सटे घने जंगल स्थित सुम्मा पहाड़ी से पुलिस ने शेखपुरा जिला से अपहृत पांच वर्षीय बच्चे के शव का अवशेष एवं कपड़ा बरामद किया है। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के कसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसा गांव निवासी कन्हैया कुमार पंडित के पुत्र दीपांशु कुमार के रूप में की गई है, जो 7 मई 2026 को रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। घटना की सूचना पर कसार थाना में मामला दर्ज कर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को साइबर से अर्जित पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर बच्चे के अपहरण के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संतोष मांझी, प्रदीप मांझी, अजीत मांझी एवं संदीप मांझी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर रूपौ थाना क्षेत्र के सुम्मा पहाड़ी से बच्चे के शव के अवशेष एवं कपड़े बरामद किए गए। घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संग्रह किया। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है तथा अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा, पति की दीर्घ आयु की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** वट सावित्री पर्व के पावन अवसर पर दीपनगर के वास्तु विहार परिसर में शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा को लेकर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा स्थल पर पहुंचीं।



महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की। महिलाओं ने वट वृक्ष में जल अर्पित कर रक्षा सूत्र बांधा और पुष्प, नैवेद्य एवं पूजा सामग्री अर्पित करते हुए पति की दीर्घायु की प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण किया और सावित्री-सत्यवान की कथा से प्रेरणा लेते हुए अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। सुहागिन महिलाएं पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में पूजा स्थल पर पहुंचीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, प्रेम और पतिव्रत धर्म के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर यह व्रत रखती हैं।

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है और यह व्रत अखंड सौभाग्य, सुख-शांति एवं परिवार की खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर और पूजन सामग्री भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# राष्ट्रीय स्तर की बिजनेस मेंटरिंग वर्कशॉप में सोखोदेवरा गांव के युवक को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा गांव के युवा नवप्रवर्तक जलेन्द्र कुमार को राष्ट्रीय स्तर की बिजनेस मेंटरिंग वर्कशॉप में सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलेन्द्र कुमार ने अपने नवाचार "आयरन कटिंग एंड बेंडिंग मशीन" के साथ कार्यशाला में भाग लिया था। यह कार्यशाला राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत एवं नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में 14 एवं 15 मई 2026 को किया गया। कार्यशाला में देशभर से आए नवप्रवर्तकों को व्यवसाय विकास,तकनीकी मार्गदर्शन तथा उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सफल सहभागिता के बाद जलेन्द्र कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्रखंड के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। ग्रामीणों ने कहा कि जलेन्द्र कुमार की सफलता से क्षेत्र के युवाओं को नवाचार एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# अखंड सुहाग की कामना को ले सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**नबिता टीम**

**पटना/ नगरनौसा (नालंदा)/ कटिहार/ शिवजीनगर।** महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर उसकी परिक्रमा की। इसके बाद सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश और देवी सावित्री का वास होता है। वट वृक्ष की पूजा के बाद अन्न, वस्त्र, ऋतुफल और मिष्ठान का दान करने से सुख-समृद्धि एवं पारिवारिक शांति की प्राप्ति होती है। वट सावित्री पूजा के बाद महिलाएं बरगद के पेड़ को बांस के पंखे से हवा झला।

नगरनौसा प्रखंड क्षेत्र विभिन्न गांवों में सुहागिनों ने सावित्री वट वृक्ष की पूजा पूरी श्रद्धा,विश्वास और भक्ति भाव के साथ की। इस अवसर पर शनिवार को सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे सुहागिनों की भीड़ लगी हुई थी। सोलहो श्रृंगार कर सजी सवरी सुहागिन महिलाएं पूजा की थाल लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंची।और साथ ही सावित्री वट वृक्ष की पूजा की। अच्छत, सिंदूर, रोड़ी, पान, कसैली, फूल माला, फल साथ विधि विधान से उनकी पूजा की गई। उन्होंने चना गुड़ और फल फूल चढ़ाया। इस दौरान महिलाओं ने बट वृक्ष और यम की भी पूजा करते हुये वटवृक्ष के जड़ में जल अर्पण किए वट वृक्ष के नीचे पंखा रखकर उसकी भी पूजा की गई। इसके बाद सुहागिनों ने मंत्र उच्चारण के साथ वटवृक्ष की 108 बार परिक्रमा की। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे ही अपने पंडित से सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी। पूजन के बाद महिलाएं घर आकर अपने पति की भी नये वस्त्र पहनकर अपने पति की चरण को जल से पखारते हुये पूजा अर्चना किया।

**कटिहार से संवाददाता के अनुसार** जिले के प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी अंचलों में शनिवार को अहले सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पवित्र नदियों, सरोवरों, तालाबों में स्नान कर अक्षय वट वृक्ष की नियम- निष्ठा के साथ पूजा -अर्चना कर अपने दीर्घ सौभाग्य की कामना की। सनातन धर्म में महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र ,सुखी दाम्पत्य जीवन सहित अपनी अखंड सुहाग की कामना को लेकर अनेक तरह की व्रत का पालन करती हैं। वट सावित्री का व्रत भी सौभाग्य व अखंड सुहाग प्राप्ति का व्रत माना जाता है। ज्येष्ठ मास की कृष्णपक्ष अमावस की वट सावित्री का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की रक्षार्थ मनाती हैं। इस व्रत के साथ सावित्री -सत्यवान की कथा जुड़ी हुई हैं। सावित्री- सत्यवान व्रत कथा के अनुसार वट वृक्ष के नीचे ही उनके सास -ससुर को दिव्य ज्योति, छिन्ना हुआ राज्य तथा उनके मृत पति के शरीर मे प्राण वापस आये थे पुराणों के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास माना जाता है। इसे देव वृक्ष माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष में माता लक्ष्मी हर वक्त वास करतीं हैं। अतएव बरगद की पूजा करने से मनोवांछित फल प्राप्त होता है। मान्यता है की मार्कंडेय ऋषि को भगवान कृष्ण ने बरगद के पत्ते पर ही दर्शन दिया था। बरगद वृक्ष का पर्यावरण संरक्षण मे भी बड़ा योगदान माना गया है। इसे प्राण वायु आक्सीजन उत्सर्जन का केन्द्र भी माना गया है। एक जानकारी के अनुसार सामान्य पेड़ों की अपेक्षा बरगद का पेड़ बीस घंटे तक आक्सीजन का उत्सर्जन करता है। इसलिए सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत के दिन बरगद वृक्ष को सींचती हैं।

**शिवाजी नगर से संवाददाता के अनुसार** प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण इलाके में शनिवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ वट सावित्री पूजा मनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा तथा वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में पूजा को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। महिलाएं नए वस्त्र, श्रृंगार और पूजा सामग्री के साथ समूह में वट वृक्ष के समीप पहुंचीं। वहां पंडितों द्वारा बताए गए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा और अपने परिवार की खुशहाली एवं पति की दीर्घायु की प्रार्थना की प्रखंड के कई मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास श्रद्धालु महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा स्थलों पर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। प्रखंड के रहियार उत्तर, रहियार दक्षिण, बल्लीपुर, बंधार, दहियार, परसा, शंकरपुर सहित सभी पंचायतों में यह पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। पूजा को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल देखी गई।

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** माँ निर्दोष सेवा केंद्र एवं गया कॉलेज गया के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र, मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम, कार्यक्रम अध्यक्ष राय मदन किशोर, जिला पार्षद उपाध्यक्ष शीतल यादव एवं आयोजक हिमांशु शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने राष्ट्रकवि दिनकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्वागत भाषण के दौरान आयोजक हिमांशु शेखर ने राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण की मांग उठाई। टिकारी विधायक अजय दांगी ने कहा कि दिनकर का साहित्य समाज के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहा है। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि दिनकर ने साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी लेखनी से अमिट छाप छोड़ी है।

अपने अभिभाषण में डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के प्रखर स्वर थे। उनकी रचनाओं में ओज, वीरता और स्वाभिमान की गूंज के साथ सामाजिक न्याय, समानता एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि वे अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को जागृत करने का कार्य किया तथा यह संदेश दिया कि साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार भी है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि संगोष्ठी के साथ दिनकर सम्मान समारोह का




आयोजन एक सराहनीय पहल है, जिससे साहित्यकारों एवं शोधकर्ताओं को सम्मान मिलेगा तथा नई पीढ़ी साहित्य के प्रति प्रेरित होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राय मदन किशोर ने कहा कि मुंगेर में स्थापित विश्वविद्यालय का नामकरण राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिनकर की सभी रचनाएं कालजयी हैं। उद्घाटन सत्र का संचालन संजय अथर्व एवं धन्यवाद ज्ञापन अबरार आलम ने किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्य डॉ रुद्र चरण मांझी ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

प्रो. सुरेश चंद्र ने कहा कि आज कई शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का गलत प्रयोग चिंताजनक है। वहीं प्रो. कुसुम कुमारी ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर रचनात्मक प्रयास आवश्यक हैं।

द्वितीय सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए तेरह शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। साथ ही इतिहास के क्षेत्र में बैजू चौधरी एवं संगीत के क्षेत्र में सौम्या अथर्व सहित पांच प्रतिभाओं को राष्ट्रकवि दिनकर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सत्र का संचालन शोधार्थी नचिकेता वत्स एवं धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी विशाल कुमार ने की। इस कार्यक्रम में गया कॉलेज के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ राम उदय कुमार, डॉ सोनू अन्नपूर्णा,डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ धनंजय धीरज, ज्ञानती कुमारी प्रो. राजन, नारायण कुमार, शत्रुघ्न सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## महिलाओं पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सुहागिनें पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ वट-सावित्री की पूजा कर रहीं हैं। बरगद के पेड़ों के नीचे सजी-धजी महिलाओं का जमावड़ा रहा।

इधर धनरुआ के निमड़ा गांव में वट सावित्री पूजा के दौरान एक अप्रिय घटना हो गई। सुबह करीब 10 बजे बरगद के पेड़ के नीचे पूजा के दौरान महिलाएं पूजा के बाद हवन करने लगीं।

उस पेड़ पर मधुमक्खी का छत्ता था। जैसे ही धुआं ऊपर उठा, मधुमक्खियां उड़ने लगीं। देखते ही देखते नीचे पूजा कर रहीं महिलाओं पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।

इससे वहां अफरातफरी मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे। करीब एक दर्जन महिलाओं को मधुमक्खियों ने काट लिया। उन्हें आनन-फानन में स्वजन इलाज कराने के लिए ले गए।

# नहाने गये चार बच्चे डूबे

## दो की मौत, दो की हालत गंभीर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** भरपुरवा गांव स्थित खनुआ नदी में नहाने गए चार किशोर गहरे पानी में डूब गए। हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। गांव में मातम पसरा है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गोपालगंज जिले से शनिवार को एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई। विजयीपुर थाना क्षेत्र के भरपुरवा गांव स्थित केरवनिया घाट पर खनुआ नदी में स्नान करने गए चार किशोर अचानक गहरे पानी में डूब गए। इस हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के मुताबिक, भरपुरवा गांव निवासी 11 वर्षीय आयुष मिश्रा, 13 वर्षीय ओम पांडेय, 15 वर्षीय चुलबुल पांडेय और 16 वर्षीय विशाल ठाकुर शनिवार को गांव के पास स्थित केरवनिया घाट पर नहाने गए थे। नहाने के दौरान चारों किशोर नदी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और अचानक तेज बहाव वाले हिस्से में चले गए। कुछ ही देर में चारों पानी में डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने जब बच्चों को बचाने के लिए चीखते देखा तो अफरा-तफरी मच गई।

घटना के समय घाट स्थित मंदिर के पुजारी ने सबसे पहले बच्चों को डूबते देखा। उन्होंने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाया और खुद भी बचाव में जुट गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण घाट पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद चारों किशोरों को नदी से बाहर निकाला और तुरंत विजयीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# ट्रक - बोलेरो की ठोकर में छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/छपरा।** छपरा-सिवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर रसूलपुर बाजार स्थित हनुमान मंदिर के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो चालक समेत छह लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों और सूचना पर पहुंची रसूलपुर थाना पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों को हल्की चोटें आई थीं और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

घायलों में बोलेरो चालक विजय शंकर साहनी, गाड़ी सवार संजय राम, भिरू राम, दीपक राम, हरेंद्र राम, आदर्श कुमार समेत छह लोग शामिल हैं। सभी बक्सर जिले के नैनीजोर थाना क्षेत्र के बड़की नैनी गांव के निवासी बताए जाते हैं।

घायलों ने बताया कि वे अपनी पुत्री की शादी के बाद कलेवा लेकर शुक्रवार को गोपालगंज जिले के मांझा थाना क्षेत्र के सफापुर गांव गए थे। शनिवार को बेटी के घर से वापस लौटने के दौरान रसूलपुर बाजार के पास यह हादसा हो गया। बोलेरो सवार घायल दीपक राम ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए और बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि संयोग अच्छा रहा कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात को सामान्य कराया। रसूलपुर थाना अध्यक्ष प्रिंस राज ने बताया कि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक समेत दोनों वाहनों को अपने में कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बदबूदार मिड डे मील को ले अभिभावकों का हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के कुढ़नी प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरौल में शुक्रवार को मिड डे मील को लेकर जमकर हंगामा हुआ। स्कूल में बच्चों के लिए भेजे गए भोजन और अंडों से बदबू आने की शिकायत के बाद अभिभावक, ग्रामीण और रसोइया आक्रोशित हो गए। विरोध बढ़ने के बाद बच्चों के बीच भोजन वितरण रोक दिया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनजीओ के माध्यम से भेजे जा रहे भोजन की गुणवत्ता लगातार खराब रहती है और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोगों ने मांग की कि पहले की तरह स्कूल की स्थानीय रसोइयों द्वारा ताजा भोजन बनाकर बच्चों को परोसा जाए।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मिड डे मील के तहत स्कूल में जो अंडे भेजे गए थे, उनमें से तेज बदबू आ रही थी। जैसे ही इसकी जानकारी बच्चों और अभिभावकों को हुई, मौके पर हंगामा शुरू हो गया। अभिभावकों ने बच्चों को वह भोजन खाने से रोक दिया।

स्थानीय ग्रामीण ममता कुमारी ने कहा कि बच्चों को स्कूल में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलना चाहिए। उनका कहना था कि यदि स्थानीय रसोइयों द्वारा भोजन तैयार किया जाए, तो खाना ताजा और बेहतर रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एनजीओ के जरिए आने वाले भोजन को लेकर पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो अभिभावक अपने बच्चों को घर से टिफिन देकर भेजने को मजबूर होंगे, लेकिन खराब भोजन नहीं खाने देंगे।

इस दौरान स्कूल में भोजन परोसने वाली रसोइयों ने भी एनजीओ द्वारा भेजे गए खाने का विरोध किया। उनका कहना था कि पहले स्कूल में ताजा भोजन बनता था, जिससे इस तरह की शिकायतें नहीं आती थीं। वहीं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने बताया कि एनजीओ द्वारा भेजे जा रहे भोजन को लेकर पहले भी शिकायतें मिली थीं। शुक्रवार को अंडों से बदबू आने की शिकायत सामने आई है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों और एनजीओ को दी जाएगी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रशासन अभिभावकों की शिकायतों को गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद इलाके में शिक्षा व्यवस्था और मिड डे मील की गुणवत्ता को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# विवाद के बाद पत्नी ने की अत्महत्या

## मोबाइल को ले पति-पत्नी में हुआ था विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिले के आरा शहर में मोबाइल और रील्स देखने को लेकर हुआ मामूली विवाद दर्दनाक हादसे में बदल गया। टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ले में पति द्वारा मोबाइल देने से मना करने पर एक गर्भवती महिला ने कथित तौर पर जहर खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय पार्वती देवी के रूप में हुई है। वह पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के महिनावां गांव निवासी गोविंद महतो की पत्नी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों के मुताबिक पार्वती देवी अपने पति और बच्चों के साथ गुजरात के राजकोट में रहती थी। करीब आठ दिन पहले ही वह अपने मायके बिंद टोली आई थी। शुक्रवार की शाम उसने अपने पति से मोबाइल मांगा था ताकि वह रील्स देख सके। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि पति ने मोबाइल देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

मृतका के भाई धनु कुमार ने बताया कि विवाद के दौरान गोविंद महतो बच्चों के हाथ में मोबाइल देकर घर से बाहर चला गया। इसी बीच पार्वती ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया।

कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर स्वजन उसे आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पति गोविंद महतो ने भी स्वीकार किया कि मोबाइल को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। उसके अनुसार पार्वती रील्स देखने के लिए मोबाइल मांग रही थी, लेकिन उसने मोबाइल देने से मना कर दिया था।

# वन्य जीव की तस्करी मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

## छापेमारी में तीन मृत मॉनिटर लिजार्ड बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में वन विभाग ने मॉनिटर लिजार्ड की अवैध तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए बीजेपी नेता राजीव रंजन मिश्रा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 14 मई को वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली गुप्त सूचना के आधार पर डेली मार्केट स्थित नटराज होटल में की गई। जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग होटल में ठहरकर मॉनिटर लिजार्ड की तस्करी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही विभाग की टीम ने होटल के कमरा नंबर 203 में छापेमारी की। इस दौरान एक काले पैकेट से तीन मृत मॉनिटर लिजार्ड बरामद किए गए। मौके से तस्करी से जुड़ी अन्य सामग्री भी जब्त की गई।

इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजीव रंजन मिश्रा, उनके पुत्र अविनाश आनंद और अरुण राम के रूप में हुई है। राजीव रंजन मिश्रा रांची के लेक रोड बड़ा तालाब क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी बरामद वन्यजीवों के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।होटल प्रबंधन के अनुसार कमरा नंबर 203 और 206 को 13 मई को पश्चिम बंगाल निवासी विष्णु



गुप्ता के नाम से बुक कराया गया था। वन विभाग अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गया है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मॉनिटर लिजार्ड को कहां सप्लाई किया जाना था तथा इसके पीछे कितना बड़ा गिरोह सक्रिय है। वन विभाग ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 (संशोधित 2022) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विभाग ने अदालत से आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की है।

# फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी कर रहे शिक्षकों को किया गया बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षकों पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई हुई है। नौहट्टा प्रखंड की शिक्षक नियोजन इकाई ने विभिन्न मध्य विद्यालयों में कार्यरत छह शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। प्रमाण पत्रों की जांच संबंधित संस्थानों से कराई गई थी, जिसमें दस्तावेज फर्जी पाए गए। कार्रवाई के बाद जिले के अन्य स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के बीच भी हड़कंप मच गया है। जिन शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है, उनमें मध्य विद्यालय काजीपुर के रंजीत कुमार सिंह, मध्य विद्यालय परछा के सुनील कुमार मिश्र और मध्य विद्यालय चुनहट्टा के रविकांत दूबे शामिल हैं।

इसके अलावा मध्य विद्यालय अनंदीचक के नवल कुमार, मध्य विद्यालय शाहपुर के राजन कुमार राम और मध्य विद्यालय तिलोखर के मनोज पाल को भी सेवा से हटाया गया है ।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, डेहरी की अदालत में लंबित मामले में नामजद शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच कराने का निर्णय लिया गया था।

जांच के दौरान संबंधित संस्थानों से मिले दस्तावेजों में छह शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इसके बाद शिक्षक नियोजन इकाई ने कार्रवाई का फैसला लिया।

प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोषी शिक्षकों को सेवा से हटाने का निर्णय लिया गया।

अधिकारियों के अनुसार बर्खास्तगी से पहले संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया ।शिक्षकों को नौकरी के दौरान दिए गए वेतन और अन्य सरकारी राशि की वसूली भी की जाएगी। इसके लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को संबंधित शिक्षकों के खिलाफ नीलाम पत्र वाद दायर करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि सरकारी नौकरी में फर्जी प्रमाण पत्र के इस्तेमाल को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के बीच भी चर्चा तेज हो गई है।

# ट्रक में ठोकर लगने से दूध लदे कंटेनर चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र के कनौदी गांव के समीप शनिवार को सड़क हादसे में दूध लदे कंटेनर वाहन के चालक की मौत हो गई। गया की ओर जा रहे कंटेनर ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर में कंटेनर का अगला हिस्सा ट्रक में घुस गया और चालक गाड़ी में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृत चालक की पहचान वैशाली जिले के हाजीपुर गंगाब्रिज थाना क्षेत्र अंतर्गत जहुआ गांव निवासी नंदेश्वर राय के 22 वर्षीय पुत्र रणधीर कुमार के रूप में की गई है।

ट्रक और दूध लदा कंटेनर दोनों पटना से गया की ओर जा रहे थे। कनौदी के समीप अचानक कंटेनर अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसा। स्थानीय लोगों के अनुसार कंटेनर चालक को अचानक झपकी लगने से यह हादसा हुआ।

घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कड़ौना थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद कंटेनर में फंसे चालक को बाहर निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता नंदेश्वर राय जहानाबाद पहुंचे। इकलौते बेटे का शव देखते ही वे बेसुध होकर रोने लगे। अस्पताल परिसर का माहौल भी गमगीन हो गया।

स्वजन के अनुसार, रणधीर कुमार की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी और उसका एक बच्चा है। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी रणधीर के कंधों पर थी। बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पिता ने बताया कि रणधीर ही परिवार का पालन-पोषण करता था। अब वृद्धावस्था में बहू और पोते की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**हाजीपुर।** हाजीपुर-लालगंज मुख्य मार्ग पर चांदी केवाड़ा के समीप शुक्रवार की रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके से वाहन चालक फरार हो गया। मृतक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के बलुआ बसंता गांव निवासी रामप्रवेश साह के पुत्र अमरजीत कुमार (35 वर्ष) के रूप में हुई है।

घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। हादसे की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक योगेंद्र साहू के पुत्र रवि साहू मौके पर पहुंचे।

उन्होंने मानवता दिखाते हुए घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

अगले दिन आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने पोझिया गांव के निकट शव रखकर हाजीपुर-लालगंज मुख्य मार्ग जाम कर दिया।

लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहने से यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। जाम की सूचना पर करताहा थाना और लालगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

लालगंज थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार के साथ कई जनप्रतिनिधियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अथक प्रयास के बाद जाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो सका।

# हमले में थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच उपजा तनाव उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब बंधक बनाए गए दो युवकों को छुड़ाने गई पुलिस टीम पर ही एक पक्ष ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में थानाध्यक्ष, एक पुलिस अवर निरीक्षक और दो अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव का माहौल है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरा विवाद जमीन के स्वामित्व और बटाईदारी को लेकर है। आदिवासी समुदाय के लोग पिछले 40 से 50 वर्षों से भोला प्रसाद सिंह की जमीन पर खेती करते आ रहे थे। इस जमीन की रसीद और लगान का भुगतान भी भोला प्रसाद सिंह द्वारा ही किया जाता था। विवाद तब शुरू हुआ, जब दूसरे पक्ष के बाबूलाल सोरेन और उनके भाइयों ने वर्ष 2017 में भोला प्रसाद सिंह की करीब साढ़े छह बीघा जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच लगातार विवाद चल रहा था और दूसरा पक्ष पहले पक्ष को जमीन जोतने से रोक रहा था।

इसी जमीन विवाद को लेकर गुरुवार को तनाव चरम पर पहुंच गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने पहले पक्ष के दो युवकों को जबरन बंधक बना लिया। इस घटना के बाद इलाके में भय और तनाव का माहौल बन गया।

पुलिस प्रशासन को दो युवकों को बंधक बनाए जाने की गुप्त सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम तुरंत दोनों युवकों को छुड़ाने के लिए मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस को देखते ही दूसरे पक्ष के लोग उग्र हो गए और उन्होंने पुलिस टीम पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से अचानक हमला कर दिया।

## बिहार में औद्योगिक निवेश को मिली नई रफ्तार


# मुजफ्फरपुर और किशनगंज में लगेगी डालमिया सीमेंट फैक्ट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में राज्य सरकार को बड़ी सफलता मिली है। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 67वीं बैठक में मुजफ्फरपुर और किशनगंज में डालमिया समूह की दो बड़ी सीमेंट परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लीयरेंस प्रदान किया गया है। इन दोनों परियोजनाओं में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है जिससे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों एवं रोजगार सृजन को व्यापक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उद्योग विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुजफ्फरपुर के महवल औद्योगिक क्षेत्र में डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड को 573.15 करोड़ की लागत से 2.5 एमएमटीपीए क्षमता की इकाई स्थापित करने के लिए स्टेज-1 क्लीयरेंस प्रदान किया गया है। वहीं किशनगंज में डालमिया सीमेंट (नॉर्थ ईस्ट) लिमिटेड को 573.76 करोड़ के निवेश से 2.5 एमएमटीपीए क्षमता वाली सीमेंट इकाई लगाने की स्वीकृति दी गई है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों को बेहतर सुविधाएं, त्वरित स्वीकृति एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल बनने के कारण बिहार अब देश के प्रमुख औद्योगिक गंतव्यों में तेजी से उभर रहा है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आइडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि निवेशकों के प्रति सरकार की सकारात्मक सोच का परिणाम है कि देश के बड़े औद्योगिक समूह बिहार को अपने विस्तार के लिए एक मजबूत गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डालमिया समूह की इन परियोजनाओं को मिली स्वीकृति राज्य के प्रति निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। साथ ही इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक उत्पादन क्षमता और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। बैठक में डालमिया समूह के अलावा अंबुजा, केएनएसजी एल्मुनियम प्राइवेट लिमिटेड, एस राजदेव बिल्ड्ज एलएलपी, आइकॉन स्पाइरल इलेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, सीता एग्रो फूड प्रोडक्ट व एसएपीएल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड सहित कई अन्य निवेश प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक में कुल 2484.06 करोड़ की 16 परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लीयरेंस प्रदान किया गया, जबकि 46.86 करोड़ की चार परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी गई। सरकार का मानना है कि इन निवेश परियोजनाओं से बिहार में औद्योगिक विकास को मजबूती मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। बैठक के दौरान निवेश स्वीकृति प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक निवेशकों को बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

## डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व दूरसंचार दिवस पर तकनीकी विशेषज्ञों को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व दूरसंचार दिवस पर समस्त संचार प्रौद्योगिकीविद्, तकनीकी विशेषज्ञ एवं अन्वेषकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि विचारों, भावनाओं और सूचनाओं के आदान-प्रदान के बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है, ऐसे में युगांतरकारी 'संचार' मानव जीवन का आधार है। यह एक ऐसा उपकरण है जो हमें दूसरों से जुड़ने, संबंध बनाने और समाज में योगदान करने में मदद करता है। इस दिवस मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में टेलीकम्यूनिकेशन के महत्व को संवेदनशील बनाना है और टेलीकम्यूनिकेशन से जुड़ी नवीनतम प्रौद्योगिकियों व उनके उपयोग को प्रचारित करना है। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की वर्ष 1865 में हुई स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है और इसे वर्ष 2005 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद मनाने की शुरुआत हुई।

## बिहार में 37,841 किमी ग्रामीण सड़कों का सुधार कार्य पूरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने की दिशा में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति ग्रामीण जीवन में व्यापक परिवर्तन ला रही है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 के तहत राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 16,166 ग्रामीण सड़कों को शामिल किया गया है जिनकी कुल लंबाई 40,240 किलोमीटर है। इन सड़कों को बेहतर स्थिति में बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर अनुरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। इस दिशा में राज्यस्तर पर अबतक कुल 15,497 ग्रामीण सड़कों का प्रारंभिक सुधार कार्य पूरा कर लिया गया है जिसकी कुल लम्बाई लगभग 37,841 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त कुल 15,566 ग्रामीण सड़कों की जिसकी कुल लम्बाई 37,690 किलोमीटर से अधिक है उसके सतह के नवीनीकरण का काम भी पूरा हो चुका है। इन कार्यों के माध्यम से पुरानी और क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों का कायाकल्प कर उन्हें सुदृढ़ और सुरक्षित बनाया गया है। ग्रामीण सड़कों के नियमित अनुरक्षण और मरम्मत के कारण अब गांवों में आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम, व्यवस्थित और सुरक्षित हुआ है। विभाग द्वारा लागू इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण सड़कों को लंबे समय तक गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी बनाए रखना है। विशेष रूप से मानसून और वर्षा ऋतु के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव और क्षति की समस्या को देखते हुए अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है जिससे बरसात के दिनों में भी ग्रामीण संपर्कता बाधित नहीं हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अनुरक्षण के इस व्यापक अभियान का सबसे सकारात्मक प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर दिख रहा है।

### बिहार में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही 'कृषि अवसंरचना कोष' योजना

# राज्य में 2045 परियोजनाएं स्वीकृत : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने 'कृषि अवसंरचना कोष' योजना की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना राज्य के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। कृषि अवसंरचना कोष एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य देश और राज्य में कृषि अवसंरचना में सुधार के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा जुटाना है। इस योजना के माध्यम से फसलों की कटाई के बाद उनके बेहतर प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि मंत्री



ने बताया कि 4 नवंबर 2025 तक बिहार में इस योजना के अंतर्गत कुल 2045 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं जिनके लिए कुल 1650.37 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि बिहार में सबसे बड़ा निवेश भंडारण क्षमता बढ़ाने में किया गया है जिसके तहत 834 गोदाम परियोजनाएं स्वीकृत की गई है। इसके अलावा खेती और कटाई के मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए 591 परियोजनाएं जारी है। मंत्री ने कहा कि फसलों के मूल्य संवर्धन के लिए राज्य में 315 प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध कराने के लिए 196 कस्टम हायरिंग सेंटर भी बनाए गए हैं। इसके अलावा इस योजना में ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, साइलो, पैक-हाउस, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, पकने वाले कक्ष, जैविक इनपुट उत्पादन और स्मार्ट एवं सटीक कृषि जैसी विभिन्न आधुनिक अवसंरचनाएं शामिल हैं। कृषि मंत्री ने राज्य के किसानों, उद्यमियों और युवाओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने योजना के प्रमुख लाभों को रेखांकित किया इस योजना के तहत 2 करोड़ रुपये तक के सभी ऋणों पर 3% प्रति वर्ष की दर से ब्याज में छूट दी जाती है जो अधिकतम 7 वर्षों के लिए उपलब्ध है। एक आवेदक विभिन्न स्थानों पर अधिकतम 25 परियोजनाएं स्थापित कर सकता है।

2 करोड़ रुपए तक के ऋण के लिए 'सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट' योजना के तहत क्रेडिट गारंटी कवरेज मिलता है। इसके लिए फीस का भुगतान भी सरकार द्वारा अधिकतम 7 वर्षों तक किया जाता है जिससे आवेदकों को किसी कोलैटरल/गारंटी की आवश्यकता नहीं होती।

## लीड्स 2025 फ्रेमवर्क में बिहार की बड़ी छलांग, 'उच्च प्रदर्शन' श्रेणी में हुआ शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार ने औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी लीड्स 2025 फ्रेमवर्क में बिहार को 'उच्च प्रदर्शन' श्रेणी में स्थान मिला है। इससे पहले बिहार 'फास्ट मूवर' श्रेणी में शामिल था। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा बिहार सरकार के मार्गदर्शन में राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। राज्य सरकार के अनुसार बिहार की यह प्रगति केवल रैंकिंग में सुधार नहीं, बल्कि राज्य की दूरदर्शी सोच, प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और भविष्य उन्मुख विकास मॉडल का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने, औद्योगिक कनेक्टिविटी मजबूत करने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उद्योग विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार उद्योग, निवेश और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापक सुधारों के माध्यम से राज्य को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की बढ़ती क्षमता, बेहतर नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है। वहीं उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार कुमार ने कहा कि लीड्स 2025 में 'उच्च प्रदर्शन' श्रेणी में शामिल होना बिहार के लिए गर्व का विषय है। विभाग द्वारा लॉजिस्टिक्स अवसंरचना, निवेश सुविधा, औद्योगिक कनेक्टिविटी तथा व्यापार करने में आसानी को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिसका सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है।

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के नए सचिव दीपक आनंद ने ग्रहण किया पदभार

### सचिव ने विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के नवनियुक्त सचिव दीपक आनंद ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभाग की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद सचिव दीपक आनंद ने विभाग के स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड प्रबंधन, उपभोक्ता संरक्षण तथा विभागीय डिजिटल सेवाओं से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सचिव ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को विभागीय सेवाओं का लाभ सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें विभाग के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के पदाधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

## पॉक्सो एक्ट के तहत एक व्यक्ति को 10 वर्षों की कठोर कैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने अबोध बालिका के साथ गुरुत्तर लैंगिक हमले के जुर्म में आज एक व्यक्ति को दस वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ पचास हजार रुपए का जुर्माना भी किया। दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश दिनकर कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के पिपरा थाना क्षेत्र स्थित फाफुल गांव निवासी कर्पूरी ठाकुर को बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट की धारा छः के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छः माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। जुर्माना वसूल होने पर पीड़िता को दिया जाएगा। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को तीन लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पटना को दिया है। मामले के विशेष लोक अभियोजक नवल किशोर प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2019 में दोषी ने एक छः वर्षीय अबोध बालिका के साथ गुरुत्तर लैंगिक हमला किया था। अभियोजन ने इस मामले में आरोप साबित करने के लिए छः गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था।

## शनि जयंती पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में की विशेष पूजा

### बिहार की सुख-समृद्धि और शांति के लिए रणबीर नंदन ने मांगी मंगलकामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शनि जयंती एवं अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर शनिवार को राजधानी पटना स्थित गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना की तथा राज्य की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। बताया जाता है कि 13 वर्षों बाद शनि जयंती अमावस्या के विशेष संयोग में पड़ने के कारण इस अवसर का धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया था। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा एवं



आरती की। इसके बाद भगवान शंकर का रुद्राभिषेक, राम दरबार पूजन, दुर्गा दरबार पूजन, भगवान चित्रगुप्त एवं मां दक्षिण काली की विशेष आराधना संपन्न की गई। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद एवं गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री को शॉल एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर का महाप्रसाद 'खिचड़ी' भी ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री को एक आवेदन पत्र सौंपते हुए गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के समीप खाली पड़ी सरकारी जमीन पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के नए भवन निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान पर्षद भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है जिससे मठ-मंदिरों से जुड़े कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि नया भवन मंदिर परिसर से सटे सरकारी भूखंड पर बनाया जाता है तो साधु-संत समाज एवं श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए शीघ्र नए भवन निर्माण की दिशा में आवश्यक आदेश जारी किए जाएं।

## दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए सुगम होगी यात्रा, पटना में आएंगी 14 खास बसें

### सीढ़ियों की जगह होगा रैंप, हैंडरेल सहित कई सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा शुरू करने के बाद अब बिहार सरकार दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाने जा रही है। परिवहन विभाग 6 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से 14 सीएनजी आधारित लो-फ्लोर बसें खरीद रहा है जिन्हें पहले पटना जिले में संचालित किया जाएगा। इन बसों में दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई खास सुविधाएं दी गई हैं। सीढ़ियों की जगह रैंप होगा जिससे व्हीलचेयर वाले यात्री आसानी से बस में चढ़-उतर सकें। साथ ही व्हीलचेयर रखने की अलग व्यवस्था, कम ऊंचाई वाली सीटें, हैंडरेल, ऑडियो अलर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं भी होंगी। बिहार में दिव्यांगजनों की संख्या लगभग 23 लाख से अधिक है। फिलहाल बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में उनके लिए सीटें आरक्षित हैं, लेकिन सामान्य बसों में यात्रा करते समय उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन विशेष बसों के शुरू होने से दिव्यांगों और बुजुर्गों को यात्रा में काफी राहत मिलेगी। निगम के अनुसार बसों का ऑर्डर जेम पोर्टल के माध्यम से दे दिया गया है। चार महीने के अंदर बसें डिलीवर हो जाएंगी। बसों के किराए और रूट का फैसला डिलीवरी के बाद किया जाएगा। शुरुआत पटना जिले से होगी, बाद में इन्हें राज्य के अन्य जिलों में भी चलाया जाएगा।

### हाईकोर्ट की स्वतंत्रता के बाद भी कार्रवाई लंबित, बीएसडीएम पर उठे गंभीर सवाल

## न्यायालय के आदेश के बावजूद विभाग मौन क्यों : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली/पटना।** बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विशाल युवा केंद्र, जंदाहा से जुड़े मामले में पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को निर्णय लेने की स्वतंत्रता दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि लगभग तीन माह पूर्व इस मामले को मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया गया था, लेकिन आज तक विभागीय स्तर पर न तो निष्पक्ष जांच की गई और न ही लंबित भुगतान एवं संचालन संबंधी मुद्दों का समाधान किया गया। डॉ. झा ने बताया कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को



आवश्यक निर्णय लेने की स्पष्ट स्वतंत्रता प्रदान की जा चुकी है, इसके बावजूद फाइल को लगातार लंबित रखा जाना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की भावना के अनुरूप त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन विभाग की चुप्पी से यह प्रतीत हो रहा है कि मामले को जानबूझकर टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से केंद्र का वास्तविक संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है तथा भवन किराया, कंप्यूटर सिस्टम, कर्मचारियों का वेतन, बिजली, इंटरनेट सहित सभी संचालन खर्च निजी संसाधनों से वहन किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद केंद्र से संबंधित वैध बैंक खाते एवं लंबित भुगतान पर अब तक निर्णय नहीं लिया गया। डॉ. आनंद रंजन झा ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा ऐसे पक्षों को भुगतान किया गया जिनका केंद्र संचालन से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था जबकि इस पर पूर्व में लिखित आपत्ति भी दर्ज कराई जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय की स्वतंत्रता मिलने के बाद भी विभाग कार्रवाई नहीं करता है तो इससे विभागीय निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, लंबित भुगतान शीघ्र जारी किया जाए तथा केंद्र संचालन एवं नामांकन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए। डॉ. झा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो न्यायालयीन अवमानना याचिका, जनआंदोलन एवं व्यापक मीडिया अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं के भविष्य और कौशल विकास योजनाओं के साथ हो रही लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ यह प्रतिमाह संचालित होने वाला निरन्तर 44वां शिविर है। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन अभियान के संरक्षक एवं पूर्व गृह सचिव उत्तर प्रदेश डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि न्याय दर्शन एवं वैशेषिक दर्शन को सरल रुप से समझने के लिए तर्कसंग्रह अति महत्वपूर्ण ग्रंथ है जिसके रचयिता तेलंगाना निवासी अन्नमभट्ट हैं। इस ग्रंथ का अध्ययन अति आवश्यक है। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि अन्नमभट्ट बुद्धिमान, आत्मविश्वासी, संस्कृत भाषा के महान ज्ञाता एवं दर्शन शास्त्र को सरल रुप में प्रस्तुत करने वाले थे। इस अवसर पर अभियान के संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी मुख्यातिथि, प्रोफेसर डॉ रागनी वर्मा मुख्य वक्ता, डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ लीना चौहान, डॉ नीरा कुमारी, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, डॉ एकता वर्मा, देवेश प्रकाश, बीजेन्द्र सिंह विष्ट, वन्दना पटेरिया, दयानी शारदेय आदि वक्ताओं ने भी अन्नमभट्ट के योगदानों को विस्तार से चर्चा करते हुए भारतवासियों से तर्कसंग्रह ग्रंथ को अध्ययन करने की सलाह दी तथा संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होने के लिए अपील की।

# शाही लीची मुजफ्फरपुर की पहचान, देश-विदेश में विशेष पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार का मुजफ्फरपुर जिला अपनी विश्वविख्यात 'शाही लीची' के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक विशेष पहचान रखता है। गर्मी के मौसम में जब पेड़ों पर लाल-गुलाबी रंग की लीचियां पककर तैयार होती है तब पूरे इलाके में एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। अपनी मिठास, रस और सुगंध के कारण शाही लीची को 'फलों की रानी' भी कहा जाता है। शाही लीची की खासियत इसकी प्राकृतिक मिठास और अद्वितीय खुशबू है जो इसे अन्य लीचियों से अलग बनाती है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार मुजफ्फरपुर और आसपास के क्षेत्रों की जलवायु, मिट्टी की संरचना और नमी इस फल के विशेष स्वाद के लिए बेहद अनुकूल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां की लीची का स्वाद देश के अन्य हिस्सों में उगाई जाने वाली लीची से काफी अलग होता है। स्थानीय लीची बागान वालों का कहना है कि शाही लीची की खेती उनके जीवन का मुख्य आधार है। मई के मध्य से लेकर जून के पहले सप्ताह तक इसकी तुड़ाई का समय रहता है। इस दौरान पूरे जिले में हजारों मजदूर, व्यापारी और किसान इस काम में जुट जाते हैं। एक बागान मालिक ने बताया कि मौसम यदि अनुकूल रहे तो उत्पादन अच्छा होता है और बाजार में कीमत भी बेहतर मिलती है जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है। मुजफ्फरपुर की शाही लीची को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) भी प्राप्त है जो इसे वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। यह टैग इस बात की पुष्टि करता है कि इस क्षेत्र की लीची अपने गुणों और गुणवत्ता के कारण विशिष्ट है। इसी वजह से इसकी मांग न केवल भारत के बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु में रहती है, बल्कि इसे विदेशों में भी निर्यात किया जाता है। इस बीच मुजफ्फरपुर की धरती पर लीची की तीन नई प्रजातियां भी किसानों और उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुशहरी में करीब पांच वर्षों तक शोध के बाद गंडकी संपदा, गंडकी योगिता और गंडकी लालिमा नामक नई प्रजातियां विकसित की गई है। अनुकूल मौसम की वजह से ये नई प्रजातियां जून से लेकर जुलाई के मध्य तक बाजार में उपलब्ध रह सकेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे किसानों को लंबे समय तक उत्पादन और बिक्री का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के वरीय विज्ञानी डॉ. एसडी पांडेय ने बताया कि शाही लीची का सीजन मई के अंत तक शुरू होकर करीब 15 दिनों तक चलता है।

## फरियाद लेकर भटकना नहीं पड़ेगा, पंचायत में ही मिलेगा समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण अंचल के रहवासियों की समस्याओं का समाधान 30 दिन में करने के लिए प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इसकी शुरुआत 19 मई से होने जा रही है। इस शिविर के आयोजन को लेकर राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर समुचित दिशा-निर्देश जारी किया है। इस पत्र के अनुसार शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन या उसके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर किया जाना तय है। शिविर में सभी विभागों के पदाधिकारी होंगे। लोगों को समस्या संबंधी आवेदन देने की सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों होगी। इसे लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल की ओर से एक विस्तृत पत्र जारी किया गया है। इसके अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 दिन पहले से शुरू होगी। सभी आवेदनों और शिकायतों को पंजीकृत कर संवाद समाधान पोर्टल के उपयोग से उसका निपटारा किया जाएगा। शिविर की संख्या निर्धारित करने की दिशा में जिला पदाधिकारियों को पूरा अधिकार दिया गया है। यानी किस मंगलवार को कितनी पंचायतों में शिविर लगेंगे, इसका निर्धारण डीएम करेंगे। जिला पदाधिकारी अपने यहां पदाधिकारियों की तैनाती के हिसाब से प्रखंड या फिर ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर की संख्या का निर्धारण कर सकेंगे। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्ता या समकक्ष, जिला स्तरीय बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्ता करेंगे।

# संपादकीय

## छात्रों से कब तक होता रहेगा अन्याय, आखिर कहां फेल हो रहा सिस्टम

नैशनल टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना 2017 में हुई थी, लेकिन यह विवादों में घिरी रही है। नीट यूजी परीक्षा का रद्द होना इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। पेपर लीक, तकनीकी गड़बड़ियां, अव्यवस्था और ग्रेस मार्क्स को लेकर विवाद होते रहे हैं। सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी है। एनटीए के साथ यह बुरा अनुभव लगातार हो रहा है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ( एनटीए ) की जितनी उम्र है, उससे जुड़े लगभग उतने ही विवाद। साल 2017 में इसकी स्थापना देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के उद्देश्य से की गई थी। लेकिन, एजेंसी इसमें बार-बार नाकाम रही है। मेडिकल संस्थानों में एडमिशन के लिए होने वाली नीट यूजी परीक्षा का रद्द होना ह्ढ्ढ की कार्यप्रणाली पर एक और सवाल है। पेपर लीक की आशंकाओं के चलते यह प्रवेश परीक्षा रद्द करनी पड़ी है। सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी है। 3 मई को एग्जाम होने के बाद से ही जिस तरह गेस पेपर के नाम पर सवाल लीक होने की सुगबुगाहट शुरू हुई थी, आशंकाएं गहराने लगी थीं। समस्या है कि एनटीए के साथ यह बुरा अनुभव लगातार हो रहा है। पेपर लीक, तकनीकी गड़बड़ियां, परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्था और कुछ नहीं तो ग्रेस मार्क्स को लेकर ही विवाद खड़े होते रहे हैं। नीट परीक्षा दो साल पहले, 2024 में भी विवादों में घिर गई थी। तब बात ग्रेस मार्क्स से शुरू हुई थी और पेपर लीक के आरोपों तक जा पहुंची। देशभर में तब विरोध-प्रदर्शन हुए थे और मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। हालांकि पूरे देश में रि-एग्जाम की मांग खारिज हो गई थी। उसी साल फिर जीसी-नेट परीक्षा को गड़बड़ियों के चलते रद्द करना पड़ा था। इस साल भी क्यूट यूजी के परीक्षा केंद्रों को लेकर शिकायतें आ चुकी हैं। इस तरह के मामलों का बार-बार उठना न तो ह्ढ्ढ की विश्वसनीयता के लिए ठीक है और न ही इन परीक्षाओं के लिए। एजेंसी के ऊपर जो जिम्मेदारी है, उस पर लाखों छात्रों का भविष्य टिका है। नीट में ही इस बार करीब 22.79 लाख स्टूडेंट्स बैठे थे। अब उन्हें फिर से परीक्षा के तनाव और चिंता से गुजरना होगा। यह उन लाखों स्टूडेंट्स के साथ नाइंसाफी है, जिन्होंने पूरी मेहनत से पढ़ाई की और मौजूदा सिस्टम पर भरोसा जताया। बार-बार पेपर लीक और गड़बड़ियों से जाहिर है कि एनटीए को अपने काम करने के तरीके में सुधार लाने की जरूरत है। अगर एजेंसी पर ज्यादा बोझ है, तो उसे दूसरी संस्थाओं के साथ बांटा जा सकता है। गलतियों पर जवाबदेही हो और अंतिम वक्त पर लिए जाने वाले फैसलों से बचा जाए। पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, और जिनकी लापरवाही की वजह से ऐसा हुआ, उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाए। एजेंसी के निर्णयों के केंद्र में स्टूडेंट्स का हित होना चाहिए। अपनी गलतियों से सीखने के लिए एक दशक का अनुभव कम नहीं होता।

# गोल्ड सिल्वर के दाम में भारी वृद्धि, ज्वेलर्स बोले हमारी कमर टूट जाएगी, सर्राफा बाजार में हड़कंप

**(नीरज कुमार दुबे)**

**नई व्यवस्था के तहत सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर दस प्रतिशत मूल सीमा शुल्क तथा पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर लगाया है, जिससे कुल प्रभावी कर पंद्रह प्रतिशत हो गया है। इसके साथ ही सोना और चांदी के डोरे, सिक्कों तथा अन्य संबंधित उत्पादों पर भी शुल्क बढ़ाया गया है। पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत सरकार ने सोना, चांदी और प्लैटिनम के आयात पर सीमा शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर दी है जिससे इनकी कीमत में जबरदस्त उछाल आ गया है। शादियों के सीजन में सोने, चांदी के भाव में इस तेजी ने कई परिवारों की चिंता बढ़ा दी है लेकिन सरकार का कहना है कि यह कदम बेहद जरूरी हो गया था। हम आपको बता दें कि मोदी सरकार ने सोना और चांदी पर प्रभावी आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर पंद्रह प्रतिशत कर दिया है, जबकि प्लैटिनम पर यह शुल्क छह दशमलव चार प्रतिशत से बढ़ाकर पंद्रह दशमलव चार प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि यह कदम विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा, चालू खाते के घाटे को नियंत्रित करने और गैर जरूरी आयातों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है।**

नई व्यवस्था के तहत सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर दस प्रतिशत मूल सीमा शुल्क तथा पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर लगाया है, जिससे कुल प्रभावी कर पंद्रह प्रतिशत हो गया है। इसके साथ ही सोना और चांदी के डोरे, सिक्कों तथा अन्य संबंधित उत्पादों पर भी शुल्क बढ़ाया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार मौजूदा भू राजनीतिक परिस्थितियों और पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल के वैश्विक बाजार तथा समुद्री आपूर्ति मार्गों में भारी अस्थिरता पैदा हुई है। हम आपको बता दें कि भारत दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल आयातकों में शामिल है, इसलिए ऊंची तेल कीमतों और आपूर्ति बाधाओं से देश के आयात बिल, महंगाई और चालू खाते के घाटे पर दबाव बढ़ सकता है।

मोदी सरकार का कहना है कि ऐसे समय में विदेशी मुद्रा संसाधनों को आवश्यक क्षेत्रों के लिए सुरक्षित रखना जरूरी हो जाता है। दरअसल, विदेशी मुद्रा का उपयोग कच्चे तेल, उर्वरक, औद्योगिक कच्चे माल, रक्षा जरूरतों, महत्वपूर्ण तकनीक और पूंजीगत वस्तुओं जैसे जरूरी आयातों के लिए प्राथमिकता से किया जाना चाहिए, क्योंकि ये देश की अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, निर्यात, आधारभूत ढांचे और राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े हैं। इसके विपरीत सोना और चांदी जैसे बहुमूल्य धातुओं का आयात मुख्य रूप से उपभोग और निवेश आधारित माना जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा का भारी बहिर्गमन होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों से एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने की अपील की है ताकि विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम किया जा सके। हम आपको बता दें कि भारत अपनी आवश्यकता का लगभग पूरा सोना आयात करता है। पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार से कमजोर प्रतिफल और बुलियन कीमतों में तेजी के कारण निवेश के रूप में सोने की मांग तेजी से बढ़ी है। विश्व स्वर्ण परिषद के आंकड़ों के अनुसार मार्च तिमाही में भारत के स्वर्ण विनिमय कारोबार कोषों में निवेश सालाना आधार पर एक सौ छियासी प्रतिशत बढ़कर बीस मीट्रिक टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

देखा जाये तो मोदी सरकार के इस फैसले के पीछे केवल बहुमूल्य धातुओं के आयात को नियंत्रित करना ही नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ते आयात बिल और विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को कम करना भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा के कारण कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात खर्च में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे देश के भुगतान संतुलन और चालू खाते के घाटे पर गंभीर दबाव बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि आयात शुल्क बढ़ने से अल्पकाल में चालू खाते के घाटे और रुपये पर दबाव कम हो सकता है, लेकिन घरेलू बाजार में सोना और चांदी और महंगे हो सकते हैं तथा तस्करी का खतरा फिर बढ़ सकता है।

हम आपको याद दिला दें कि सरकार ने इससे पहले भी सोना और चांदी के आयात पर तीन प्रतिशत एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर लगाया था, जिसके बाद बैंकों ने एक महीने से अधिक समय तक आयात रोक दिया था। परिणामस्वरूप अप्रैल महीने में सोने का आयात लगभग तीस वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। बाद में बैंक कर भुगतान के बाद आयात फिर शुरू कर पाए, लेकिन अब नई शुल्क बढ़ोतरी के बाद व्यापारियों का मानना है कि आयात में फिर भारी गिरावट आ सकती है।

इसलिए उद्योग जगत ने सरकार के इस कदम पर चिंता जताई है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद के अध्यक्ष राजेश रोकडे ने कहा कि बढ़े हुए शुल्क और प्रधानमंत्री की मितव्ययिता अपील के कारण कारोबार कठिन दौर में पहुंच सकता है। उनका कहना है कि इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी होने का खतरा है। परिषद के अनुसार अब सीमा शुल्क, वस्तु एवं सेवा कर तथा कृषि उपकर को मिलाकर सोना प्रति दस ग्राम लगभग सत्ताईस



हजार रुपये तक महंगा हो सकता है, जबकि पहले यह बढ़ोतरी लगभग तेरह हजार पांच सौ रुपये थी। इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने के लिए उद्योग संगठनों की बैठक मुंबई में बुलाई गई है।

सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक सुवंकर सेन का कहना है कि जब तक पश्चिम एशिया संकट और ऊंची तेल कीमतों की स्थिति बनी रहेगी, तब तक आयात शुल्क ऊंचे स्तर पर रह सकते हैं। उनके अनुसार इस कदम से सोने की मांग में दस से पंद्रह प्रतिशत तक कमी आ सकती है और उपभोक्ता हल्के वजन के आभूषणों की ओर रुख कर सकते हैं।

वहीं सरकार का तर्क है कि सीमा शुल्क में यह बढ़ोतरी उपभोक्ता विरोधी नहीं बल्कि संतुलित और सावधानीपूर्वक उठाया गया कदम है, जिसका उद्देश्य गैर जरूरी आयातों को नियंत्रित करना और देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता को सुरक्षित रखना है। सूत्रों के अनुसार अतीत में भी वैश्विक अस्थिरता के समय सीमा शुल्क का उपयोग आर्थिक संतुलन बनाए रखने के साधन के रूप में किया जाता रहा है। वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में जब बाहरी आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत थी, तब सरकार ने सोना और चांदी पर शुल्क पंद्रह प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत तथा प्लैटिनम पर शुल्क पंद्रह दशमलव चार प्रतिशत से घटाकर छह दशमलव चार प्रतिशत कर दिया था।

हम आपको यह भी बता दें कि पहले के दौर में भी स्वर्ण नियंत्रण संबंधी कठोर नियम लागू किए गए थे। तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई ने 1962 में स्वर्ण नियंत्रण उपाय लागू किए थे, जिनके तहत सोने पर अग्रिम कारोबार पर रोक लगाई गई और बैंकों द्वारा दिए गए स्वर्ण ऋण वापस लिए गए। बाद में 1963 में चौदह कैरेट से अधिक शुद्धता वाले आभूषणों के निर्माण पर रोक लगा दी गई और 1968 में कडा स्वर्ण नियंत्रण कानून लागू किया गया था।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## जब शब्द साथ छोड़ देते हैं, तब स्पर्श बोलता है, रिश्तों और संवेदनाओं की अनकही भाषा

**(महेश परिमल)**

इंसान को जिंदा होने, जुड़ाव और अपनेपन की अनुभूति कराने वाला एक गहरा शारीरिक और भावनात्मक अनुभव है स्पर्श। यह न केवल शारीरिक संवेदना है, बल्कि प्यार, सुकून और आत्मीयता का संकेत देने वाला आभास भी है, जो किसी के दूर होने पर भी यादों में महसूस किया जा सकता है। यह एक रूहानी अनुभव भी हो सकता है। स्पर्श को कभी शब्दों की आवश्यकता नहीं होती। वह अपने आप में ही एक पूरा शास्त्र है। अब बच्चों को भी बताया जाता है कि किस तरह के स्पर्श को किस तरह से लिया जाए। वे भी अब 'अच्छे स्पर्श' और 'बुरे स्पर्श' को समझने लगे हैं। इससे हटकर कई बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें कहा नहीं जा सकता, बस एक स्पर्श ही काफी होता है पूरी बात बताने के लिए।

स्पर्श मात्र से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यह भावनाओं की अतल गहराइयों से अनुभव के मोती निकाल लाता है। यह दिल से दिल की बात करता है। इस स्पर्श को समझना भी मुश्किल है, पर इतना भी नहीं कि समझा ही न जा सके। हम सबको याद होगा कि किस तरह से असफल होने पर पिता ने हमारे सिर पर हाथ रखते हुए कहा था कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है। जीवन में इस तरह की परिस्थितियां आती रहती हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हार मान ली जाए। इसे पड़ाव मानो और कुछ आराम करने के बाद फिर निकल पड़ो। पिता के शब्द आज भले ही याद न हों, पर उनका वह स्पर्श आज भी सहसा याद आ जाता है।

आज हम भले उन हालात से दस कदम आगे हों, पर वह स्पर्श हमें सदैव यही याद दिलाता है कि हम भी कभी बेबस थे। उसी स्पर्श ने हमें संभाला। ऐसे कई पल होंगे, जो हमारे जीवन में आए होंगे। माता-पिता, भाई-बहन, दोस्त-साथी के स्पर्श पर उस समय हमने भले ही ध्यान नहीं दिया हो, पर आज वे सभी स्पर्श हमारी यादों में हैं। कई बार स्पर्श का जवाब स्पर्श ही होता है। हमने भी कई दफा अपनों को दिलासा देने के लिए उनके सिर पर हाथ रखा होगा। उनके कंधे थपथपाए होंगे। सामने वाले ने ऊर्जामय होकर हमसे विदाई ली होगी। स्पर्श से भावनाओं का संचार होता है।

एक अनजाना या कोमल स्पर्श अंतर्मन के तारों को झंकृत कर देता है। वहां खुशियों के भाव जगा देता है। अपनी कोमल भावनाओं को व्यक्त करने का शक्तिशाली माध्यम है स्पर्श, जो बिना शब्दों के बहुत कुछ कह जाता है। स्पर्श केवल शरीर तक सीमित नहीं है, अगर गहराई से महसूस करें, तो एक स्पर्श रूह में उतर जाता है। रण के मैदान में जाने वाले किसी सैनिक को उसकी मां या पिता जब कंधे पर अपना हाथ रखते हुए कहते हैं कि आज देश को तुम्हारी जरूरत है, जाओ और दुनिया को बता दो कि हममें भी दम है, तो यही उसका सहारा बन जाता है और वह पूरी शक्ति से दुश्मन पर हावी हो जाता है। रिश्तों की गहराई को बढ़ाने में यही स्पर्श बहुत अहम भूमिका निभाते हैं।

बरसों से एक-दूसरे को फूटी आंख न सुहाने वाले भाई जब आपस में मिलते हैं, तो एक स्पर्श उनके दुराग्रह की दीवारों को क्षण भर में तोड़ देता है। मन की भड़ास आंसू बनकर बाहर आ जाती है। दोनों के दिलों में प्यार का सोता बह निकलता है। दोनों को आश्चर्य होता है कि अभी तक प्यार का यह सोता कहां छिपा था! स्पर्श एक अनुभूति है, जिसे शब्दों की आवश्यकता नहीं होती। स्पर्श ही है, जो दुराग्रह की दीवार को पल भर में गिरा देता है। यह संघर्षों को झेलने की शक्ति देता है। इसके सहारे इंसान पूरी जिंदगी काट लेता है। स्पर्श से हौसला-अफजाई होती है। यह भावनाओं के समुंदर को बहा ले जाता है। यह रुलाता है, हंसाता है और कभी-कभी ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां कोई पराया नहीं, सभी अपने होते हैं, अपनापन होता है। इसके अलावा, स्पर्श व्यक्ति को संघर्षों से लड़ने की शक्ति भी देता है। एक सैनिक जब युद्ध के मैदान में जाता है, तो उसके परिजनों का स्नेहिल स्पर्श उसके लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। वही स्पर्श उसे साहस और आत्मविश्वास प्रदान करता है, जिससे वह कठिन परिस्थितियों का सामना कर पाता है। स्पर्श का प्रभाव इतना व्यापक है कि यह मनुष्य के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। स्पर्श के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर और दूसरों के भीतर छिपी भावनाओं को समझ पाता है।

यह कहा जा सकता है कि स्पर्श एक ऐसी अनुभूति है, जो शब्दों और संकेतों से परे है। यह मनुष्य के जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो उसे भावनात्मक रूप से जोड़ता है और जीवन को सही मायने में अर्थपूर्ण बनाता है। आज के इस व्यस्त और यांत्रिक जीवन में, जहां लोग एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं, वहां स्नेहपूर्ण स्पर्श की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है।

# डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनफिंग की मुलाकात के कूटनीतिक मायने शेष दुनिया के लिए अहम

**(कमलेश पांडे)**

गौरतलब है कि पिछले साल यानी अक्टूबर 2025 में जब आखिरी बार ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई थी, तब उनके बीच मुख्य मुद्दा टैरिफ था, लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात में जाहिर तौर पर ईरान भी होगा। क्योंकि पश्चिम एशिया संकट ने दोनों देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई है।

सफल कारोबारी से राजनेता बने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने हर रिश्ते को फायदे और नुकसान के नजरिये से देखते है, लेकिन कूटनीतिक इंजीनियर समझे जाने वाले चीन के अपने दौरे को लेकर उन्होंने केवल इतना भर कहा कि यह सिर्फ व्यापार नहीं, वैश्विक रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। चूंकि अमेरिका और चीन एक दूसरे के सहयोगी और प्रतिस्पर्धी दोनों समझे जाते हैं, इसलिए लगभग एक दशक के अन्तराल पर हुई उनकी यह यात्रा के कूटनीतिक मायने अहम समझे जाते हैं, क्योंकि उनकी इस मुलाकात की सफलता और विफलता का असर पूरी दुनिया पर निःसंदेह पड़ेगा।

गौरतलब है कि पिछले साल यानी अक्टूबर 2025 में जब आखिरी बार ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई थी, तब उनके बीच मुख्य मुद्दा टैरिफ था, लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात में जाहिर तौर पर ईरान भी होगा। क्योंकि पश्चिम एशिया संकट ने दोनों देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई है। इसलिए स्वाभाविक बात है कि आपसी तनाव के बावजूद वे सहयोग का रास्ता तलाशने की कोशिश करेंगे। चूंकि लगभग एक दशक बाद यानी 2017 के बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति 2026 में चीन पहुंचा है। हालांकि, टैरिफ वॉर की वजह से माना जाता है कि ट्रंप का रुख पेइचिंग को लेकर कठोर है।

समझा जाता है कि अपने पहले कार्यकाल में ही उन्होंने यानी ट्रंफ ने चीन से होने वाले आयात पर टैरिफ की घोषणा की थी। जबकि दूसरे टर्म में वह इस लड़ाई को और आगे ले गए और 125 प्रतिशत तक भारी भरकम टैरिफ तक जड़ दिया। हालांकि दुनियावी रेयर अर्थ मिनरल्स पर चीनी नियंत्रण की वजह से आखिरकार ट्रंप को झुककर समझौता करना पड़ा था, अन्यथा उनका कारोबारी हित प्रभावित होता। ऐसे में टैरिफ वॉर भले थम गई हो, पर अमेरिका और चीन के बीच की पारस्परिक होड़ कायम है और वह नित्य नए स्वरूप में उभरकर सामने आ ही जाती है। चूंकि दोनों देश एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहते हैं, पर इतना नहीं जिससे बात ज्यादा बिगड़े।

हाल के अमेरिका/इजरायल और ईरान युद्ध के दौरान भी कुछ यही देखने को मिला है। भले ही ईरान की आर्थिक व सामरिक मदद के आरोप में अमेरिका ने कुछ चीनी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की, और चीन ने भी पलटवार करते हुए वॉशिंगटन की नीतियों का विरोध किया, लेकिन सब कुछ नियंत्रण में रहकर हुआ। इसकी ठोस वजह उनकी आपसी निर्भरता और पारस्परिक जरूरत भी है, जिसे समझने की जरूरत है। आपको यह मालूम होना चाहिए कि चीन के लिए अमेरिका आज भी सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि इस साल चीनी निर्यात में करीब 10 प्रतिशत की कमी आई है। चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए यह झटका है।

दिलचस्प बात तो यह है कि खाड़ी देशों में भी



चीन का निर्यात घटा है। मसलन, तेहरान (ईरान) का सबसे बड़ा तेल खरीदार होने के नाते भी उसकी परेशानी बढ़ रही है। लिहाजा चीन चाहता है कि युद्ध जल्दी थमे। भारत की भी यही सोच है। वहीं दूसरी ओर, ट्रंप को ईरान पर समर्थन और निवेश के लिए चीन चाहिए। इसीलिए वह अपने साथ कई बड़े उद्यमियों को लेकर बीजिंग पहुंचे हैं। चूंकि अमेरिका इस दौरे से बड़ी डील की उम्मीद कर रहा है, खासकर बोइंग विमानों की। इसलिए आलोचकों को डर है कि कहीं ताइवान पर ट्रंप नरम न पड़ जाएं। अमेरिकी हित में वह ऐसा कर सकते है।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि इस समय दोनों रसूखदार नेता घरेलू मोर्चे पर विविध असहज स्थितियों में फंसे हुए हैं। लिहाजा उनकी कोशिश यही होगी कि इस मुलाकात से कुछ बड़ा हासिल किया जाए। यदि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं पारस्परिक सहयोग के रास्ते पर बढ़ती है और ईरान में शांति कायम होती है, तो यूक्रेन सहित सभी का फायदा होगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे पर दुनियाभर की निगाहें लगी हुई हैं। ऐसे में स्वाभाविक बात है कि भारत भी अपने दोनों प्रतिस्पर्धियों पर नजर रखेगा। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी इससे जुड़े एक सवाल पर कहा भी है कि भारत के कई देशों के साथ रिश्ते है। कई देशों के साथ साझेदारी आगे बढ़ रही है। चूंकि विभिन्न देशों के बीच इस तरह का दौरा होता रहता है और जब भी इस तरह के दौरे होते हैं तो भारत देखता है कि उसमें क्या बदलाव आया है- या फिर क्या गतिविधियां हुई। ऐसा इसलिए किया जाता है कि राष्ट्रहित के अनुरूप नीतियां संशोधित होती रहें।

चूंकि भारत हाल के वर्षों में अमेरिका भारत का अहम रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है। दूसरी ओर चीन भी भारत का अहम पड़ोसी देश है, जिसके साथ सीमा विवाद के बाद भी रिश्ते व्यवहारिक समझ पर वापस लौट रहे है। ऐसे में दोनों देशों के आपसी संबंध और इस दौरे के निष्कर्ष भी भारत पर असर डालेगा। अमेरिका और चीन के रिश्ते एक लंबे वक्त तक असहजता के दायरे में रहे, जिसके जियोपॉलिटिकल प्रभाव से भारत भी अछूता नहीं रहा है। ट्रंप का यह दौरा 2017 के बाद हो रहा है। चीन पहुंचने पर बुधवार को ट्रंप का स्वागत उपराष्ट्रपति ने किया, जो 2017 से अच्छा स्वागत होने को दर्शाता है।

चीन मामलो के जानकार बताते हैं कि भारत जानना चाहेगा कि ट्रंप और चिनफिंग के बीच बातचीत का क्या निष्कर्ष निकला। हाल के वर्षों में प्रशांत महासागर में जिस तरह चीन का प्रभाव बढ़ा है, इसी बैलेस ऑफ पावर के मद्देनजर अमेरिका और भारत रणनीतिक और सामरिक मुद्दों पर लगातार नजदीकी स्तर पर काम करते रहे। ऐसे में अमेरिका और चीन

## संक्षिप्त समाचार

### विस्थापित परिवारों का कुमारीपुर में धरना

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के कुमारीपुर स्थित हाईवे सर्विस रोड से सटे भूखंड पर कमालपुर मदारीचक और लक्ष्मीपुर के कटाव पीड़ित सैकड़ों विस्थापित परिवारों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि वे वर्षों से दिलारपुर कारीकोसी बांध पर किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं और सरकार द्वारा उन्हें उक्त जमीन पर बसाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक 324 परिवारों का पुनर्वास नहीं हो सका है। धरना का नेतृत्व कर रहे खगेंद्र



साह ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी तथा मनिहारी थाना को पूर्व में सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विस्थापित परिवार लंबे समय से स्थायी पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में विद्यासागर आचार्य, तारा कुमारी,चंद्रशेखर मंडल,सच्चिदानंद स्नेही समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। धरना में शामिल लोगों ने दावा किया कि संबंधित भूमि के मालिक को सरकार द्वारा मुआवजे की राशि दी जा चुकी है तथा इस मामले में उच्च न्यायालय का भी आदेश है। वहीं दूसरी ओर जमीन मालिक राजीव कुमार ने इन दावों से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें सरकार की ओर से कोई सूचना या भुगतान की जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि जमीन की रसीद अब भी उनके नाम पर है और कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। राजीव कुमार ने जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से सहयोग की मांग की है। मामले की सूचना मिलने पर मनिहारी पुलिस की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से जानकारी लेकर स्थिति का जायजा लिया।

### शिकारपुर मुखिया हाजिक हसन अंसारी पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र का लगा आरोप

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड के शिकारपुर पंचायत के मुखिया हाजिक हसन अंसारी के जाति प्रमाण पत्र को गलत ठहराते हुए उनके फर्जी जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने



के लिए चुनाव आयोग के समक्ष बारसोई नगर पंचायत क्षेत्र के दो लोगों ने याचिका दायर की जिसके आलोक में चुनाव आयोग और जिला प्रशासन ने अंचल प्रशासन और हल्का कर्मचारी के द्वारा जांच कराई तो जांच में हाजिक हसन अंसारी कुछ भी साबित नहीं कर पाए सिर्फ मौखिक रूप से उन्होंने बता दिया कि हमारे बाप दादा के नाम से जमीन का खतियान नहीं है। बता दें कि श्री अंसारी अत्यंत पिछड़े जाति का जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रखंड प्रमुख ,पंचायत समिति और मुखिया का चुनाव लड़ चुके हैं दो बार समिति की रह चुके हैं और दूसरी बार मुखिया हैं। वहीं अंचल पदाधिकारी के जांच में यह बात सामने आई की हसन अंसारी का कोई खतियान नहीं है। परंतु उनके विपक्षी नीलम कुमारी और नजरुल इस्लाम ने हाजिक हसन अंसारी के खानदान का जाति प्रमाण पत्र, प्रमाण के तौर पर लगाया है उससे साबित होता है कि हजिक हसन अंसारी अत्यंत पिछड़ी जाति के नहीं हैं। उनके जाति के कॉलम में मुसलमान लिखा हुआ है और उनके दादा के नाम के आगे शेख लगा हुआ है। इस संबंध में हाजी हसन अंसारी ने कहा कि मैं अत्यंत पिछड़ा जाति का हूं और अंसारी से आता हूं। मेरे पास पर दादा का खतियान है जिसमें जाति के कॉलम में मोमीन है। इसलिए मेरा जाति प्रमाण पत्र सही है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने कहा कि जो बात निचले स्तर पर जांच में सामने आई है उसक बात को जिला में भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई का दिशा निर्देश जिला पदाधिकारी के माध्यम से दिया जाना है।

### 15 गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच


**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 15 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच हुई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम राज ने गर्भवती महिलाओं की जांच की उचित दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व एएनएम के द्वारा रजिस्ट्रेशन, वजन,लंबाई,ब्लड किट से जांच किए। इसके उपरांत सभी को दवाई उपलब्ध



कराया गया। साथ ही जीविका के द्वारा अल्पाहार दी गई। इस अवसर पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम,क्लर्क पुष्कर राज,लेखापाल अनिमेष कुमार,परिवार कल्याण कार्यकर्ता सुधीर कुमार,विकास कुमार पासवान, जिमी झा, आशा शीला झा सुधा कुमारी,बबीता देवी,जोशना आरा,प्रिया कुमारी आदि उपस्थित रहे ।

### बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर अनुश्रवण समिति की बैठक

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के प्रखंड सभागार में अनुश्रवण समिति की बैठक अंचलाधिकारी मनसाही मो. इस्माइल की अध्यक्षता में की गई।बैठक में प्रखंड के सातों पंचायत के जनप्रतिनिधि के बीच विभिन्न तरह के चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पंचायत के मुखिया ने बारी बारी से खुलकर अंचलाधिकारी से बातें की एवं अपने-अपने एरिया में संभावित बाढ़ को लेकर विभिन्न तरह की मांग



करते हुए खासकर निचले स्तर एरिया में नाव की मांग की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने बिजली की समस्या पर भी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के समक्ष बातें की जबकि जीविका के तहत सोलर लाइट आम लोगों को मिलने का प्रशंसा किया। इस दौरान बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, अंचलाधिकारी मो. इस्माइल, प्रधान सहायक अरविंद कुमार,एस आई अखिलेश कुमार,कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कमल प्रीत,पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रिया कुमारी,अंचल निरीक्षक महबूब आलम,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह,जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद,मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, अवधेश प्रसाद यादव,दीप नारायण पासवान,मो. तजम्मुल हक,पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद मोफीजुद्दीन,पवन कुमार,अबू समा आदि उपस्थित रहे ।

### जनता दरबार का आयोजन चार मामलों का हुआ निष्पादन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी मनसाही मो. इस्माइल ने बताया कि इस साप्ताहिक जनता दरबार में कुल छः आवेदन पड़े। जिसमें दोनों पक्षों की उपस्थिति में चार मामलों का ऑन द स्पॉट



निष्पादन किया गया । दो मामले लंबित रहे जिसे अगले शनिवार को सुनवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के फरियादी मौजूद रहे ।

### पति की लंबी उम्र की कामना के लिए नव विवाहित महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ नव विवाहित एवं सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य का महापर्व वट सावित्री को लेकर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए बरगद के पेड़ पर कच्चे धागे बांधकर अपने पति की लंबी उम्र की कामनाएं करते हुए पूजा पाठ की। इस दौरान महादेव नगर, मरंगी, कुरेठा रेलवे स्टेशन के समीप,थाना परिसर एवं फुलहारा, चितौरिया, मोहनपुर, साहेबनगर, भेड़मारा के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ो की संख्या में सुहागिन महिला उपस्थित होकर पति के लिए लंबे उम्र के लिए बट पूजा करते हुए कथा सुनी। वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म के सुहागन महिलाओं का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण व्रत हैं इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख, समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना से निर्जला या फलाहारी व्रत रखती हैं यह व्रत सावित्री और सत्यवान की कथा पर आधारित हैं।

# सांसद ने लिया कटाव निरोधी कार्य का जायजा

## अधिकारियों को दिया तेजी से काम पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** सांसद तारिक अनवर ने शनिवार को कुसेर्ला प्रखंड क्षेत्र के बालूटोला एवं खैरिया गांव पहुंचकर गंगा नदी से हो रहे कटाव को रोकने के लिए चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं संवेदक से बातचीत कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि गंगा कटाव की समस्या वर्षों से इस इलाके के लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। हर वर्ष बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से गांवों पर खतरा मंडराने लगता है, जिससे लोगों की जमीन, घर एवं खेती प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि कटाव प्रभावित क्षेत्रों में



सुरक्षा कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा होना बेहद जरूरी है ताकि लोगों को राहत मिल सके। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कटाव निरोधी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात आने से पहले सभी जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि संभावित खतरे को कम किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी सांसद के समक्ष कटाव की गंभीर समस्या को रखा तथा कई स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा कार्य कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गंगा नदी का कटाव एक बड़ी चिंता है जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। सांसद ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को सरकार एवं संबंधित विभाग तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा और हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, मो० रईस, उमा यादव, प्रहलाद गुप्ता,मोहम्मद आलम, दिलखुश कुमार यादव, जयशंकर प्रसाद यादव, राजीव साह, अशोक यादव, सिंटू कुमार सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## लंबित रेल संबंधी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सांसद ने जीएम को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने कटिहार रेल मंडल एवं सीमांचल क्षेत्र की लंबे समय से लंबित रेल संबंधी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को एक अत्यावश्यक पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि अपने पत्र में सांसद श्री अनवर ने कहा है कि कटिहार रेल मंडल एनएफ रेलवे का एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत अहम रेल मंडल है, जिसके सुदृढ़ीकरण से न केवल सीमांचल क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सुविधाएं मिलेंगी। बल्कि पूर्वोत्तर भारत और देश के अन्य हिस्सों के बीच संपर्क भी मजबूत होगा। सांसद श्री अनवर ने पत्र के माध्यम से कटिहार-मनिहारी - तेजनारायणपुर रेलखंड को मालदा टाउन तक विस्तारित करने, कटिहार से चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद एवं तिरुवनंतपुरम के लिए सीधी दैनिक रेल सेवा शुरू करने, कटिहार के लिए बाईपास लाइन मनीया एवं नए स्टेशन की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने, दैनिक यात्रियों के लिए ईएमयू सेवा शुरू करने तथा आपातकालीन कोटा बढ़ाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुधानी में गरीब नवाज एक्सप्रेस एवं काढ़ागोला रोड में अवध असम एक्सप्रेस के ठहराव , कटिहार से दरभंगा के बीच नई इंटरसिटी एक्सप्रेस , जिले में स्वीकृत एवं प्रस्तावित आरओबी, आरयूबी परियोजनाओं की



अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराने, कटिहार-कोलकाता के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस तथा कटिहारझरांची सीधी रेल सेवा शुरू करने की भी मांग उठाई है। सांसद श्री अनवर ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र के लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ, शिक्षा , रोजगार एवं व्यापार के लिए बेहतर रेल संपर्क पर निर्भर हैं। जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर रेल मंत्रालय को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निर्णय लेना चाहिए। सांसद श्री अनवर रेल मंत्रालय के प्रति आश्वस्त है कि जल्द से जल्द इन कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा।

## ललन सर्राफ को विधान परिषद में उप नेता बनाये जाने पर जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विधान पार्षद ललन सर्राफ को विधान परिषद में उप नेता बनाये जाने पर जिले के कार्यकर्ता में हर्ष का माहौल है। जनता दल यू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि ललन सर्राफ जदयू में एक ऐसे नेता हैं जो हर कार्यकर्ता की बात को गंभीरता से सुनते हैं और उसका निराकरण भी तत्काल प्रभाव से व्यक्तिगत रूप से करने का प्रयास भी करते हैं। ललन सर्राफ आज भी अपने आप को जदयू का एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को संगठन को बुथ स्तर तक मजबूत करने में लगे रहते हैं जबकि वे एक



चार्टेड एकाउंटेंट के साथ एक अच्छे वक्ता भी है। जदयू के सभी कार्यकर्ता को विश्वास है कि उनकी क्षमता और प्रदेश की समस्या को लेकर विधान परिषद में आवाज पहले से ज्यादा प्रखर रूप से उठेगी। श्री सर्राफ पार्टी के कोषाध्यक्ष के साथ व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक पद पर कार्यरत हैं। श्री सर्राफ के विधान परिषद में उप नेता बनने पर प्रदेश सचिव रवि महावर, शिव अग्रवाल, कर्ण कुमार, प्रवीण पंकज, जिला अध्यक्ष निरंजन पोद्दार, नगर अध्यक्ष अधिवक्ता यशस्वी अग्रवाल राजीव पुर्वे, अधिवक्ता राजेश चमड़िया सहित जदयू के जिलध्यक्ष सूरज प्रकाश राय, महानगर अध्यक्ष विशाल राणा, जदयू के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार सुमन, पुर्व कार्यकारी नगर अध्यक्ष संजय सिंह सहित कई नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी ने एक स्वर में आशा भी जताई है कि श्री सर्राफ पार्टी के साथ सभी कार्यकर्ता की आवाज बन कर नयी उर्जा के साथ उभरेंगें।

## घटना को अंजाम देने के फिराक में अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र के इमली टोला सहजा में एक अपराधी के द्वारा किसी घटना को अंजाम देने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। मनसाही थाना के अपर थानाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी विगत रात्रि कार्रवाई हेतु इमली टोला सहजा पहुंचे जहां अपराधी अब्दुल खालिक (40) पिता रहमान अली मनसाही पुलिस को देखकर भागने लगे। मनसाही पुलिस तत्परता दिखाते हुए भाग रहे अब्दुल मालिक को इमली टोला सहजा में ही पकड़ लिया तथा तलाशी के दौरान अब्दुल मालिक के पास से दो देसी कट्टा,एक मैगजीन,तीन जिंदा कारतूस प्राप्त हुए। उन्हें मनसाही थाना लाया गया कागजी कार्रवाई कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में स्वास्थ्य जांच करा कर कटिहार जेल भेज दिया।

## लापरवाही के आरोप में कई जनगणना कर्मियों से पूछा गया स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने जनगणना कार्य के दौरान क्षेत्र से अनुपस्थित पाये जाने पर 09 जनगणना कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है।जिसमें 02 पर्यवेक्षक व 07 प्रगणक शामिल हैं।इस बाबत जारी पत्र में बीडीओ ने कहा है कि इनके द्वारा 14.06.2026 को एचएलओ एप पर अपलोड किया गया इंट्री कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया है। वहीं 13.05.2026 को ई- शिक्षा कोष एप पर बनाई गई उपस्थिति के अवलोकन से पता चलता है कि उन्होंने अपनी उपस्थिति गणना ब्लाक से अधिक दूरी या कहीं अन्य जगह से बनाई गई है। जिससे प्रतीत होता है कि उक्त तिथि को आपके द्वारा क्षेत्र में उपस्थित रहकर जनगणना का कार्य नहीं किया गया है। चार्ज पदाधिकारी ने कर्मियों के इस कृत्य को जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता तथा वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना मानते हुए उन्हें पत्र निर्गत की तिथि से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की है।बीडीओ ने बताया कि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने पर 13.05 .2026 का वेतन स्थगित कर दिया जाएगा। स्पष्टीकरण पूछे जाने वालों में शिक्षक मो.फैजान रेजा, मिताली चौधरी, कपिल कुमार, संतोष कुमार, सुमन कुमार सिंह, समीमा खातुन, तौहिद आलम, सुजीत कुमार आनंद, सलित कुमार और राजीव रंजन शामिल है।

## मोहनचांदपुर दियारा में पुलिस का एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** एसपी शिखर चौधरी के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सेमापुर पुलिस ने एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल ने मोहनचांदपुर दियारा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में पैदल मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम गांव के क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाती नजर आई। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को देने की अपील की। वहीं दियारा



क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता देखकर लोगों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा।

थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी तथा लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार गश्ती एवं अभियान जारी रहेगा।

## सुखमय वैवाहिक जीवन व अखंड सुहाग की कामना को लेकर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के प्रखंड क्षेत्र के ग्रमीण व शहरी अंचलों में शनिवार को अहले सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पवित्र नदियों,सरोवरों, तालाबों में स्नान कर अक्षय वट वृक्ष की नियम- निष्ठा के साथ पूजा - अर्चना कर अपने दीर्घ सौभाग्य की कामना की। सनातन धर्म में महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र ,सुखी दाम्पत्य जीवन सहित अपनी अखंड सुहाग की कामना को लेकर अनेक तरह की व्रत का पालन करती हैं। वट सावित्री का व्रत भी सौभाग्य व अखंड सुहाग प्राप्ति का व्रत माना जाता है। ज्येष्ठ मास की कृष्णपक्ष अमावस को वट सावित्री का व्रत



सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की रक्षार्थ मनाती हैं। इस व्रत के साथ सावित्री -सत्यवान की कथा जुड़ी हुई हैं। सावित्री- सत्यवान व्रत कथा के अनुसार वट वृक्ष के नीचे ही उनके सास -ससुर को दिव्य ज्योति, छिना हुआ राज्य तथा उनके मृत पति के शरीर मे प्राण वापस आये थे।पुराणों के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास माना जाता है। इसे देव वृक्ष माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष में माता लक्ष्मी हर वक्त वास करतीं हैं। अतएव बरगद की पूजा करने से मनोवांक्षित फल प्राप्त होता है। मान्यता है की मार्कंडेय ऋषि को भगवान कृष्ण ने बरगद के पत्ते पर ही दर्शन दिया था। बरगद वृक्ष का पर्यावरण संरक्षण मे भी बड़ा योगदान माना गया है। इसे प्राण वायु आक्सीजन उत्सर्जन का केन्द्र भी माना गया है। एक जानकारी के अनुसार सामान्य पेड़ों की अपेक्षा बरगद का पेड़ बीस घंटे तक आक्सीजन का उत्सर्जन करता है। इसलिए सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत के दिन बरगद वृक्ष को सींचती हैं।पूजा-अर्चना करती हैं।भगवान बुद्ध को भी बरगद पेड़ के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था।

धार्मिक व लोक मंगल की कामना को लेकर बटबृक्ष की पूजा - अर्चना सुहागिन महिलाएं सौभाग्य - ऋंगार से सजधजकर नियम-निष्ठा व संकल्प के साथ वट सावित्री की उपासना करती हैं।

## सालमारी में शिव मंदिर निर्माण को लेकर किया गया भूमि पूजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी बाजार में सोमवारी हटिया के निकट शिव मंदिर निर्माण को लेकर पुजारी राजेश कुमार के द्वारा भूमि पूजन विधि विधान पूर्वक कराया गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से इस मंदिर का निर्माण किया जायेगा। स्थानीय श्याम अग्रवाल, विकास कुमार अग्रवाल के द्वारा भूमि पूजन को लेकर संकल्प लिया।



हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जय घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। वही कार्यक्रम के मौके पर संजय गुप्ता, पंचदेव सिंह, अशोक कुमार अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, पवन अग्रवाल, नरेंद्र सिहानिया, किशोर सिंह, कन्हैयालाल, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में इस अवसर पर स्थानीय शिव भक्त मौके पर उपस्थित रहे ।

# निगम को डिजिटल और हाइटेक बनाने की दिशा में क्यूआर कोड स्कैन फैसिलिटी और मोबाइल ऐप की शुरूआत

## वार्ड नंबर 30 में महापौर एवं नगर आयुक्त की उपस्थिति में किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कटिहार नगर निगम को डिजिटल और हाईटेक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। अब नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को होल्डिंग टैक्स जमा करने से लेकर साफ-सफाई की शिकायतों के लिए निगम कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर कटिहार नगर निगम में क्यूआर कोड स्कैन फैसिलिटी और विशेष मोबाइल ऐप की शुरूआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का विधिवत शुभारंभ वार्ड नंबर 30 के पार्षद नितेश सिंह उर्फ निक्कू सिंह के आवास से किया गया। इस मौके पर निगम की मेयर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल एवं और नगर आयुक्त संतोष कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। क्यूआर कोड से मिलेगी मकान



और निवासियों की सटीक जानकारी - इस नई तकनीक के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी मकानों पर एक विशिष्ट र क्यूआर कोड लगाया जाएगा। इसे स्कैन करते ही मकान, उसके स्वामित्व मालिकाना हक तथा उस घर में रहने वाले कुल सदस्यों की पूरी जानकारी कटिहार नगर निगम के डेटाबेस में उपलब्ध हो जाएगी। नागरिक इस क्यूआर कोड को स्कैन कर घर बैठे ही अपने मकान का वार्षिक शुल्क होल्डिंग टैक्स अदा कर सकेंगे। आने वाले समय में इस ऐप को पूरी तरह विकसित कर दिया जाएगा। जिसके बाद शहरवासी घर बैठे ही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवा सकेंगे।

**'बिनिमिस लैब' तैयार कर रही है विशेष ऐप, लापरवाह सफाईकर्मियों पर होगी कार्रवाई :** नगर निगम इस पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए बिनिमिस लैब प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से एक अत्याधुनिक मोबाइल ऐप विकसित कर रहा है। इस ऐप के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र का कोई भी नागरिक निगम से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेगा, अपना बकाया टैक्स देख और जमा कर सकेगा। कामचोरी पर लगेगी लगाम - इस ऐप के जरिए वार्डों में तैनात सफाई कर्मियों की डिजिटल रेकी निगरानी की जाएगी। जब सफाई कर्मी आपके वार्ड में काम कर रहे होंगे, तो आपके मोबाइल पर एक अलर्ट जाएगा। जिससे उनकी लाइव लोकेशन का पता चल सकेगा। ऐसे में सफाई कर्मी अपनी जवाबदेही से भाग नहीं पाएंगे। ड्यूटी में लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी की तर्ज पर कटिहार में क्यूआर कोड व्यवस्था की शुरूआत हो चुकी है। अब तक नागरिकों को शिकायत रहती थी कि उनके क्षेत्र में निगम कर्मी सफाई नहीं कर रहे हैं। इस क्यूआर कोड और ऐप के माध्यम से यह तुरंत पता चल जाएगा कि किस क्षेत्र से क्या शिकायत आई है और उस पर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। वही नगर आयुक्त संतोष कुमार बताया कि इस डिजिटल पहल से नगर निगम का सैनिटेशन सफाई और टैक्सेशन कर संग्रह का कार्य बेहद सटीक और पारदर्शी हो जाएगा। भविष्य में नागरिक अपने होल्डिंग टैक्स के बकाये का पूरा विवरण देख सकेंगे और यहीं से भुगतान भी कर पाएंगे। इसके अलावा,निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ियों में जीपीएस लगाया जा रहा है। जिससे सफाई व्यवस्था का सही अवलोकन और निष्पादन सुनिश्चित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संत कैरेंस स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संत कैरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूलमें सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल राहुल शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थापक एवं संरक्षक डी.पी. गल्स्टॉन, हेड ऑफ अकादमिक ऑपरेशन्स एंड स्ट्रेटेजी शेफाली श्रीवास्तव, सोमा चटर्जी,सहित अभिभावक एवं शिक्षक मौजूद रहे। कक्षा 12वीं में आदिव्य आर्यन एवं सौम्या सिन्हा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, जबकि कक्षा 10वीं में शिवम कुमार ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। समारोह में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। मुख्य अतिथि कर्नल राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है। समारोह का समापन विद्यार्थियों को परिश्रम, विनम्रता एवं दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने के संदेश के साथ हुआ।



### घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही 26 वर्षीय विवाहिता के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। वह रात में अपनी बेटी के साथ घर में सोई हुई थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। हाथीदह थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत मिलते ही मामला दर्ज कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले की आगे जांच जारी है।

### भोपापुर में मेघा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को विधायक ने किया पुरस्कृत

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के भोपतपुर बझिया स्थित पीएम श्री जटा सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूपतिपुर, बझिया में शनिवार को मेघा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत माध्यम है। मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं आने वाले समय में क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोटवा आनंद मोहन ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। विद्यालय के प्राचार्य अरुण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है।समारोह में सरपंच मनोज सिंह, अखिलेश सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, हरेंद्र सहनी, प्रभुनंदन पटेल, नागेंद्र मिश्र, भुनेश्वर सिंह, मोहन सहनी, अजय यादव एवं वीरेंद्र कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षकगण, स्थानीय ग्रामीण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। पूरे समारोह का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।



### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति ने एस यू कॉलेज, हिलसा किया औचक निरीक्षण

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को समीपवर्ती हिलसा स्थित श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।कुलपति ने सर्वप्रथम महाविद्यालय के संस्थापक बाबा विष्णु प्रकाश उदासीन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद उन्होंने सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों की उपस्थिति संतोषजनक पाई। हालांकि कुछ देर से आने वाले शिक्षकों को समय पर उपस्थित रहने की चेतावनी भी दी गई। वही महाविद्यालय में पाली, उर्दू, अंग्रेजी और बॉटनी विषयों के लिए एक शिक्षा के नहीं है। इसपर प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह नेअतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए बिहार सरकार से बात करने का आश्वासन भी दिया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने कक्ष संख्या 5 में बॉटनी की चल रही कक्षा में कुछ विद्यार्थियों से सवाल भी पूछे।कुलपति प्रो उपेन्द्र बाबू ने कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक अनुशासन और नियमित कक्षाओं के संचालन से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करना महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।कुलपति ने नवनियुक्त प्राचार्य प्रो0शिवचंद्र सिंह को महाविद्यालय के जमीन पर अतिक्रमण रोकने और ऐतिहासिक धरोहरों तालाब के संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों को समय पर महाविद्यालय पहुंचने तथा नियमित रूप से वर्ग संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डॉ. पी.सी. चौरसिया, डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. शिवजी सिंह ठाकुर, प्रोफेसर संदीपा इंद्रा, डॉ. ए.के. झा, संघ के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन, डॉ. घनश्याम कुमार, डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, कुमार पवन, बीएसए के शिक्षक राजमणि कुमार, डॉ. सम्राट सरकार,हेड क्लर्क सुभद्रा सिन्हा, लेखापाल रोनित रॉय, मधुसूदन कुमार, राजा कुमार, शैलेश कुमार, गुड्डू कुमार,सुजीत,चिंटू, बीरेंद्र, संगीता, वजरंगी लाल वर्मा, नवीन, अजीत, प्रमेंद्र, मो. वसीम,सनोज मालाकार, राजेश यादव,सहित छात्र संघ के आशीष पटेल, विभूति यादव, धर्मेंद्र यादव, विकास चंद्रवंशी और कई अन्य उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों मे राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## रोगी हितधारक मंच के सदस्यों ने लोगों को किया जागरूक





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों व आँगनबाड़ी केंद्रों पर 16 मई को डेंगू दिवस मनाया गया ' इस अवसर पर रोगी हितधारक मंच के सदस्यों व स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों के बीच डेंगू से बचाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस सम्बन्ध मे जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एससी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की डेंगू जैसे खतरनाक बीमारी की रोकथाम के लिए समाज को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने बताया की डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है, जो एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से फैलती है। बारिश के मौसम में डेंगू के मरीजों में बढ़ोतरी होने की संभावना होती है ' इस कारण इस बीमारी से सचेत रहना है इसके लिए आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता लाने हेतु लोगों के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर डेंगू से बचाव एवं कारण के बारे में जानकारी सहित लिखे हुए पम्पलेट भी बांटा गया. ताकि लोग डेंगू के कारण एवं बचाव के बारे में भली - भांति समझ सकें। संग्रामपुर प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर इजरा क मध्य विद्यालय सह उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय इजरा में, जलहा के,पीएसपी सदस्य, सीएचओ भीखाराम की अध्यक्षता में, पचभीड़वा मे राकेश मोहनपुरिया, मधुबनी बाजार मे महेंद्र सिँह, चकिया के मधुडीह मे राजेश कुमार, लखनी मे विजय भगत, चिरैया के मध्य विद्यालय मे सीएचओ रोहित राज के द्वारा स्कुल मे सैंकड़ो बच्चों के बीच राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया।वहीं एएनएम कॉलेज मे भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार व सत्यनारायण उरांव के द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया '

डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय :- डेंगू से बचने के लिए घर के आस - पास साफ सफाई रखे, रात्रि मे मच्छरदानी का उपयोग करे, तथा बरसात का पानी जमा न होने दें । और डेंगू बीमारी के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया गया । तेज बुखार , बदन सर एवं जोड़ो में दर्द तथा आंखों के पीछे दर्द होना, नाक मसूड़े से या उल्टी के साथ रक्त स्त्राव होना त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान आना ये सारे डेंगू के लछण है और अगर इनमें से कोई भी लक्षण किसी व्यक्ति मे दिखे तो उसे जल्दी ही सरकारी स्वास्थ केंद्र पर ले जा कर उसकी जांच एवं ईलाज करवाए।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर एकमा सीएचसी में जागरूकता कार्यक्रम

### डेंगू मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प



**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने डेंगू मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया और आम लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार ने बताया कि डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। डेंगू के मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के लिए नियमित रूप से दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध मरीजों की जांच के लिए सीएचसी में डेंगू जांच किट की व्यवस्था की गई है, ताकि समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि संभावित मरीजों के इलाज के लिए सीएचसी में विशेष डेंगू वार्ड बनाया गया है, जहां मरीजों के लिए दो बेड आरक्षित किए गए हैं। स्वास्थ्य कर्मियों को डेंगू के लक्षण, बचाव और उपचार से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर डॉ. इरफान अहमद, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहिद अख्तर, हेल्थ सुपरवाइजर सत्येंद्र कुमार सिंह, लेखाकार ब्रजेश कुमार सिंह, लैब टेक्नीशियन सुनील गुप्ता, स्टोर इंचार्ज ओमप्रकाश प्रसाद, एएनएम निर्मला कुमारी, सोनाली कुमारी, पूजा कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी, सुरक्षा कर्मी और एंबुलेंस कर्मी मौजूद रहे।

## बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने शनिवार को पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ वट सावित्री व्रत किया। इस दौरान महिलाओं ने बरगद वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति एवं उन्नति का आशीर्वाद मांगा। पर्व को लेकर एक दिन पूर्व देर शाम तक चिरैया प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार में काफी चहल-पहल रही। बांस के पंखे, डलिया, फल, साड़ियां, चूड़ियां एवं अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। शनिवार अहले सुबह से ही महिलाएं सज-धज कर अपने घरों के समीप स्थित वट वृक्ष के नीचे एकत्रित होने लगीं। व्रती महिलाओं ने जल, फूल, रोली-मौली, भीगा चना, गुड़ एवं कच्चा सूत अर्पित कर वट वृक्ष का जलाभिषेक किया तथा उसके तने के चारों ओर कच्चा धागा लपेटकर सात बार अथवा यथाशक्ति परिक्रमा की। इसके बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। चिरैया कोठी निवासी किशोरी कुमारी एवं शिखा कुमारी ने बताया कि यह व्रत प्रेम, निष्ठा एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। वहीं जिन स्थानों पर बरगद का वृक्ष दूर था, वहां महिलाओं ने घरों में वट वृक्ष की टहनी स्थापित कर पूजा-अर्चना की।

## मोकामा में सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वट सावित्री पूजा के पावन अवसर पर शनिवार को प्रखंड भर में आस्था और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही मोकामा के परशुराम स्थान मंदिर, जीआरपी मंदिर और महादेव स्थान मंदिर में स्थित वट वृक्षों के पास महिलाओं की भारी भीड़ जुटने लगी। लाल-पीले वस्त्रों में सजी-धजी सुहागिनों ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर 7 परिक्रमा की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी और फल, फूल, अक्षत, रोली व भीगे चने का भोग लगाया।मान्यता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लेकर अखंड सौभाग्य का वरदान पाया था।

## सावित्री के अटूट प्रेम, त्याग, समर्पण की गाथा वटवृक्ष पूजा



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वट सावित्री व्रत की पौराणिक कथा सत्यवान और सावित्री के अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण की गाथा है। यह व्रत पति की लंबी आयु, स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है, जिसमें महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष की पूजा कर कथा सुनती हैं।कथा का मुख्य विवरणःजन्म और विवाहः मद्र देश के राजा अश्वपति की अत्यंत तेजस्वी पुत्री थीं, जिनका नाम 'सावित्री' था। सावित्री ने राजा द्युमत्सेन के वनवासी पुत्र 'सत्यवान' को अपने पति के रूप में चुना, जो अल्पायु और गुणी थे। देवर्षि नारद ने राजा को बताया कि सत्यवान की आयु मात्र एक वर्ष ही शेष है, फिर भी सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रहीं।सत्यवान की मृत्युः विवाह के बाद सावित्री पति के साथ जंगल में रहने लगीं। नारद मुनि द्वारा बताए गए निश्चित दिन जब सत्यवान जंगल में लकड़ी काट रहे थे, तब उनके सिर में अचानक तेज दर्द हुआ और वे मूर्छित होकर पेड़ के नीचे लेट गए।यमराज का आगमनः उसी समय यमराज अपने साथ सत्यवान के प्राण लेने आए। जब यमराज उनके प्राण लेकर जाने लगे, तो सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चल पड़ीं।सावित्री की चतुराई और वरदानः यमराज ने सावित्री को कई बार लौटने को कहा, लेकिन सावित्री ने अपनी बुद्धिमत्ता और निष्ठा से यमराज को प्रभावित किया। उन्होंने यमराज से क्रमशः अपने अंधे सास-ससुर के नेत्र व राज्य की पुनः प्राप्ति, अपने पिता के लिए संतान, और अंत में सत्यवान के सौ पुत्रों की माँ बनने का वरदान माँगा।प्राणों की वापसीः इन वरदानों के चक्रव्यूह में बंधकर यमराज को सत्यवान के प्राण छोड़ने पड़े। सावित्री सत्यवान के प्राण लेकर उसी वट वृक्ष के पास लौटीं, और सत्यवान पुनः जीवित हो उठे।इसीलिए विवाहित स्त्रियां वट वृक्ष (बरगद का पेड़) को साक्षी मानकर उसकी पूजा करती हैं और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। व्रत से जुड़ी विस्तृत जानकारी और मुहूर्तों के लिए आप साधना ऐप ब्लॉग पढ़ सकते हैं।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत, सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु की कामना



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की तथा अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महिलाएं नए वस्त्र पहनकर सोलह श्रृंगार धारण कर पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के पास पहुंचीं। उन्होंने विधि-विधान से पूजा की, वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर उसकी परिक्रमा की और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी।कथा में बताया गया कि किस प्रकार माता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, तपस्या और बुद्धिमत्ता से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। कथा सुनने के बाद महिलाओं ने वैवाहिक जीवन में प्रेम, समर्पण और विश्वास बनाए रखने का संकल्प लिया।पूजा स्थलों पर भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं और परिवार की सुख-शांति की कामना की। बनकटवा सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में यह पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पौराणिक मान्यता के अनुसार, मद्रदेश के राजा अश्वपति ने संतान प्राप्ति के लिए माता सावित्री की कठोर तपस्या की थी। देवी की कृपा से उनके यहां सावित्री का जन्म हुआ। विवाह योग्य होने पर सावित्री ने सत्यवान को पति रूप में चुना, जबकि ऋषियों ने पहले ही उनकी अल्पायु होने की भविष्यवाणी की थी।विवाह के बाद जब सत्यवान की मृत्यु का समय आया तो सावित्री ने कठोर व्रत रखा और अपने पति के साथ वन गईं। सत्यवान के प्राण हरने आए यमराज के पीछे-पीछे चलकर सावित्री ने अपनी बुद्धिमत्ता और पतिव्रता धर्म से उन्हें प्रसन्न किया। अंततः यमराज ने सत्यवान को पुनर्जीवन का वरदान दिया।इसी पौराणिक घटना की स्मृति में सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं और बरगद वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु तथा अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं।

## स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा नौवें दिन संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विवि, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा दिनांक 8 मई 2026 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल.एन.डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 16/05/2026 को परीक्षा के नौवें दिन प्रथम और दूसरी पाली में 'क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम' के अंतर्गत 'आपदा प्रबंधन' विषय की परीक्षा हुई।

## अखंड सुहाग के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु एवं अखंड सुहाग की कामना को लेकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ वट सावित्री पूजा की। पूजा को लेकर सुबह से ही खगौल के बाजारों में भारी चहल-पहल देखने को मिली। महिलाओं ने फल, पूजा सामग्री एवं व्रत से जुड़े सामानों की जमकर खरीदारी की। परंपरा के अनुसार वट सावित्री पूजा में पांच प्रकार के फलों का विशेष महत्व होता है। इसके कारण बाजार में आम, लीची, सेव, केला समेत अन्य फलों की मांग बढ़ गई। बाजार में आम 100 से 150 रुपये प्रति किलो, सेव 250 रुपये किलो, लीची 120 रुपये किलो तथा केला 100 रुपये दर्जन तक बिका।सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे धागा लपेटकर पूजा-अर्चना की तथा पति की दीर्घायु की कामना की। पूजा के उपरांत कथा श्रवण की परंपरा भी निभाई गई। पंडित जितेंद्र पांडेय ने बताया कि अमावस्या तिथि शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से प्रारंभ हो रही है, लेकिन उदया तिथि के कारण महिलाओं ने शनिवार को ही वट सावित्री व्रत एवं पूजा किया। उन्होंने बताया कि प्रातःकाल से सूर्यास्त तक पूजा का शुभ समय रहा। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री पूजा वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा है और इसे पूरे श्रद्धा भाव से मनाया जाता है।

## प्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक से सीमावर्ती इलाकों को राहत

### ₹100 से अधिक के सामान पर फिलहाल नहीं लगेगा भंसार शुल्क

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल-भारत सीमा से आने-जाने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। नेपाल के सर्वोच्च अदालत ने सीमा नाकों से लाए जाने वाले ₹100 से अधिक मूल्य के दैनिक उपयोग के सामान पर लगाए जा रहे भंसार (कस्टम) शुल्क की वसूली पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत के इस आदेश के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले हजारों परिवारों, छोटे व्यापारियों और रोजमर्रा की खरीदारी करने वाले लोगों ने राहत महसूस की है। शुक्रवार को सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीश हरिप्रसाद फुयाल और टेकप्रसाद ढुंगाना की संयुक्त इजलास ने प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद कार्यालय, अर्थ मंत्रालय सहित संबंधित सरकारी निकायों को निर्देश देते हुए कहा कि रिट याचिका के अंतिम फैसले तक दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर भंसार शुल्क की वसूली नहीं की जाए। दरअसल, नेपाल सरकार ने नए वर्ष 14 अप्रैल 2026 से लागू एक अधिसूचना के जरिए सीमा से लाए जाने वाले ₹100 से अधिक मूल्य के सामान पर अनिवार्य भंसार शुल्क लगाने का प्रावधान किया था। इसके बाद वीरगंज, भैरहवा और बिराटनगर समेत कई सीमा नाकों पर जांच और कर वसूली में सख्ती बढ़ा दी गई थी। इसका सीधा असर रक्सौलझवीरगंज जैसे सीमावर्ती इलाकों में देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में लोग दवा, किराना, कपड़ा और घरेलू जरूरतों के सामान के लिए दोनों देशों के बाजारों पर निर्भर हैं। सीमा पर बढ़ी जांच और कर वसूली से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय व्यापारियों और नागरिक संगठनों ने इसे सीमा क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के विपरीत बताते हुए विरोध भी दर्ज कराया था। इसी व्यवस्था को चुनौती देते हुए अधिवक्ता अमितेश पण्डित, आकाश महतो, सुयोग्य सिंह और प्रशान्त विक्रम शाह ने अप्रैल 2026 में सर्वोच्च अदालत में रिट याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि ₹100 से अधिक मूल्य के दैनिक उपयोग के सामान पर कर लगाना भंसार महसुल ऐन 2081 की धारा 13(2) की भावना के खिलाफ है तथा इससे सीमावर्ती आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

## एकमा विधायक धूमल सिंह ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, एक सप्ताह में सुधार का दिया अल्टीमेटम





**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ एकमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक के अचानक अस्पताल पहुंचने से कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, स्वास्थ्य व्यवस्था, स्टाफ कर्मियों की उपस्थिति सूची समेत अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। कई जगहों पर कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। तय समय के भीतर व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रांसफर कराने की अनुशंसा की जाएगी। विधायक ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एकमा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह से बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साजन कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहीद अख़्तर, लेखाकार ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर अस्पताल आने वाले मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में अगर किसी स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा लापरवाही पायी जाएगी, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हर्ष फायरिंग मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, एयरगन जब्त

### आरोपित ने बताया खेत से नीलगाय भगाने के लिए खरीद था एयरगन



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के कठमलिया गांव में बीते दिनों एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक एयरगन जब्त की है। मामले में पुलिस ने वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के बड़कागांव निवासी भैरो सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह के रूप में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति काले रंग के हथियार से फायरिंग करता दिखाई दे रहा था। वीडियो के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने मुन्ना सिंह के घर पर छापेमारी कर पूछताछ की। पूछताछ में मुन्ना सिंह ने बताया कि वह किसान होने के साथ-साथ टेंट हाउस का कार्य करते हैं तथा वीडियो में दिख रहा हथियार असली नहीं, बल्कि प्लास्टिक का एयरगन है, जो केवल आवाज करता है। उन्होंने बताया कि नीलगाय द्वारा फसल नुकसान पहुंचाने पर खेत से भगाने के उद्देश्य से लगभग साढ़े छह हजार रुपये में एयरगन खरीदी गई थी। मुन्ना सिंह ने यह भी बताया कि 10 मई को ग्राम कठमलिया में आयोजित एक शादी समारोह में वह एयरगन लेकर गए थे, जहां भूलवश एक बार फायर हो गया था। इसके बाद पुलिस ने एयरगन को विधिवत जब्त कर लिया। छापेमारी दल में शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार सहित ढाका एवं पकड़ीदयाल थाना के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

CMYK

# पेपर लीक मामले को ले झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन

## शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्र मोर्चा पलामू और महानगर समिति ने संयुक्त रूप से जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा अभिकरण (एनटीए) के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया।

आंदोलन की शुरूआत डाल्टनगंज बस स्टैंड स्थित झामुमो कार्यालय से हुई, जहां बड़ी संख्या में छात्र-युवा, छात्र मोर्चा तथा महानगर समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे। इसके बाद सभी ने जुलूस निकालकर शहर के विभिन्न मार्गों पर प्रदर्शन किया और नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आक्रोश जताया।

सभा को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होना केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसियों की गंभीर विफलता है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र वर्षों की मेहनत और उम्मीद के साथ परीक्षा देते हैं, लेकिन लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

नेताओं ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने की मांग की। साथ ही दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पारदर्शी और मजबूत परीक्षा व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया।

केंद्रीय समिति सदस्य सह उपाध्यक्ष सन्नु सिद्दीकी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि छात्रों और युवाओं के हितों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।प्रदर्शन में जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा, संगठन सचिव देवानंद भारद्वाज, अखिलेश सिंह, महानगर अध्यक्ष रंजित जायसवाल, महानगर सचिव सोनम राईन, महानगर उपाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा और दिनेश सोनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महिला मोर्चा की ओर से जिला अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, उपाध्यक्ष कांति चंद्रवंशी, मंजू कुमारी, संजू कुमारी और रजिया नियाजी शामिल हुईं। वहीं वरिष्ठ नेता बबलू शाहनवाज, सन्नी शुक्ला, आशुतोष विनायक तथा युवा मोर्चा के कौशल किशोर, शार्दूल विनायक, सोनू कुमार और सिद्धार्थ सिंह भी प्रदर्शन में शामिल रहे।

छात्र मोर्चा की ओर से जिला सचिव सैयद फैजल, कौशल सिंह, आर्यन कुमार, उत्तम कुमार, साहिल अंसारी, कौशिक राज, सैयद सोनू, मंटू इराकी, अंशु सिंह, रोहित पांडे, विकास तिवारी, राहुल मेहता और आकाश उरांव समेत सैकड़ों छात्र-युवाओं ने आंदोलन में भाग लिया।

## आरटीई से मान्यता नहीं लेने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

**रांची।** राज्य में निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) के तहत मान्यता नहीं लेने वाले निजी स्कूल बंद होंगे।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी निजी स्कूलों को मान्यता लेने के लिए एक अवसर प्रदान किया है। साथ ही निर्धारित अवधि तक मान्यता नहीं लेने पर स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया जाएगा।

विभाग ने 25 अप्रैल 2019 के बाद स्थापित निजी स्कूलों को आरटीई के तहत अनिवार्य रूप से मान्यता लेने को कहा है। इसके लिए एक जून से 30 अगस्त तक राज्य सरकार के आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लेने को कहा गया है।

प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार रंजन द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि निर्धारित अवधि तक आवेदन नहीं करने वाले निजी स्कूलों के विरुद्ध संबंधित अधिनियम तथा झारखंड निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2011 की धारा 12(6) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से जनता परेशान : रिजवान खान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिजवान खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देशभर में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमत को लेकर नाराजगी जाहिर की है। महंगाई की मार झेल रही जनता ने केंद्र सरकार से राहत की मांग की है और लोगों की केंद्र सरकार के प्रति असंतोष जाहिर किया ।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में वृद्धि आम जनता के लिए परेशानी पैदा कर दिया है ।जिससे आम नागरिकों वाहन चालकों के सीधा पॉकेट पर प्रभाव पड़ रहा है ।इस वृद्धि से आम जनता का बोझ बढ़ गया है और अर्थव्यवस्था पर भी इसका प्रतिकूल असर होगा ।खाने पीने की वस्तुओं से लेकर माल ढुलाई तक महंगी होगी और कच्चे माल पर भी इसका असर पड़ेगा पांच राज्यों में चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने आम जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है । पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ोतरी का असर खेती करने वाले किसानों एवं परिवहन चालकों बाइक चालकों और व्यापार और रोजमर्रा की जरूरत पर इसका असर पड़ेगा ।डीजल में वृद्धि होने से माल ढुलाई भी महंगी होगी मोदी सरकार को आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है ।स्पष्ट करता है कि केंद्र की सरकार आम जनता की नहीं बल्कि कॉरपोरेट हित के लिए है ।केंद्र की सरकार आम जनता को राहत देने की बजाय लगातार महंगाई और आर्थिक हालात को दयनीय करना चाहती है । चुनाव के समय तो जनता के लिए राहत भरी घोषणा की जाती है लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनता पर एक और बोझ डाल देती है ।2027 में दो राज्यों में चुनाव होने वाले हैं जनता इनको जरूर सबक सिखाएगी ।

# मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

## उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय में समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड के अयोध्या कोल्हुआ गांव स्थित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च +2 विद्यालय, अयोध्या कोल्हुआ, चैनपुर में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आरके रंजन थे। विशिष्ट अतिथियों में सत्येन्द्र तिवारी, राजीव रंजन पाण्डेय एवं नवनीत सुन्दरम शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा अतिथियों के स्वागत से हुई।

प्राचार्य सीके पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार शत-प्रतिशत रहा है और इस वर्ष छात्राओं ने और बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभिभावकों से छात्राओं की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

मुख्य अतिथि डॉ. आरके रंजन ने कहा कि महिला शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक शीतेश कुमार ने बताया कि विद्यालय आने वाले वर्षों में और बेहतर परिणाम का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। वहीं स्वैच्छिक शिक्षण देने वाले शिक्षकों ने छात्राओं को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

समारोह में कला वर्ग की आरती कुमारी, अंजली कुमारी, प्रीति कुमारी, अनामिका कुमारी एवं रंजन कुमारी, विज्ञान वर्ग की पुष्पा कुमारी, जिया कुमारी, कनकलता एवं प्रीति कुमारी तथा माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली काजल विश्वकर्मा, सोनम कुमारी, काजल कुमारी, उम्मेहबीबा खातून एवं पम्मी कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुकुल पाण्डेय, पीके सोनी, अच्छेलाल प्रजापति, अजीत कुमार, विवेक रंजन, संतोष पाण्डेय, देवानंद कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थे। संचालन शिक्षक शीतेश कुमार ने किया।

# प्रेम विवाह के बाद प्रेमी जोड़े ने खाया जहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले से एक बेहद हैरान कर देने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक प्रेमी जोड़े ने भागकर प्रेम विवाह तो कर लिया, लेकिन शादी की खुशियां चंद मिनट भी नहीं टिक सकीं। शादी के महज एक घंटे बाद ही नवविवाहित जोड़े ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। जहर का असर होने के बाद दोनों को गंभीर हालत में भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, नवविवाहिता दुल्हन अस्पताल के फैब्रिकेटेड वार्ड में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है।

इस आत्मघाती कदम को उठाने से ठीक पहले युवक ने अपने मोबाइल से एक बेहद भावुक वीडियो रिकॉर्ड किया और अपनी मां के व्हाट्सएप पर भेज दिया। वीडियो में युवक ने रोते हुए कहा- सॉरी मम्मी-पापा, हम लोग एक बहुत गलत कदम उठाने जा रहे हैं। आप लोगों ने हमारी शादी नहीं करवाई, इसलिए हमारे पास अब कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। लड़की के घर वाले धमकी दे रहे थे कि अगर शादी की तो जान से मार देंगे। इसलिए उनके हाथों मरने से अच्छा है कि हम खुद ही मर जा रहे हैं। हमसे जो भी गलतियां हुईं, उसके लिए हमें माफ कर दीजिएगा... सॉरी। यह पूरी घटना कहलगांव थाना क्षेत्र के शिवकुमारी पहाड़ मोहल्ले की है। बताया जाता है कि मृतक युवक लक्ष्मीकांत कुमार (20 वर्ष), जो अमदंडा थाना क्षेत्र के अदलपुर निवासी सुभाष सिंह का पुत्र था, उसका पिछले डेढ़ साल से बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र स्थित जबरा गांव निवासी कुलदीप मंडल की पुत्री अमृता कुमारी (18 वर्ष) के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। अमृता अपने नाना नित्यानंद सिंह के घर अदलपुर में रहकर पढ़ाई करती थी, इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं।

दोनों ने हर हाल में एक-दूसरे का होने का फैसला किया। लक्ष्मीकांत ने अमृता को कहलगांव स्थित अपने एक कमरे में बुलाया, जहां दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से एक-दूसरे को जयमाला पहनाकर शादी कर ली, लेकिन जैसे ही लड़की के परिजनों को इस शादी की भनक लगी, उन्होंने फोन पर दोनों को जान से मारने की सीधी धमकी दे डाली। इस धमकी से दोनों बुरी तरह खौफजदा हो गए। बदनामी और मौत के डर से युवक तुरंत बाजार से सल्फास खरीद कर लाया और दोनों ने उसे खा लिया।

# आज शहर के कई इलाकों में बाधित रहेगी बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार, 17 मई को सुबह तीन घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र रेड़मा एवं कचरवा में रखरखाव कार्य तथा पेड़-पौधों की टहनियों की छंटाई कराई जाएगी।

सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल डालटनगंज (शहरी) ने बताया कि सुबह 8 बजे से 11 बजे तक संबंधित फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार यह कार्य सुरक्षा मानकों के तहत किया जाएगा और काम पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। रेड़मा फीडर, मिनी बैरिया फीडर, न्यू पीएचडी फीडर, रांची रोड फीडर, हाउसिंग कॉलोनी फीडर, जीएलए कॉलवेज फीडर, ओल्ड पीएचडी तथा जमुने फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी। जिससे मेदिनीनगर के निम्नलिखित क्षेत्र- हाउसिंग कॉलोनी, रेड़मा, रांची रोड, जीएलए कॉलवेज, पांकी रोड, ब्राइटलैंड, बाईपास रोड, दो नंबर टाउन, कान्दु मुहल्ला, बेलवाटीकर, नई मुहल्ला, भूसी, आबादगंज, कुन्जरा पट्टी, जमुने और कुसुमटांड़ समेत आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि रखरखाव कार्य पूरा होने के बाद विद्युत सेवा सामान्य कर दी जाएगी।

# हाई मास्ट लाइट से जगमग होगी जिले की सड़कें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** अब जिले की सड़कें और सार्वजनिक स्थल रात में भी रोशनी से जगमगाएंगे। जिला प्रशासन ने जिलेभर में सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

उपायुक्त की अनुशंसा पर झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (जेरेडा) द्वारा विभिन्न स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने का कार्य तेज कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि बिजली गुल रहने पर भी सड़कें चकाचक रोशन रहेगी। कारण यह लाइट सोलर सिस्टम पर आधारित है।

प्रथम चरण में पाकुड़ शहर एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड में कुल 40 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें पाकुड़ शहर में 16 तथा लिट्टीपाड़ा में 24 लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए कई स्थानों पर पोल लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन की योजना पूरे वर्ष के भीतर जिलेभर में 150 सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित करने की है।

पाकुड़ शहर के आरजे स्टेडियम, मदर टेरेसा चौक, अटल चौक, सिद्धो-कान्हू मुर्मू पार्क, बैंक कॉलोनी स्टेडियम एवं कोयला मोड़ समेत कई प्रमुख स्थानों को चिह्नित किया गया है। वहीं लिट्टीपाड़ा चौक एवं चितलो फार्म सहित अन्य जगहों पर भी लाइट लगाई जाएगी। लाइट लगने से राहगीरों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी।

शहर में बढ़ रही चोरी व छिनतई की घटनाओं पर भी इससे अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी वारदात को अंजाम देते हैं। कई सार्वजनिक स्थलों पर शराबियों व जुआरियों का जमावड़ा भी लगा रहता है। हाई मास्ट लाइट लगने के बाद ऐसे स्थानों पर निगरानी आसान होगी और आपराधिक गतिविधियों में कमी आने की संभावना है।

# सीबीएसई 10+2 में धनबाद के कई छात्रों ने लाए 90% से अधिक अंक




सी.बी.एस.ई. 10+2 परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ संजय आनंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आईसीएसई और झारखंड बोर्ड के बाद अब सीबीएसई द्वारा जारी 10+2 के परिणामों में भी गोल धनबाद के अनेक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया है कि यदि सही दिशा-निर्देश में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन पूरी लगन और निष्ठा के साथ किया जाए, तो साधारण छात्र भी असाधारण सफलता हासिल कर सकते हैं।

विदित हो कि इस वर्ष सी.बी.एस.ई. द्वारा जारी 10+2 परीक्षा परिणामों में पिछले वर्षों की तुलना में कॉपियों की जांच अधिक कड़ाई से की गई है। इसके परिणामस्वरूप इस वर्ष पूरे देश में सफलता का प्रतिशत भी कम रहा है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना काबिले-तारीफ है। सफल छात्रों में कृष्णा गोयल ने केमिस्ट्री में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल के टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, जबकि रिद्धिमा ने बायोलॉजी में 100 में 98 अंक प्राप्त किए। गोल धनबाद केंद्र के निदेशक संजय आनंद ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इनमें से कई छात्र अपीयरिंग रहते हुए ही मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं में भी अच्छे स्कोर के साथ सफलता प्राप्त करने की ओर अग्रसर हैं। संस्थान धनबाद के अकादमिक हेड दीपक कुमार एवं भारती सिन्हा ने जानकारी दी कि री-नीट को लेकर गोल संस्थान में टेस्ट सीरीज के साथ-साथ मेडिकल अभ्यर्थियों को हर प्रकार का तकनीकी एवं मानसिक सहयोग पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है, जो सफलता के साथ बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक है।

# अमृत काल भर्ती परीक्षा के छात्रों के लिए साबित हो रहा मृत काल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नीट परीक्षा लीक के सदमे में देश के कई होनहार, मेधावी छात्र आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, जिसमें लखीमपुर खीरी के रितिक मिश्रा, दिल्ली की आशिका पांडेय राजस्थान झूगनू के प्रदीप मेघवाल, गोवा में रह रहे बंगलुरु के छात्र सबने आत्मघाती कदम उठाया है।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि किसी ने बचपन में सपना देखा, किसी ने परिवार के उम्मीदों के लिए सब कुछ दाव पर लगा दिया, सालों तैयारी की, लेकिन मोदी सरकार की भ्रष्ट और निकम्मी व्यवस्था ने उनके सपनों को रौनद दिया।

नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार

### 90 से ज्यादा भर्ती परीक्षाएं सरकार करा चुकी है लीक

में 90 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं,नौ करोड़ से ज्यादा छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं।

नेताओं ने कहा कि बेरोजगारी की आग पहले ही युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है, भाजपा संरक्षित पेपर लीक माफिया सरकार के निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से परीक्षा कराने की धज्जियाँ उड़ा रहा है।

नेताओं ने कहा कि 2024 नीट पेपर लीक में जिन अधिकारियों पर सवाल उठाए गए उन्हें सजा नहीं मिली बल्कि मलाईदार पद दे दिए गए, यही कारण है कि हर साल युवाओं का भविष्य लुटा जा रहा है।

हालात ये है कि अब दिल्ली मेडिकल असोसिएशन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिख कर कहा कि अब पानी सिर के उपर जा चुका है, इसलिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दे।

# जिला गंगा समिति की बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय

## डीडीसी की अध्यक्षता में योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा ☐ डी-सिल्टिंग चैम्बर निर्माण जल्द पूरा करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। जिला गंगा समिति, बोकारो की बैठक उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में एफओ बोकारो, डीपीआरओ बोकारो, डीएस, आरसीडी, एमआइ एवं आरइओ के अभियंता, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी, डीपीओ नमामि गंगे, बीएसएल, नगर परिषद फुसरो, चास नगर निगम सहित संबंधित विभागों एवं हितधारकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अगली बैठक से पूर्व डी-सिल्टिंग चैम्बर का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया।

**एसटीपी से संबंधित डीपीआर प्रस्तुत करने का निर्देश-** चास नगर निगम को अंचल अधिकारी (सीओ) चास के समन्वय से भूमि सीमांकन कार्य पूर्ण कर एसटीपी से संबंधित डीपीआर अगली बैठक तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

**बीएसएल को निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश-** बैठक में बीएसएल को एसटीपी निर्माण के लिए निविदा आवंटन प्रक्रिया अगली बैठक तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**रिवरफ्रंट डेवलपमेंट परियोजना पर हुई चर्चा-** तेनुघाट/तेलमच्चों पुल के समीप प्रस्तावित रिवरफ्रंट डेवलपमेंट परियोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अगले 14 दिनों के भीतर प्रारंभिक अवधारणा (इनिशियल आइडिया) प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारी-** बैठक में आगामी 05 जून को जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**हाथी-मानव संघर्ष न्यूनीकरण पर विशेष चर्चा-** बैठक में हाथी कॉरिडोर एवं मानव-हाथी संघर्ष न्यूनीकरण के मुद्दे पर भी विस्तृत चर्चा की गई। नदी तट के किनारे बांसारोपण की संभावना पर विचार करते हुए वन विभाग एवं अंचल अधिकारी गोमिया को संयुक्त सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए तय समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# वट सावित्री पूजा में उमड़ी महिलाओं की भीड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। वट सावित्री व्रत के अवसर पर शनिवार को धनबाद शहर से लेकर पूरे जिले में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, बेहतर स्वास्थ्य तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत रखा।शहर के साथ ही झरिया, सिंदरी, कतरास, टुंडी, बाघमारा, निरसा, चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में सुबह से ही महिलाएं श्रृंगार कर बांस की बनी डाली में पूजन सामग्री लेकर बरगद के पेड़ों और विभिन्न मंदिरों में पहुंचीं। धूप के बावजूद महिलाएं नंगे पैर पूजा की डाली लेकर वट वृक्ष के पास पहुंचीं और विधिवत पूजा-अर्चना की।

इस दौरान बरगद के पेड़ों के आसपास महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने सबसे पहले वट वृक्ष को जल अर्पित किया और रोली-कुमकुम से तिलक लगाया। इसके बाद कच्चे धागे से बरगद के पेड़ की सात बार परिक्रमा कर पति की दीघार्यु और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।

पूजा के दौरान महिलाओं ने परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की कामना भी की। पूजा समाप्त होने के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और सुखमय जीवन की मंगलकामना की। पूरे शहर में वट सावित्री व्रत को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।

# ‘आकाश जानता है टी20 में विकेट कैसे लेते हैं’

- संजू, ऋतुराज, उर्विल को आउट करके लखनऊ के युवा बॉलर ने खास अंदाज में मनाया जश्न

नई दिल्ली। सीएसके के खिलाफ लखनऊ के युवा गेंदबाज आकाश सिंह ने गजब की गेंदबाजी की और 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। आकाश सिंह ने पावरप्ले के दौरान 2 विकेट लिए जबकि उसके बाद उन्हें एक सफलता मिली। आकाश सिंह ने सीएसके की बैटिंग क्रम को बुरी तरह से प्रभावित किया और अपनी टीम के लिए शानदार काम किया। आकाश ने संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़ और उर्विल पटेल को भी आउट करने में सफलता हासिल की और उन्हें आउट करने का जश्न खास अंदाज में मनाया।



**संजू ऋतुराज, उर्विल को आउट करने का आकाश ने मनाया जश्न**– लखनऊ के युवा बॉलर आकाश महाराज सिंह ने सीएसके के खिलाफ गजब का स्पैल डाला। उन्होंने इस मैच में अपना पहला विकेट ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में लिया जिन्होंने 9 गेंदों पर 13 रन बनाए। आकाश ने ऋतुराज को निकोलस पूरन के हाथों कैच आउट करवाया, लेकिन जब उन्होंने संजू सैमसन को आउट किया तब उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संजू, ऋतुराज और उर्विल पटेल को आउट करने के बाद आकाश ने एक पर्ची निकाली और उसे हाथ में लेकर सबको दिखाया। आकाश ने तीनों बैटर को आउट करने के बाद जो पर्ची निकाली उस पर लिखा हुआ था कि आकाश ऑन फायर, आकाश जानता है कि टी20 गेम में किस तरह से विकेट लिया जाता है। इस मैच में संजू ने 20 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 20 रन बनाए। आकाश ने इसके बाद उर्विल पटेल को आउट किया जिन्होंने 7 गेंदों पर एक चौके की मदद से 6 रन बनाए। आकाश के इन तीन विकेट ने सीएसके को इस मैच में पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया। आकाश ने सभी को आउट करने के बाद पर्ची जश्न मनाया और अपनी धाक जमाई।

# इशान किशन को बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने किया सम्मानित

## एक करोड़ रुपये का दिया इनाम

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इशान किशन को सम्मानित किया और प्राइज मनी के रूप में एक करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान किया। इशान किशन को ये सम्मान आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत में उनकी शानदार भागीदारी के लिए दिया गया। इशान किशन ने 15 मई 2026 को




यानी शुक्रवार को सम्राट चौधरी से पटना में मुलाकात की। इशान किशन को इस दौरान सम्मानित किया गया और उनके साथ इस मौके पर उनकी मां सुचित्रा सिंह और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। बिहार के मुख्यमंत्री ने इशान कशन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

**1 करोड़ की राशि देकर किया गया सम्मानित**– इशान किशन को सम्मानित करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की और लिखा कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य, शानदार बल्लेबाज, बिहार के लाल, श्री इशान किशन जी को विश्व कप जिताने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए राज्य सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया।

**इटैलियन ओपन** | **इगा स्वियातेक को हराकर एलिना**

# स्वितोलिना ने बनाई फाइनल में जगह





**रोम ।** दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने रोमांचक इटैलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में तीन बार की विजेता इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। स्वितोलिना 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार फाइनल मैच में पहुंची हैं। खिताबी मुकाबले में स्वितोलिना का सामना कोको गॉफ से होगा। स्वितोलिना तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम करना चाहेंगी, तो गॉफ की निगाहें पहली बार इस ट्रॉफी को उठाने पर होंगी। इसके साथ ही, दोनों खिलाड़ी सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश भी करेंगी। स्वितोलिना इस साल गॉफ को दो बार हरा चुकी हैं, और वह अपने इस शानदार रिकॉर्ड को फाइनल में भी कायम रखना चाहेंगी। एलिना स्वितोलिना ने स्वियातेक को 2 घंटे 14 मिनट में हराने के बाद कहा, ‘इतने सालों बाद फिर से फाइनल में होना बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके इस तरीके से फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास है। ‘

स्वितोलिना ने सेमीफाइनल में 16 में से 11 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें फाइनल सेट में उनके सभी पांच ब्रेक पॉइंट शामिल थे। उन्होंने इस सीजन में किसी भी डब्ल्यूटीए मेन ड्रॉ में किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले सबसे ज्यादा (59) ब्रेक पॉइंट का सामना किया है, जबकि 44 बचाए हैं। हालांकि, इसमें टीम और ग्रैंड स्लैम इवेंट शामिल नहीं हैं।

गॉफ के खिलाफ एलिना स्वितोलिना का हेड टू हेड रिकॉर्ड 3-2 का रहा है। स्वितोलिना ने गॉफ को ऑस्ट्रेलियन ओपन और फिर दुबई में हराया था। डब्ल्यूटीए के अनुसार, स्वितोलिना और गॉफ की उम्र में 9 साल 182 दिन का फर्क है। यह इटैलियन ओपन के फाइनल में 1990 के बाद सबसे बड़ा उम्र का अंतर है। 1990 में मार्टिना नवरातिलोवा और मोनिका सेलेस के बीच खेले गए फाइनल में उम्र का अंतर 17 साल 45 दिन था। खास बात यह है कि गॉफ 1998-99 में वीनस विलियम्स के बाद लगातार इटैलियन ओपन फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं। वह 2021-22 में इगा स्वियाटेक के बाद लगातार दो रोम फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी भी हैं।

# भारतीय महिला टीम ने लिया भगवान महाकाल का आशीर्वाद, भस्म आरती में शामिल हुईं खिलाड़ी

**उज्जैन ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और सभी खिलाड़ी भस्म आरती में भी शामिल हुईं। भारतीय टीम की कई खिलाड़ी अपने परिवार संग आशीर्वाद लेने पहुंचीं। सभी खिलाड़ियों ने पूजा-अर्चना करते हुए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने की मनोकामना मांगी। भारतीय टीम की विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने आईएएनएस के साथ बात करते हुए बताया कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें काफी शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि वह पिछले महीने भी यहां आई थीं और भस्म आरती के दौरान बाबा के दर्शन करके उन्हें काफी सुकून मिलता है। यास्तिका ने बताया कि सभी खिलाड़ी विश्व कप से पहले भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेना चाहती थीं, ताकि टीम के लिए टूर्नामेंट शानदार गुजरे।



गौरतलब है कि वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद भी भारतीय टीम ने महाकाल के दर्शन किए थे।

महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम की अगली भिड़ंत 17 जून को नीदरलैंड से होगी। वहीं, 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर टीम इंडिया का सामना मजबूत साउथ अफ्रीका से होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 25 जून को रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा, जबकि ग्रुप स्टेज के अपने आखिरी मुकाबले में भारतीय टीम 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम टी20 में भी दमदार प्रदर्शन करना चाहेगी। साल 2024 में खेले गए टी20 विश्व कप में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में नाकाम रही थी।

# हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स अब मुश्किल में

- प्लेऑफ में पहुंचने के लिए ऐसा है समीकरण



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के 59वें मैच में लगभग एकतरफा अंदाज में 7 विकेट से हरा दिया। इस हार से सीएसके को 2 अंक का नुकसान हुआ और उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका जरूर लगा, लेकिन इस टीम के लिए अभी रास्ते बंद नहीं हुए हैं। सीएसके के पास अब भी प्लेऑफ में पहुंचने मौका है। आइए जानते हैं कि इसके लिए आखिरी ऋतुराज गायकवाड़ की टीम को क्या करना होगा।

**सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने का समीकरण**– सीएसके को लखनऊ से हार मिली और अब इस टीम के 12 अंक हैं। सीएसके का ये 12वां लीग मैच था जिसमें उसे 6 में जीत मिली है और 6 मैचों में हार मिली है। सीएसके अब 12 अंक के साथ छठे स्थान पर आ गया और इस मैच में हार के बाद उसका नेट रन रेट भी गिर गया और राजस्थान को फायदा हुआ जो छठे स्थान से 5वें स्थान पर आ गया। चेन्नई सुपर किंग्स को अभी भी 2 मैच खेलने हैं और उसे अब हर हाल में ये दोनों मैच जीतने होंगे।

- सीएसके को लखनऊ ने 7 विकेट से हराया

# मार्श ने खेली तूफानी 90 रन की पारी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को लखनऊ सुपर जायंट्स ने मिचेल मार्श की तूफानी 90 रन की पारी और आकाश सिंह की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 7 विकेट से हरा दिया। ये लखनऊ की इस सीजन में 12 मैचों में चौथी जीत रही जबकि सीएसके को लगातार 3 जीत के बाद हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं इस हार के बाद सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना को भी जोरदार झटका लगा है। इस मैच में मिचेल मार्श को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स के साथ भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में हुआ। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सीएसके ने पहली पारी में कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 187 रन बाए और लखनऊ को जीत के लिए 188 रन का टारगेट दिया। लखनऊ ने दूसरी पारी में 16.4 ओवर में 3 विकेट पर 188 रन बनाकर मैच जीत लिया।



- **मिचेल मार्श ने लगाया अर्धशतक**– लखनऊ के ओपनर मिचेल मार्श ने 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और 90 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिश ने सीएसके के खिलाफ 36 रन की पारी खेली जबकि अब्दुल समद 7 रन के स्कोर पर आउट हुए। निकोलस पूरन 32 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि मुकुल चौधरी ने 13 रन की नाबाद पारी खेली।
- **कार्तिक शर्मा ने लगाया अर्धशतक**– सीएसके के ओपनर संजू सैमसन ने 20 रन बनाए जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 13 रन की पारी खेली। पिछले मैच में 13 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले उर्विल पटेल ने सिर्फ 6 रन बनाए। कार्तिक शर्मा ने 35 गेंदों पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और 71 रन की शानदार पारी खेली। डेवाल्ड ब्रेविस 25 रन बनाकर आउट हुए।

## एलएसजी की धमाकेदार जीत का मजा किरकिरा

# कप्तान ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**लखनऊ ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंत पर यह जुर्माना एलएसजी और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच हुए मुकाबले में धीमी गति से ओवर फेंकने को लेकर लगा है। एलएसजी के गेंदबाजों ने सीएसके के खिलाफ 20 ओवर पूरे करने के लिए निर्धारित समय से ज्यादा वक्त लिया। आईपीएल 2026 में यह पहला मौका है, जब एलएसजी के गेंदबाज तय समय में ओवर फेंकने में नाकाम रहे हैं। इसी वजह से कप्तान पंत पर आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ‘लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कैप्टन ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने शुक्रवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल 2026 के 59वें मैच के दौरान धीमी गति से ओवर



फेंके। यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम की पहली गलती थी, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया।

अपने घरेलू मैदान पर एलएसजी का प्रदर्शन सीएसके के खिलाफ शानदार रहा। कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। सीएसके ने कार्तिक शर्मा द्वारा खेली गई 42 गेंदों पर 71 रनों की दमदार पारी के बूते 20 ओवर में 5 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 187 रन लगाए। गेंदबाजी में एलएसजी की ओर से युवा तेज गेंदबाज आकाश महाराज ने 26 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

हालांकि, लखनऊ सुपर जायंट्स ने 188 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16.4 ओवर में 3 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एलएसजी की तरफ से मिचेल मार्श ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 38 गेंदों पर 90 रनों की आतिशी पारी खेली और मैच को पूरी तरह से एकतरफा कर दिया।



- IPL में सबसे कम पारियों में 1000 से 14 हजार रन बनाने वाले भारतीय

# कोहली ने 6 और राहुल ने 4 बार बनाया कीर्तिमान

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रन बनाना जितना मुश्किल होता गया है, उतना ही खास हो गया है किसी बल्लेबाज का लगातार बड़े आंकड़ों तक पहुंचना। कई भारतीय बल्लेबाजों ने टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई, लेकिन जब बात सबसे कम पारियों में बड़े रन-माइलस्टोन तक पहुंचने की आती है, तो कुछ नाम अलग ही चमकते हैं। एक हजार से लेकर 14000 रन तक के सफर में अलग-अलग भारतीय बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड बनाए हैं। शुरुआती आंकड़ों में युवा बल्लेबाजों का दबदबा दिखता है, जबकि बड़े आंकड़ों पर पूरी तरह विराट कोहली और केएल राहुल राज नजर आता है।

**शुरुआती माइलस्टोन पर युवा बल्लेबाजों का कब्जा**– 1000 रन तक पहुंचने में सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज देवदत्त



पडिक्कल हैं। देवदत्त पडिक्कल ने सिर्फ 25 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, दो हजार रन के मामले में बी साई सुदर्शन ने 54 पारियों में यह आंकड़ा छूकर अपनी निरंतरता साबित की। तीन हजार और चार हजार रन तक पहुंचने में क्रमशः तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ ने सबसे कम पारियां खेलीं। इससे साफ है कि नई पीढ़ी के भारतीय बल्लेबाज आईपीएल में तेजी से प्रभाव छोड़ रहे हैं।

**केएल राहुल 5000 से 8000 रन तक के बादशाह**– पांच हजार रन के बाद कहानी पूरी तरह केएल राहुल के नाम हो जाती है। केएल राहुल ने 143 पारियों में पांच हजार रन पूरे किये। इसके बाद 6000, 7000 और 8000 रन तक के सभी रिकॉर्ड अपने नाम किये। केएल राहुल की बल्लेबाजी की सबसे बड़ी खासियत निरंतरता और तेज रन गति रही है।

## नौ हजार के बाद सिर्फ विराट कोहली का राज

नौ हजार रन के बाद आईपीएल में विराट कोहली का ही नाम दिखाई देता है। विराट कोहली ने 271 पारियों में 9000 रन पूरे किये और फिर दस हजार से से लेकर 14000 रन तक का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। विराट कोहली की सबसे बड़ी ताकत उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे समय तक एक ही स्तर पर प्रदर्शन करना रही है। आईपीएल इतिहास में इतने बड़े रन आंकड़ों तक पहुंचना इस बात का सबूत है कि उन्होंने लगभग हर सीजन में टीम के लिए अहम योगदान दिया।

# ईंधन बचाने के लिए एनडीएमसी की पहल, कर्मचारियों के लिए शुरू हुई शटल और ई-ऑटो सेवा; 16 रूटों पर चलेंगी बसें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनडीएमसी ने पीएम मोदी की ईंधन बचत की अपील के तहत कर्मियों को घर और दफ्तर आने जाने के लिए शटल सेवा शुरू कर दी है। फिलहाल चार कर्मचारी आवासीय परिसर से यह शटल सेवा चलेगी।

सोमवार को इसकी संख्या 16 तक बढ़ाई जाएगी। जहां प्रत्येक कर्मचारी कालोनी में सभी कर्मियों को एक साथ लाने और एक साथ घर छोड़ने की सुविधा होगी। इतना ही नहीं जो कर्मचारी मेट्रो से सफर करना चाहते हैं उन्हें मेट्रो स्टेशन से लाने और ले जाने के लिए भी ई-आटो शुरू कर दिए हैं। जो कि एनडीएमसी मुख्यालय से राजीव चौक मेट्रो स्टेशन तक कर्मियों को लेकर आएंगे और छोड़कर आएंगे। जरुरत के हिसाब से इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी।

ईंधन बचाने के लिए कई उपाय कर रहे

एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने इस शटल सेवा की शुरुआत की। चहल ने कहा कि ईंधन बचाने के लिए हम कई उपाय कर रहे हैं। जिसमें एनडीएमसी इन उपाय को लागू करने और शत प्रतिशत पालन करने में कोई भी लापरवाही नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी इलाके में ही बहुत कर्मी उन्हें आवंटित आवासीय परिसर में रहते हैं। इसलिए उन्हें दफ्तर लाने और ले जाने के लिए हमने चार शटल सेवा शुरू की है। इसकी शुरुआत जोर बाग से की गई। अभी इन्हें हम पालिका आवास, सरोजिनी नगर, पालिका ग्राम, लक्ष्मीबाई नगर और बापू धाम चाणक्यपुरी से संचालित कर रहे हैं। सोमवार से इसकी



संख्या 16 की जाएगी। जिसमें पालिका आवास, सरोजिनी नगर, पालिका ग्राम, लक्ष्मीबाई नगर, अमृत काल निवास, जोर बाग रोड, पालिका कुंज, मेहर चंद मार्केट, पालिका निवास, लोधी रोड, मल्टीस्टोरी फ्लैट्स, लोधी रोड, बापू धाम फ्लैट्स, पालिका मिलन, पुष्प विहार, साकेत, वाल्मीकि सदन, गांधी सदन, पालिका निकेतन, आरकेपुरम, पालिका एन्क्लेव, मोती बाग, रोहिणी हाउसिंग काम्प्लेक्स, रोहिणी, बापू धाम फ्लैट्स, चाणक्यपुरी तक विस्तार दिया जाएगा। यह बसें सुबह 9 बजे निर्धारित स्थान पहुंचेगी और साढ़े नौ बजे एनडीएमसी मुख्यालय के लिए जाएगी। जबकि शाम को साढ़े पांच से पालिका केंद्र से चलेगी और छह बजे आवासीय कालोनियों में पहुंचेगी। चहल ने बताया कि शुक्रवार को एनडीएमसी की काउंसिल ने उस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

## न्यायपालिका की गरिमा सर्वोपरि', मनोज तिवारी ने आप के खिलाफ अवमानना कार्यवाही का किया स्वागत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह संदेश देता है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून और न्यायपालिका की गरिमा से ऊपर नहीं है। मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि लंबे समय से आप नेताओं द्वारा न्यायपालिका और न्यायाधीशों को निशाना बनाकर झूठ, संपादित वीडियो, मानहानिकारक पत्रों और इंटरनेट मीडिया अभियानों के जरिए माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार छिपाने और झूठ फैलाने वालों को अब जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा संविधान और न्यायपालिका की स्वतंत्रता के पक्ष में खड़ी रही है और पार्टी को दिल्ली हाई कोर्ट तथा भारतीय न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। साथ ही उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की 'झूठ, भ्रष्टाचार और संस्थाओं पर हमले' की राजनीति अब बेनकाब हो चुकी है।



## संक्षिप्त समाचार

### भारत में फेफड़ों के कैंसर के लिए नई टेसेंट्रिक एससी इम्यूनोथेरेपी लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में फेफड़ों के कैंसर



उपचार के लिए नई सबक्यूटेनियस इम्यूनोथेरेपी तकनीक 'टेसेंट्रिक एससी' बुधवार को कैंसर विशेषज्ञ और कंपनी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लांच की गई। विशेषज्ञों के अनुसार यह तकनीक दवा को लगभग सात मिनट में देने की सुविधा देती है, जबकि पारंपरिक 'आइवी इन्फ्यूजन' में अधिक समय लगता था। हालांकि यह तकनीक पुरानी (ढाई लाख प्रति डोज) से महंगी (करीब साढ़े तीन लाख प्रति डोज) है पर, पुरानी में अस्पताल का बड़ा खर्च होता था जो इसमें नई व्यवस्था में नहीं होता। अब बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों में इसके इस्तेमाल की तैयारी शुरू हो गई है। यह तकनीक स्विट्जरलैंड आधारित दवा कंपनी रोश की भारतीय इकाई 'रोश इंडिया' लेकर आई है।

### दिल्ली-लोनी रोड पर अगले 15 दिनों तक रहेगी परेशानी, ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली-लोनी रोड पर चल रहे सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य के कारण ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। शिव विहार मेट्रो स्टेशन से लोनी गोल चक्कर की ओर और इसके विपरीत दिशा में यातायात पूरे 24 घंटे प्रभावित रहेगा। यह काम लगभग 15 दिनों तक चलने की संभावना है। निर्माण कार्य के चलते लेन प्रतिबंध और डायवर्जन लगाए गए हैं, जिससे इस खंड पर यातायात धीमा रहने और जाम की स्थिति बनने की आशंका है। दोनों दिशाओं में वाहनों की आवाजाही प्रभावित होगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा पहले से प्लान करें और अतिरिक्त समय लेकर निकलें। लोनी जाने वाले यात्री इन निर्देशों का पालन करें। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे धैर्य रखें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ सहयोग करें। रियल-टाइम अपडेट के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 1095 / 011-25844444 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कॉपीराइट विवाद पर दिल्ली एचसी का फैसला; याचिका खारिज


**नई दिल्ली, एजेंसी।** धुरंधर-2 को 1989 की फिल्म त्रिदेव के गाने के साथ ओटीटी पर



रिलीज करने की शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने इसके साथ ही त्रिदेव फिल्म निर्माता कंपनी त्रिमूर्ति फिल्म की याचिका खारिज कर दी। त्रिमूर्ति फिल्म ने याचिका में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धुरंधर के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि फिल्म में उनके गाने तिरछी टोपीवाले का बैकग्राउंड स्कोर के तौर पर बिना अनुमति के इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, अदालत ने कहा कि कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाने वाले गाने के साथ यह फिल्म सिनेमाघरों में पहले ही रिलीज हो चुकी है। ऐसे में प्लेटफॉर्म पर इसकी रिलीज पर रोक लगाना एक अजीब स्थिति पैदा करेगा। वहीं, त्रिमूर्ति फिल्म ने कहा कि अगर आखिर में वह मुकदमा जीत जाती है, तो उसे हर्जाने के तौर पर उचित मुआवजा दिया जा सकता है। इस पर पीठ ने सुपर कैसेट्स/टी-सीरीज को चार सप्ताह के अंदर कोर्ट में 50 लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया।

## स्कीन डाक्टर को कोर्ट से मिली जमानत, संजय कपूर की मौत के बाद प्रॉपर्टी विवाद पर उठाए थे सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटियाला हाउस स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने व्यवसायी संजय कपूर की मौत के बाद उनकी तीसरी पत्नी प्रिया कपूर के खिलाफ टवीट पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर डॉ. नीलम सिंह को जमानत दे दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहिल शर्मा ने कहा कि आरोपित को हिरासत में रखे जाने से जांच में कोई विशेष उद्देश्य पूरा नहीं होगा, इसलिए उन्हें जमानत दी जाती है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने डॉ. नीलम सिंह की दो दिन की हिरासत मांगी थी। सुनवाई के दौरान डॉ. नीलम सिंह ने अदालत को बताया कि वह जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं और अपने मोबाइल फोन का निजी डाटा सुरक्षित करने के बाद एक सप्ताह के भीतर पुलिस को सौंप देंगे। यह मामला प्रिया कपूर की शिकायत पर वसंत कुंज पुलिस थाने में दर्ज किया गया था। डॉ. नीलम सिंह एक त्वचा रोग विशेषज्ञ होने के साथ-साथ राजनीतिक टिप्पणीकार भी हैं और द स्किन डॉक्टर के नाम से उनके एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब अकाउंट पर उनके बहुत फालोअर्स हैं। उनकी गिरफ्तारी उस पोस्ट को लेकर हुई जिसमें उन्होंने उद्योगपति संजय कपूर की मौत की परिस्थितियों, उनकी संपत्ति और उत्तराधिकार विवादों से जुड़े सवाल उठाए थे। प्रिया कपूर ने आरोप लगाया कि पोस्ट में किए गए दावे झूठे और मनगढ़ंत हैं। ऑटो कंपोनेंट कंपनी सोना कॉमस्टार के चेयरमैन रहे संजय कपूर का जून 2025 में लंदन में पोलो खेलते समय निधन हो गया था। उनकी संपत्ति को लेकर उनकी पूर्व पत्नी करिश्मा कपूर, तीसरी पत्नी प्रिया कपूर और संजय कपूर की मां रानी कपूर के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। यह मामला फिलहाल दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।



# दिल्ली में जनगणना सर्वे शुरू, 33 सवालों के जवाब देंगे लोग; 32 लाख घरों तक पहुंचेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार से राष्ट्रीय जनगणना के महाभियान का पहला चरण आधिकारिक तौर पर शुरू होने जा रहा है। जिसके तहत 14 जून तक चलने वाले इस 30 दिवसीय विशेष अभियान के तहत पूरी दिल्ली में मकानों की सूचीकरण और गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य पूरा किया जाएगा। इस वृहद प्रशासनिक कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सरकार ने लगभग 50,000 सरकारी कर्मचारियों और प्रगणकों (एन्यूमरेटर्स) की ड्यूटी लगाई है। इन सभी कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। ये कर्मचारी दिल्ली नगर निगम के प्रशासनिक क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले करीब 32 लाख मकानों के दरवाजे खटखटाएंगे और उनका डेटा एकत्र करेंगे। घर-घर होने वाले इस सर्वे में 33 बुनियादी सवाल पूछे जाएंगे, जो मुख्य रूप से घर, सुविधाओं और संपत्ति से जुड़े हैं। यह पूरी जानकारी गुप्त रहेगी। इस गणना में सभी का शामिल होना जरूरी है। अगर कोई जनगणना में शामिल होने से इंकार करता है तो इस पर कार्रवाई भी किए जाने का प्रविधान है। जनगणना कर्मियों और पर्यवेक्षकों की प्रामाणिकता की जांच के लिए आम जनता उनके पहचान पत्र, नियुक्ति पत्र की जांच कर सकती है और यहां तक कि उनके पहचान पत्र पर मुद्रित क्यूआर कोड को स्कैन भी कर सकती है। दिल्ली में जनगणना से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जनगणना में सभी को शामिल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई



इंकार करता है तो पहले हम उसे समझाने की कोशिश करेंगे। मगर बार-बार समझाने के बाद भी वह जनगणना में शामिल नहीं होता है तो सेंसस एक्ट-1948 के सेक्शन-11 में उसपर 1000 रुपये के जुर्माने का प्रविधान है। उसके बाद अगर वह दोषी पाया जाता है उसमें तीन साल तक के सजा का प्रविधान भी है। अधिकारी ने कहा कि जनगणना अधिनियम के अनुसार, व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाती है।


## नाइजीरिया में मारा गया आईएसआईएस का दूसरा सबसे बड़ा कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ी सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरिया में आईएसआईएस के दूसरे सबसे बड़े वैश्विक कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को खत्म कर दिया है। यह आतंकी पूरी दुनिया में आईएसआईएस का दूसरा सबसे बड़ा नेता माना जाता था। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस खबर को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह एक बहुत ही जटिल और सुनियोजित मिशन था। अमेरिकी सेना और नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने मिलकर इस ऑपरेशन को पूरी सटीकता के साथ अंजाम दिया। ट्रंप ने अल-मिनुकी को दुनिया का सबसे सक्रिय आतंकवादी बताया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अल-मिनुकी को लगा था कि वह अफ्रीका में छिप सकता है। लेकिन अमेरिका के पास ऐसे सूत्र थे जो उसकी हर हरकत की जानकारी दे रहे थे। ट्रंप ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अब यह आतंकी अफ्रीका के लोगों को नहीं डरा पाएगा। वह अब अमेरिकियों को निशाना बनाने की साजिश भी नहीं रच सकेगा। ट्रंप का मानना है कि इस आतंकी के खात्मे से दुनिया भर में आईएसआईएस का नेटवर्क बहुत कमजोर हो जाएगा। उन्होंने इस ऑपरेशन में सहयोग के लिए नाइजीरिया सरकार का आभार भी जताया। अबू-बिलाल अल-मिनुकी को अबू बक्र इब्न मुहम्मद इब्न अली अल-मैनुकी के नाम से भी जाना जाता था। वह मुख्य रूप से अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में सक्रिय था। यह क्षेत्र अटलांटिक महासागर से लाल सागर तक करीब 5,900 किलोमीटर में फैला है।



# नीदरलैंड में पीएम के आगमन से प्रवासी उत्साहित; राजा से मुलाकात समेत कई कार्यक्रम

**एम्स्टर्डम (नीदरलैंड), एजेंसी।** चार यूरोपीय देशों के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यात्रा के पहले चरण में देर रात नीदरलैंड पहुंचे। पीएम मोदी यहां के राजा विलियम और रानी मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे। नीदरलैंड के एम्सटर्डम में गर्मजोशी से पीएम मोदी का स्वागत किया गया। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से भी संक्षिप्त मुलाकात की। पीएम मोदी इस दौरे पर क्या कुछ करने वाले हैं? वे किन प्रमुख कार्यक्रमों में शरीक होंगे? प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नीदरलैंड्स दौरे की कुछ तस्वीरें साझा की है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा - कल नीदरलैंड्स में भारतीय प्रवासियों द्वारा किया गया स्वागत समारोह उल्लेखनीय था। इस स्वागत समारोह में कथक, ओडिसी, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी और मोहिनीअट्टम जैसी नृत्य शैलियों का प्रदर्शन शामिल था। इसके अलावा, गरबा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री हेग के होटल में पहुंचते ही पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए। इसमें महिलाओं-पुरुषों की एक टीम को सांस्कृतिक नृत्य पेश करते देखा गया। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान कार्यक्रम पेश करने वाले कलाकारों के दल




में शामिल गौतम ने कहा, 'हमने प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में गरबा प्रस्तुत किया। हमने उनसे बातचीत की। हम सभी उनकी नीदरलैंड यात्रा को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं।' एक अन्य कलाकार कलाकार रीमा ने कहा कि हम सभी को प्रधानमंत्री मोदी के सामने प्रस्तुति देकर बहुत खुशी हुई... पूरा अनुभव अद्भुत था। प्रधानमंत्री मोदी हेग शहर में एक आध्यात्मिक प्रस्तुति के साक्षी भी बने। गायन और संगीत के साथ कई गई खास तैयारी की उन्होंने सराहना भी की। द्विपक्षीय संबंधों में नागरिकों की भी अहम भूमिका रही है। नीदरलैंड में भारतीय मूल और एनआरआई (नॉन रेसिडेंड इंडियंस) समुदाय के 90,000 से अधिक लोग रहते हैं। यहां सूरीनाम-हिंदुस्तानी समुदाय के भी 2,00,000 से अधिक सदस्य रहते हैं। डच विश्वविद्यालयों में वर्तमान में लगभग 3,500 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की अहमियत समझाते हुए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि नीदरलैंड यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक गंतव्यों में से एक है। वित्त वर्ष 2024-25 में 27.8 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। भारत में निवेश के मामले में ये चौथा सबसे बड़ा देश भी है।

# ड्रोन भविष्य के युद्ध की दिशा तय करेंगे, समय के साथ चलना जरूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने देश के सांसदों को को बताया है कि ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिना इंसानी नियंत्रण वाले सिस्टम आधुनिक युद्ध का तरीका तेजी से बदल रहे हैं। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध से यह साफ हो गया है कि आने वाले समय में लड़ाइयों में सस्ते, बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जा सकने वाले और मानव रहित हथियारों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। अमेरिकी कांग्रेस की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सामने पेश हुए अमेरिकी सेना के सचिव डैनियल ड्रिस्कॉल ने कहा कि युद्ध का स्वरूप बहुत तेज गति से बदल रहा है और जो सेनाएं खुद को समय के हिसाब से नहीं बदलेंगी, वे पीछे छूट जाएंगी।

ड्रिस्कॉल ने कहा, 'ड्रोन इंसानों के बीच युद्ध करने के तरीके को पूरी तरह बदल रहे हैं। इतिहास में इतनी तेजी से बदलाव पहले कभी नहीं देखा गया। ये सस्ते होते हैं, जरूरत के



हिसाब से बदले जा सकते हैं, बेहद सटीक होते हैं और कई तरह के काम कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अब तेजी से ऐसे सिस्टम विकसित कर रही है जिनमें एआई, ऑटोमेटेड तकनीक और आधुनिक कमांड सिस्टम शामिल हों। खासतौर पर अमेरिका भविष्य में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संभावित संघर्षों को ध्यान में रखकर तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी सेना के 2027 के बजट पर संसद में तीखी सुनवाई हुई। इसी दौरान अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी संसद को दी। इस दौरान दोनों दलों के प्रतिनिधियों ने भी यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए माना कि सस्ते ड्रोन अब निगरानी, दुश्मन को निशाना बनाने और बड़े हमलों में बेहद अहम भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी सेना के जनरल क्रिस्टोफर लानेव ने कहा कि सेना यूक्रेन और मध्य पूर्व के युद्धों से मिले अनुभवों के आधार पर अपनी ट्रेनिंग और युद्ध रणनीति तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा, 'हम यूक्रेन और ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम से बहुत कुछ सीख रहे हैं। इन अनुभवों को अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से सेना की ट्रेनिंग और रणनीति में शामिल किया जा रहा है।' अमेरिकी सेना ने 'ऑपरेशन जेलब्रेक' नाम से एक बड़ा प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। यह फोर्ट कार्सन में चल रहा है। यहां रक्षा कंपनियां और सेना के इंजीनियर मिलकर ऐसी सॉफ्टवेयर बाधाओं को हटाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनकी वजह से अलग-अलग सैन्य सिस्टम आपस में युद्ध संबंधी जानकारी आसानी से साझा नहीं कर पाते। ड्रिस्कॉल ने कहा कि अमेरिका के कई सैन्य सिस्टम अभी भी अलग-अलग बंद ढांचे की तरह काम करते हैं, जिससे जरूरी जानकारी तुरंत साझा करने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा, 'जो भी सिस्टम कोई जानकारी तैयार करे, वह जानकारी अमेरिकी सेना तक कहीं भी तुरंत पहुंचनी चाहिए।' सेना सचिव ने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य के ड्रोन युद्धों में केवल इंसानी क्षमता काफी नहीं होगी। ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक हमलों का जवाब देने के लिए एआई की मदद जरूरी होगी। उन्होंने कहा, 'अगर एक साथ बड़ी संख्या में ड्रोन हमला करें, तो इंसान अकेले इतनी तेजी से प्रतिक्रिया नहीं दे सकता।' इस दौरान अमेरिकी सांसदों ने यह सवाल भी उठाया कि क्या अमेरिकी सेना वास्तव में ड्रोन युद्ध को गंभीरता से ले रही है, क्योंकि छोटे ड्रोन खरीदने के लिए प्रस्तावित बजट पिछले वर्षों की तुलना में कम दिखाई दे रहा है। सांसद यूजीन विंडमैन ने इस मुद्दे पर चिंता जताई। इस पर ड्रिस्कॉल ने कहा कि अमेरिका की रणनीति अभी लाखों ड्रोन जमा करने की नहीं है। उसकी कोशिश ऐसा औद्योगिक ढांचा तैयार करने की है।

## लकड़ी मिल में भीषण आग और जोरदार विस्फोट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मेन राज्य में शुक्रवार को एक लकड़ी मिल में भीषण आग और जोरदार विस्फोट हो गया। इस हादसे में एक फायरफाइटर की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक हादसा मेन के मिडकोस्ट इलाके में स्थित रॉबिन्स लंबर मिल में हुआ। जानकारी के अनुसार मिल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़ी संख्या में फायर ब्रिगेड और बचाव दल मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान मिल का एक बड़ा साइलो अचानक फट गया, जिससे हालात और गंभीर हो गए। बाद में एक फायरफाइटर का शव घटनास्थल से बरामद किया गया। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पोर्टलैंड के मेन मेडिकल सेंटर में 10 लोगों का इलाज चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। रॉबिन्स लंबर कंपनी 1881 से चल रही पारिवारिक कंपनी है और मेन राज्य की बड़ी लकड़ी कंपनियों में गिनी जाती है।

# नगर परिषद और बेरमो प्रखंड कार्यालय का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित कर्मियों पर सख्ती, स्पष्टीकरण के साथ अगले आदेश तक वेतन स्थगन का दिया निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने फुसरो नगर परिषद एवं बेरमो प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं, कार्यालय व्यवस्था एवं जनहित से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, सीवरेज व्यवस्था, पार्क निर्माण, अभिलेख संधारण एवं कार्यालय संचालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए गए कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण पूछने एवं अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।

**लीगल असिस्टेंट, रेवेन्यू इंस्पेक्टर और स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर से मांगा जवाब**

नगर परिषद कार्यालय निरीक्षण के दौरान लीगल असिस्टेंट, रेवेन्यू इंस्पेक्टर एवं स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने तथा अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है और बिना सूचना अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को नियमित उपस्थिति एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**एसटीपीः दोनों प्लांट कार्यशील, दामोदर नदी संरक्षण को दिए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कार्यपालक पदाधिकारी श्री राजीव रंजन ने बताया कि दोनों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्तमान में फंक्शनल स्थिति में हैं तथा नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने दामोदर नदी में डिसेल्टिंग चैंबर निर्माण एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

**मानसून पूर्व सफाई अभियान तेज करने का दिया निर्देश – कहीं भी जलजमाव की स्थिति नहीं हो**

उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे साफ-सफाई कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिन एवं रात दोनों समय नियमित सफाई क्षेत्र में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मानसून आगमन से पूर्व सभी बड़े एवं छोटे नालों की व्यापक सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि एक समग्र कार्ययोजना बनाकर युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए ताकि बरसात के दौरान शहर में जल जमाव की समस्या उत्पन्न नहीं हो। उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों को जल निकासी की समस्या से राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**अमृत – फॉरेस्ट हेरिटेज पार्क निर्माण पर दिया जोर**

नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में अमृत पार्क निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मकौली क्षेत्र में भूमि चिन्हित कर वन विभाग के समन्वय से अमृत -फॉरेस्ट हेरिटेज पार्क विकसित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पार्क का निर्माण प्राकृतिक सौंदर्य एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया जाए। पार्क परिसर में टेराकोटा आधारित बैठने की व्यवस्था, आकर्षक पाथवे, हरियाली, नक्षत्र वन एवं औषधीय पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**पेयजल व्यवस्था की समीक्षा – खराब चापाकलों की त्वरित मरम्मत के लिए करें टीम गठित**

उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यरत एवं खराब पड़े चापाकलों की स्थिति की जानकारी ली तथा मौके पर ही नगर परिषद द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर फोन कर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विशेष टीम गठित कर खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी एवं मानसून के मौसम में लोगों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़े, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**अभिलेख संधारण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त – कैश बुक, ऑडिट रिपोर्ट और रजिस्टरों का किया निरीक्षण**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने नगर परिषद कार्यालय के कैश बुक, ऑडिट रिपोर्ट, इंडेक्स पंजी, आगत-निर्गत पंजी, चेक बुक रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी पंजी एवं अभिलेखों को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करें। उपायुक्त ने कहा कि कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अभिलेखों का नियमित संधारण अत्यंत आवश्यक है।

**बेरमो प्रखंड कार्यालय का भी किया निरीक्षण, समयपालन और आमजनों से बेहतर व्यवहार पर दिया जोर**

नगर परिषद निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बेरमो प्रखंड कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों का परिचय प्राप्त किया तथा उपस्थिति विवरणी की जांच की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से समय पर कार्यालय आने, उपस्थिति दर्ज करने तथा आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी कर्मी के खिलाफ आमजनों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाना, जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त**

मौके पर उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) श्री मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी (सीओ) श्री संजीत कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी श्री राजीव रंजन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट को स्वदेशी जहाज निर्माण स्टील के लिए लॉयड्स रजिस्टर प्रमाणन प्राप्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के समुद्री क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए बोकारो स्टील प्लांट (बीएसपी) ने समुद्री उपयोग के लिए सामान्य एवं उच्च शक्ति वाले शिपबिल्डिंग ग्रेड स्टील के लिए लॉयड्स रजिस्टर का प्रमाणन प्राप्त किया है. 13 मई 2026 को प्राप्त अंतिम प्रमाणन के साथ यह विस्तृत तकनीकी विकास एवं योग्यता कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ. इस प्रमाणन के अंतर्गत एलआर ग्रेड ई स्टील के साथ ग्रेड ए, बी और डी को शामिल किया गया है. वहीं उच्च शक्ति वाले एलआर ईएच40 स्टील के तहत एएच27एस, एएच32, एएच32, एएच40, डीएच 27एस, डीएच32, डीएच36, डीएच40, ईएच27एस, ईएच32 और ईएच36 ग्रेड को स्वीकृति प्रदान की गई है. योग्यता प्रक्रिया के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप वेल्डिंग प्रक्रियाओं, वेल्डर योग्यता तथा विकसित स्टील ग्रेड के लिए उपयुक्त वेल्डिंग कंज्यूमेबल्स के चयन को सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती रही. इसके लिए व्यापक तकनीकी मूल्यांकन, दस्तावेजीकरण, वेल्डिंग परीक्षण एवं प्रक्रियागत सुधार किए गए ताकि समुद्री अनुप्रयोगों के लिए लॉयड्स रजिस्टर की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. जीटीएडब्ल्यू एमएडबल्यू, जीएमएडब्ल्यू और एस ए डब्ल्यू सहित विभिन्न वेल्डिंग प्रक्रियाओं का कठोर परीक्षण एवं अनुकूलन किया गया. लॉयड्स रजिस्टर की तकनीकी टिप्पणियों एवं सुझावों के आधार पर प्रक्रियाओं में आवश्यक सुधार भी किए गए. सतत तकनीकी प्रयासों और वेल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट जैसी संस्थाओं के साथ समन्वय के माध्यम से सभी महत्वपूर्ण योग्यता मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया. इस पूरी प्रक्रिया में सेल-आरडीसीआईएस ने बोकारो स्टील प्लांट की रिसर्च एंड कंट्रोल लेबोरेटरी के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मानकों को पूरा करने में उल्लेखनीय योगदान दिया. यह उपलब्धि भारत की स्वदेशी क्षमता को और मजबूत करेगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित शिपबिल्डिंग स्टील का घरेलू उत्पादन बढ़ेगा तथा आयात पर निर्भरता कम होगी. साथ ही यह देश की बढ़ती समुद्री अवसंरचना आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहायक साबित होगी. इस सफलता के साथ स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रणनीतिक क्षेत्रों के लिए मूल्यवर्धित विशेष स्टील विकसित करने की क्षमता को भी मजबूती मिली है, जो राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ी कीमतों को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के नया मोड़ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जवाहरलाल महथा के नेतृत्व में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी और पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता परेशान है। अगर केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर सकती तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान नीट की परीक्षा नीट परीक्षा को लेकर भी सरकार पर जमकर हमला किया गया। छात्रों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया।




### सरस्वती शिशु मंदिर में क्रिएटिव वेस्ट मैनेजमेंट एक्टिविटी का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी बोकारो में क्रिएटिव वेस्ट मैनेजमेंट एक्टिविटी के तहत कक्षा द्वितीय से द्वादश तक के भैया-बहनों के बीच प्रतियोगिता हुई । जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के भैया बहनों ने अलग-अलग वेस्ट मटेरियल से अपनी कलाकृतियों को बनाकर उसका प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि रचनात्मक अवशिष्ट प्रबंधन गतिविधि के तहत विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधि आवश्यक है । ताकि बालक बेकार पड़ी वस्तुओं से भी कुछ रचनात्मक करने की सोचें और उनके अंदर एक रचनात्मक दिमाग की उत्पत्ति हो । इस प्रकार की गतिविधि से बालकों के अंदर कबाड़ से जुगाड़ जैसे क्रियाकलापों को प्रोत्साहन मिलता है। इस कार्यक्रम की प्रमुख विद्यालय की आचार्य रजनी भूत कुमारी मुंडा ने बताया कि सभी बालक इस प्रकार के क्रियाकलाप से काफी प्रसन्न है और उनके अंदर भी कबाड़ से जुगाड़ जैसे रचनात्मक अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधि के लिए नई सोच पनप रही है। आज की प्रतियोगिता में बच्चों ने मूंगफली के छिलकों पेंसिल के छिलकों आदि से जो कलाकृति बनाई है वह अद्वितीय है। सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित होकर इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। सभी काफी उत्सुक और उत्साहित हैं ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।



### महंगाई के खिलाफ जेएमएम का साइकिल जुलूस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर कमेटी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गोविंद मार्केट से कुमीडीह तक निकाले गए साइकिल जुलूस में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर कमेटी की ओर से आयोजित इस साइकिल जुलूस का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने किया। कार्यकताओं ने मोटर वाहनों का इस्तेमाल छोड़ साइकिल चलाकर यह संदेश दिया कि बढ़ती महंगाई ने आम और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीना मुश्किल कर दिया है। जुलूस के दौरान मंटू यादव ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से रसोई से लेकर परिवहन तक हर चीज महंगी हो गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हैं, तब देश में ईंधन के दाम क्यों बढ़ रहे हैं। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार से बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की। झामुमो नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आंदोलन आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।



### सीबीएसई 10+2 में धनबाद के कई छात्रों ने किया उल्लेखनीय प्रदर्शन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आई.सी.एस.ई. और झारखंड बोर्ड के बाद अब सी.बी.एस.ई. द्वारा जारी 10+2 के परिणामों में भी गोल धनबाद के अनेक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। विदित हो कि इस वर्ष सी.बी.एस.ई. द्वारा जारी 10+2 परीक्षा परिणामों में पिछले वर्षों की तुलना में कॉपियों की जांच अधिक कड़ाई से की गई है। इसके परिणामस्वरूप इस वर्ष पूरे देश में सफलता का प्रतिशत भी कम रहा है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना काबिले-तारीफ है। सफल छात्रों में कृष्णा गोयल ने केमिस्ट्री में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल के टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, जबकि रिद्धिमा ने बायोलॉजी में 100 में 98 अंक प्राप्त किए।

### वट वृक्ष की पूजा में उमड़ा सुहागिनों का जनसैलाब



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली सी ब्लॉक देवी स्थान के पास स्थित वट वृक्ष में शनिवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही लाल, पीली और हरी साड़ी में सजी महिलाएं वट वृक्ष के पास पहुंचीं और कच्चा सूत सात बार लपेटकर पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने जल, फल और फूल अर्पित कर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी।

# उपायुक्त ने बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, 15 दिनों में मॉड्यूलर ओटी शुरू करने का दिया निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं एवं अस्पताल प्रबंधन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, रेडियोलॉजी, मेडिसिन स्टोर रूम, एमटीसी सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लिया।

**ओपीडी में मरीजों की संख्या की ली जानकारी**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ओपीडी में पहुंचे मरीजों एवं उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। उपस्थित ऑपरेटर ने बताया कि निरीक्षण के समय तक 102 मरीजों ने इलाज के लिए पर्ची कटवाई थी। उपायुक्त ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, पंजीकरण व्यवस्था एवं उपचार प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कहा कि अस्पताल आने वाले सभी मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने ब्लड सैंपल रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जानकारी दी गई कि अब तक 12 सामान्य मरीजों एवं 8 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई है।

**अस्पताल के विभिन्न वार्डों का लिया जायजा – इमरजेंसी, रेडियोलॉजी और मेडिसिन स्टोर की व्यवस्था जांची**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रेडियोलॉजी विभाग, मेडिसिन स्टोर रूम एवं एमटीसी (कुपोषण उपचार केंद्र) सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। अस्पताल प्रबंधन को नियमित मॉनिटरिंग एवं बेहतर व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

**मॉड्यूलर ओटी का लिया जायजा – 15 दिनों के भीतर संचालन शुरू करने का निर्देश**

उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में तैयार मॉड्यूलर ओटी रूम, प्री-ओटी एवं पोस्ट-ओटी कमरों का भी निरीक्षण किया। चिकित्सक डॉ. अनीता मुर्मू ने बताया कि मॉड्यूलर ओटी लगभग तैयार है तथा केवल टावर एवं विद्युत कनेक्शन के बाद इसका संचालन शुरू किया जा सकता है। इस पर उपायुक्त ने मौके पर ही प्रखंड विकास पदाधिकारी बेरमो श्री मुकेश कुमार को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए 15 दिनों के भीतर मॉड्यूलर ओटी का संचालन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर शुरू होने से स्थानीय मरीजों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता भी कम होगी।

**मेडिसिन स्टोर रूम का किया निरीक्षण – एक्सपायरी दवाओं का एसओपी के तहत हो डिस्पोजल**

उपायुक्त ने मेडिसिन स्टोर रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता एवं रखरखाव की जानकारी ली। इस दौरान एक्सपायरी दवाओं को अलग से चिन्हित करते हुए एसओपी अनुरूप डिस्पोजल का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दवा प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा नियमित रूप से दवाओं की मॉनिटरिंग की जाए। उधर, निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में नवनिर्मित एसआरएल लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लैब में स्थापित किए जाने वाले उपकरणों एवं मशीनों की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारियों को मशीनों का अधिष्ठापन कर जल्द से जल्द लैब का संचालन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।

# केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमेटी ने रणधीर वर्मा चौक पर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, पेट्रोल-डीजल, दूध एवं सीएनजी गैस की लगातार बढ़ती कीमतों तथा आम जनता की समस्याओं के प्रति केंद्र सरकार की उदासीनता के विरोध में प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, दूध एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि से गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम वर्ग एवं छोटे व्यापारियों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार पूरी तरह जनविरोधी सरकार साबित हुई है। केंद्र सरकार देश की संपत्तियों एवं सार्वजनिक उपक्रमों को अपने करीबी उद्योगपति मित्रों के हाथों सौंपने का कार्य कर रही है, जिससे जनता अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता त्राहि-त्राहिमाम कर रही है, लेकिन केंद्र सरकार जनता की समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए केवल प्रचार-प्रसार और इवेंट राजनीति में व्यस्त है। केंद्र सरकार से अविलंब बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने, महंगाई पर नियंत्रण करने तथा आम जनता को राहत देने की मांग की। कार्यक्रम में शमशेर आलम, सीता राणा, मुख्तार खान, मनोज यादव, नवनीत नीरज, अख्तर खान गुड्डू, लक्ष्मन तिवारी, प्रीतम रवानी, क्यूम खान, शाहीद कमार, , बिलकिस खानम, भोलानाथ सिंह, करीम अंसारी, आदित्य आनंद , राजेश राम, सतपाल सिंह ब्रोका, कालीचरण यादव, संतोष चौधरी, महेंद्र दुबे, जोगिंदर सिंह जोगी, जहीर अंसारी, मंटु दास, गोपाल कृष्ण चौधरी सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

# बीएसएल के मानव संसाधन एवं विकास केंद्र में उद्योग-शैक्षणिक सहयोग पर कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 'उद्योग-शैक्षणिक संस्थान सहयोग की संभावनाओं की खोज' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला-सह-चर्चा मंच का आयोजन एचआर-एल एंड डी सेंटर के कॉन्फ्रेंस कक्ष संख्या-01 में किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगझसंस्थान साझेदारी को सुदृढ़ करना, विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता एवं व्यावहारिक अनुभव को बढ़ाना, संयुक्त कार्यक्रमों, संकाय संवाद, औद्योगिक भ्रमण तथा ज्ञान-साझाकरण पहलों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल देना तथा उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के मध्य सहयोग, ज्ञान-साझाकरण एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करना था. कार्यशाला के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं। इनमें झारखंड सरकार टूल रूम, आईटीआई- गोला, सरला बिड़ला विश्वविद्यालय, गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी तकनीकी परिसर, सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय, इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईआईटी-आईएसएम) धनबाद तथा आईटीआई, बोकारो (झारखंड सरकार) शामिल थे. कार्यक्रम के दौरान कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, अनुप्रयुक्त अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार के क्षेत्रों में संयुक्त पहल की आवश्यकता पर बल दिया गया. साथ ही, विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने एवं उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के मध्य सतत सहभागिता को आवश्यक बताया गया. इस अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप, अनुप्रयुक्त अनुसंधान एवं परामर्श, तकनीकी विकास तथा नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. इसके अतिरिक्त, उभरती तकनीकी एवं औद्योगिक चुनौतियों के समाधान हेतु उद्योग विशेषज्ञों एवं शैक्षणिक संस्थानों के मध्य निरंतर सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षण, नवाचार, स्थिरता एवं डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्रों में अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक सहयोग की रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया.

# चास के भोलूर बांध मैदान में हिंदू सम्मेलन आज, तैयारी पूरी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास स्थित भोलूर बांध मैदान, रामनगर कालोनी में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के संयोजक रूद्रदेव उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजन समिति की कल होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारी संबंधी बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि रामनगर कालोनी, भोजपुर कालोनी, गुजरात कालोनी, कैलाश नगर एवं मेन रोड में निवास करने वाले सभी सनातनी परिवार के प्रत्येक जन इस सम्मेलन में अपनी भागीदारी कर सकें, इस निमित्त आयोजन समिति के सदस्यगण टोली सह पिछले कई दिनों से घर-घर संपर्करत हैं। इसे आज एवं कल दिन में और भी सक्रियता से संपर्क सघन करना है। विदित है कि इस हिंदू सम्मेलन में जहां एक ओर 11 धुनों में हनुमान चालीसा का पाठ एवं भारत माता आरती किया जाएगा वहीं रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इससे हम सभी सनातनियों के आध्यात्मिक ज्ञान का संवर्धन तो होगा ही वहीं हम सभी को प्रभु राम के जीवन आदर्शों को भी जानने समझने का एक अद्भुत अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही कलाकारों भक्तिमय भजन गायन होगा। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर समाज के लिए कुछ ना कुछ योगदान देने वाले वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इस सम्मेलन की उपयोगिता से संबंधित उच्च स्तरीय उद्बोधन होगा जो निश्चित रूप से सहभागी जनों को जहां प्रेरित करेगा। साथ ही दूसरे के प्रति सहयोगात्मक भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा।

# जिले में पार्याप्त मात्रा में पेट्रोल झ डीजल का भंडारण, अफवाहों पर नहीं दें ध्यानः उपायुक्त

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई, शरारती तत्वों पर है पुलिस प्रशासन की नजर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। जिले में अनिवार्य सेवा,कृषि कार्यों तथा आम नागरिकों के वाहनों की जरूरतों को देखते हुए अगले दोझतीन माह के लिए पर्याप्त स्टॉक सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य रूप से ईंधन का उपयोग करें।

**आइओसीएल, एचपीसीएल – बीपीसीएल प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक**

गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त ने आइओसीएल, एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले में ईंधन आपूर्ति एवं भंडारण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आवश्यक निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) शालिनी खालको, डीपीआरओ रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, आइओसीएल के त्रीतेश कुमार, एचपीसीएल के उज्जवल कुमार, बीपीसीएल के राम चंद्रा आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों से जिले में पेट्रोल पंपों की जानकारी ली। जिस पर प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में कुल 132 पेट्रोल पंप हैं, जिसमें आइओसीएल के 70, बीपीसीएल के 23, एचपीसीएल के 29, जियो के 03 एवं नायरा के 07 शामिल है।

**सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत जानकारी, भ्रामक पोस्ट अथवा फर्जी रिल बनाकर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीओ) एवं साइबर थाना प्रभारियों को सोशल मीडिया गतिविधियों की लगातार मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति, इंफ्लूएंसर या समूह द्वारा गलत सूचना प्रसारित कर आमजन में भ्रम या दहशत फैलाने का प्रयास किया गया तो संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**तेल टैंकरों का अनावश्यक ठहराव पर होगी कार्रवाई**

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि डिपो से निकलने वाले तेल टैंकर बोकारो जिले में कहीं भी बेवजह नहीं रुकेंगे। सभी टैंकर सीधे अपने निर्धारित गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित टैंकर चालकों/तेल कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**उड़न दस्ता टीम गठित करने का निर्देश**

उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) को निर्देश दिया कि ईंधन परिवहन एवं वितरण की नियमित निगरानी के लिए उड़न दस्ता टीम का गठन किया जाए। यह टीम विभिन्न स्थलों पर जांच कर सुनिश्चित करेगी कि कहीं भी अनावश्यक जमाव, कालाबाजारी या आपूर्ति में बाधा उत्पन्न नहीं हो।

**आमजनों से सहयोग का किया अपील**

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। आमजन से सहयोग एवं संयम बनाए रखने की अपील की है, ताकि जिले में ईंधन आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com